दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ | 2 | छत्तीसगढ़ | 6 | अभिव्यक्ति | 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-आमवस्या, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 11 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

सबरीमाला में महिलाओं के साथ भेदभाव, नौ जजों की पीठ गठित, 14 मार्च तक जमा होंगे दलील, 7 अप्रैल से सुनवाई

नई दिल्ली(ए.)। सुप्रीम कोर्ट की 9-न्यायाधीशों की बेंच 7 अप्रैल से धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के भेदभाव के मामलों पर सुनवाई शुरू करेगी। इस मामले में प्रमुख रूप से केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि सभी पक्ष अपनी लिखित दलीलें 14 मार्च तक जमा करें।

केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले की समीक्षा का समर्थन करते हैं। बेंच में मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली शामिल हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ वकील परमेश्वर और शिवम सिंह को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त किया है, ताकि न्यायालय को आवश्यक मार्गदर्शन और पक्षों की दलीलों का विश्लेषण प्रदान किया जा सके। कोर्ट में सुनवाई 22 अप्रैल तक पूरी की जाएगी।

सुनवाई से पहले बढ़ी सियासी हलचल

यह मुद्दा इसलिए फिर सामने आया है क्योंकि सुप्रीम कोर्ट सोमवार को 2018 के फैसले से जुड़े रिव्यू और रिट याचिकाओं पर विचार करने वाला है। उस फैसले में हर उम्र की महिलाओं को भगवान अयप्पा के मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई थी। विपक्षी कांग्रेस का कहना है कि सरकार को अदालत में जाने से पहले जनता को अपना रुख साफ-साफ बताना चाहिए। उनका आरोप है कि सरकार इस संवेदनशील मुद्दे पर अब तक असमंजस की स्थिति में है। 11 मई 2020 को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पांच-न्यायाधीशों की बेंच सीमित समीक्षा शक्तियों के तहत कानून के सवालों को बड़े बेंच को भेज सकती है। 2018 के सबरीमाला फैसले ने सभी उम्र की महिलाओं के मंदिर प्रवेश को अनुमति दी थी।सुप्रीम कोर्ट ने धार्मिक स्वतंत्रता और संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के दायरे पर सात प्रमुख सवाल भी तैयार किए हैं। इसमें यह भी स्पष्ट किया गया कि धार्मिक समूह या संप्रदाय की प्रथाओं को किसी अन्य व्यक्ति द्वारा पीआईएल (जनहित याचिका) के माध्यम से चुनौती दी जा सकती है या नहीं। सबरीमाला मामले के अलावा बेंच ने मस्जिदों और दरगाहों में मुस्लिम महिलाओं के प्रवेश और पारसी महिलाओं के अगियारी (पवित्र अग्नि स्थल) में प्रवेश से जुड़े मुद्दों को भी बड़े बेंच के समक्ष भेजा है।

ग्राम सभाओं का फैसला सही, हाईकोर्ट के फैसले पर मुहर

रायपुर-नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने ग्राम सभाओं द्वारा गांव के प्रवेश द्वारों पर लगाए गए होर्डिंग- नोटिस बोर्डों के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी। इनमें ईसाई पास्टर्स और धर्मांतरित लोगों प्रवेश पर रोक का उल्लेख था। जस्टिस विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले के पैरा 34 का हवाला देते करते हुए याचिकाकर्ता से मूल प्रार्थनाओं पर ध्यान दिलाया और अपील खारिज कर दी। ऐसे में ग्राम सभाओं के पक्ष में फैसला बरकरार रहा। इस फैसले को ग्राम सभाओं की बड़ी कानूनी जीत माना जा रहा है। दरसअल, यह मामला कांकेर जिले की अनेक पंचायतों में लगाए गए उन बोर्डों से जुड़ा था। जिनमें ईसाई धर्म प्रचारकों के गांव में प्रवेश पर निषेध का उल्लेख करते हुए रोक लगाई गई थी। ग्राम सभाओं का तर्क था कि गांवों में जबरन या प्रलोभन देकर धार्मिक परिवर्तन (कन्वर्ज़न) की आशंका को रोकने तथा अपनी परंपराओं के संरक्षण के लिए यह कदम उठाया गया है।

न्यूज गैलरी

गुजरात के 32 स्कूलों में बम की धमकी

अहमदाबाद (ए.)। गुजरात के 32 स्कूलों में ईमेल के जरिए बम की धमकी दी गई है। वडोदरा के 17 और अहमदाबाद के 15 स्कूल शामिल हैं। ईमेल में लिखा गया कि गुजरात खालिस्तान बन जाएगा, हिंदुस्तान टुकड़ों में बंट जाएगा। जानकारी सामने आते ही पैरेंट्स तुरंत स्कूल पहुंचे और बच्चों को वापस ले आए। बम निरोधक दस्ते ने स्कूलों में तलाशी शुरू कर दी है। फिलहाल स्कूलों को खाली करा लिया गया है। और वाहनों व स्कूल परिसरों की जांच की जा रही है। एहतियात के तौर पर वडोदरा के उर्मी स्कूल के छात्रावास को भी खाली करा लिया गया है।

अबू सलेम की रिहाई याचिका खारिज

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 1993 मुंबई सीरियल ब्लास्ट के दोषी अबू सलेम को कोई राहत नहीं दी। कोर्ट ने रिहाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि आपने समाज के लिए कोई नेक काम नहीं किया है। आपको टाडा (टेररिस्ट एंड डिसरप्टिव एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट) के तहत दोषी ठहराया गया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने अबू सलेम को हाईकोर्ट का रुख करने की सलाह दी। कोर्ट ने कहा- बॉम्बे हाईकोर्ट ने केवल अंतरिम राहत देने से इनकार किया है। ऐसे में सलेम को हाईकोर्ट में ही अंतिम बहस करनी चाहिए।

श्रीलंका में भारत के 25 मछुआरे गिरफ्तार

चेन्नई (वार्ता)। तमिलनाडु के 25 मछुआरों को सोमवार को श्रीलंका की नौसेना ने पाक जलडमरुमध्य क्षेत्र में मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया।' जानकारी के अनुसार मछुआरे दो मशीन वाली नावों में कल रात समुद्र में उतरे थे और अपने पारंपरिक पानी में मछली पकड़ रहे थे, तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें रोक लिया। मछुआरों को अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के बाद श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया और उन्हें कांकेसंथुराई तट ले जाया गया।

जमानत पर रिहा हुए राजपाल यादव

नई दिल्ली/ए.। अभिनेता राजपाल यादव को आखिरकार दिल्ली हाईकोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई है। वे पिछले 11 दिनों से तिहाड़ जेल में बंद थे, जहां उन्हें कई चेक बाउंस मामलों में आत्मसमर्पण करने का आदेश मिला था। अदालत ने उन्हें पहले 16 फरवरी तक 1.5 करोड़ रुपये जमा करने का समय दिया था, वहीं एक्टर ने इस रकम का भुगतान किया जिसके बाद वह सोमवार को जेल से बाहर आए।

बांग्लादेश में चुनाव के बाद भी हिंसा जारी

ढाका/ए.। बांग्लादेश में चुनाव के नतीजे घोषित किए जाने के बाद से देश के अलग-अलग हिस्सों में हिंसा देखने को मिली। पांच जिलों में चुनाव के बाद हिंसा की बढ़ती घटनाओं के बीच कम से कम नौ लोग घायल हो गए और एक घर में आग लगा दी गई। हिंसा बढ़ने के साथ ही शनिवार रात को नटोर जिले के लालपुर उपजिला में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकर्ताओं के दो समूहों के बीच हुई झड़प में छह लोग घायल हो गए।

ग्लोबल एआई मंच पर भारत का शक्ति प्रदर्शन, 100 से ज्यादा देशों से डेलिगेट दिल्ली पहुंचे

वैश्विक विकास में अहम योगदान दे रहा हमारा भारत: पीएम मोदी

■ **इंडिया-एआई इंपैक्ट समिट के उद्घाटन से पहले पीएम मोदी ने कहा- यह हमारे लिए गर्व की बात**

नई दिल्ली (ए.) नई दिल्ली में सोमवार से चार दिवसीय 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' की शुरुआत होगी, जिसमें दुनियाभर के दिग्गज हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गर्व करते हुए कहा कि इससे हमारे देश के युवाओं के सामर्थ्य का पता चलता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के लिए दुनियाभर से लोग भारत आ रहे हैं। इससे हमारे देश के युवाओं के सामर्थ्य का भी पता चलता है। यह अवसर इस बात का भी प्रमाण है कि हमारा देश विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और वैश्विक विकास में अहम योगदान दे रहा है। 100 से ज्यादा देशों से डेलिगेट दिल्ली पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम 5 बजे दिल्ली के भारत मंडपम में 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन 16 से 20 फरवरी तक किया जाएगा।

पीएम मोदी ने संस्कृत सुभाषित भी किया शेयर

पीएम मोदी ने संस्कृति सुभाषित भी शेयर किया है। उन्होंने लिखा, दाने तपसि शौर्ये च विज्ञानं विनये नये। विस्मयो न हि कर्तव्यो बहुरत्ना वसुन्धरा।

■ **दिल्ली में 16 से 20 फरवरी तक 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026'**

सुभाषित में क्या कहा गया?

सुभाषित में कहा गया है, दान, तप, शौर्य, विज्ञान, विनय और नेतृत्व के संसार में सदैव उत्कृष्ट से उत्कृष्टतर उदाहरण प्राप्त हो जाते हैं, क्योंकि यह पृथ्वी अनेक अनमोल रत्नों से भरी है। अत: विज्ञान व प्रविधि आदि के क्षेत्रों में नित नए आविष्कारों तथा नवाचारों पर किसी को विस्मय नहीं होना चाहिए।

सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय थीम

प्रधानमंत्री ने आगे कहा, 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' थीम पर आधारित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट मानव केंद्रित प्रगति और समावेशी विकास के लिए एआई का उपयोग करने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक एआई परिवर्तन में भारत के नेतृत्व का ज़िक्र करते हुए कहा कि 1.4 अरब जनसंख्या की शक्ति, मजबूत डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, तेज़ी से बढ़ते स्टार्टअप इकोसिस्टम और हाई-टेक रिसर्च की वजह से भारत एआई परिवर्तन में दुनिया में सबसे आगे खड़ा है।

'जिंदगी बदल रहा एआई'

पीएम मोदी ने एक्स पर एक थ्रेड पोस्ट साझा करते हुए लिखा, एआई पर चर्चा करने के लिए पूरी दुनिया इकट्ठा हो रही है। दिल्ली के भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन हो रहा है। आज एआई स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि, शासन और उद्यम सहित कई सेक्टरों में बदलाव ला रहा है।' उन्होंने कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट एआई के विविध पहलुओं जैसे नवाचार, सहयोग, जिम्मेदार उपयोग आदि पर वैश्विक चर्चा को समृद्ध करेगा। मुझे विश्वास है कि शिखर सम्मेलन के परिणाम एक प्रगतिशील, नवोन्मेषी और अवसर-उन्मुख भविष्य को आकार देने में सहायक होंगे।

केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग 8 मजदूर जिंदा जले, कई घायल

भिवाड़ी/ए.। राजस्थान के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा करौली इंडस्ट्रियल एरिया में सोमवार को एक केमिकल फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि 8 मजदूर जिंदा जल गए। प्रशासन ने सभी शवों को बाहर निकाल लिया है, जबकि दो मजदूर अब भी अंदर फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के समय फैक्ट्री में करीब 25 मजदूर काम कर रहे थे।

हादसे की जांच शुरू: मौके पर तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह भी मौजूद रहे और उन्होंने हादसे की जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जांच में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि केमिकल रिएक्शन या शॉर्ट सर्किट की वजह से आग भड़की हो सकती है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि जांच रिपोर्ट के बाद ही होगी। प्रशासन ने घायलों को अस्पताल भिजवाया है और फैक्ट्री प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी को लेकर सवाल उठा रहे हैं।

आग पर काबू, सात शव बरामद

घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है। एडीएम सुमिता मिश्रा के अनुसार, पुलिस को गश्त के दौरान फैक्ट्री से धुआं उठता दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए आरआईआईसीओ के खुशखेड़ा और भिवाड़ी फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

सीएम हिमंता शूटिंग वीडियो मामले में सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

■ **कोर्ट ने कहा- चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया, इसे प्लेग्राउंड मत बनाइए**

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ वायरल वीडियो पर कार्रवाई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

वीडियो में सीएम को एक खास समुदाय के सदस्यों पर राइफल से निशाना साधते और फायरिंग करते हुए दिखाया गया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की बेंच ने पिटीशनर्स से गुवाहाटी हाई कोर्ट जाने को कहा। हालांकि कोर्ट ने कहा कि चुनाव से पहले कोर्ट का दरवाजा खटखटाना ट्रेंड बन गया है, कोर्ट को प्लेग्राउंड मत बनाइए। असम में आने वाले विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए कोर्ट ने कहा कि समस्या यह है कि चुनाव का एक हिस्सा उससे पहले लड़ा जाता है।



जो कि ठीक नहीं है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट हिमंता के खिलाफ लगाई गई तीन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। दो याचिकाएं सीपीआई (एम) और सीपीआई ने लगाई थीं। तीसरी याचिका असम के चार लोगों ने मिलकर दायर की थीं।

इजरायली पर्यटक से गैंगरेप: तीन आरोपियों को मौत की सजा

कर्नाटक/ए.। इजरायली पर्यटक के साथ बलात्कार और हत्या के आरोपी तीन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है। कर्नाटक के कोप्पल में गंगावती स्थित सत्र न्यायालय ने इजरायली महिला और एक होमस्टे मालकिन के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में तीन लोगों को दोषी ठहराते हुए मौत की सजा सुनाई है। दोषियों की पहचान मल्लेश उर्फ हांडीमल्ला, साई और शरणप्पा के रूप में हुई है। न्यायालय ने 6 मार्च, 2025 को हुई इस घटना में बलात्कार और हत्या का दोषी पाए जाने के बाद सजा सुनाई। इस अपराध ने पूरे देश में सनसनी फैला दी थी।

चुनाव आयोग की सख्ती, अफसरों पर पावर के गलत उपयोग का आरोप

एसआईआर में लापरवाही, चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 7 अधिकारी सस्पेंड किए

■ **मुख्य चुनाव आयुक्त बोले- वोटर लिस्ट का काम बेहद संवेदनशील**

नई दिल्ली (ए.)। चुनाव आयोग (ईसीआई) ने पश्चिम बंगाल में 7 अधिकारियों को सस्पेंड किया है। सभी पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में गंभीर लापरवाही, कर्तव्य की अनदेखी और वैधानिक शक्तियों के दुरुपयोग का आरोप है।

आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को निलंबित अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने के निर्देश भी दिए। आयोग ने कहा है कि वोटर लिस्ट जुड़ा काम बहुत संवेदनशील है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही या अधिकारों के दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी ऐसी लापरवाही पर सख्त एक्शन जारी रहेगा।

सस्पेंड किए अधिकारियों के नाम और पद

- डॉ. सेफाउर रहमान- सहायक निदेशक, कृषि विभाग
- नितीश दास- राजस्व अधिकारी, फरक्का
- डालिया रे चौधरी- महिला विकास अधिकारी,
- मुर्शिद आलम- सहायक कृषि निदेशक
- सत्यजीत दास- संयुक्त बीडीओ
- जॉयदीप कुंडू- एफईओ एवं एईआरओ
- देबाशीष विश्वास- संयुक्त बीडीओ-एईआरओ

'हैमर' हथियार प्रणाली की स्थापना के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले करार

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स ने फ्रांस की सफरान से मिलाया हाथ

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांस की सफ्रान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड डिफेंस (एसईडी) ने 'हैमर' हथियार प्रणाली के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने का समझौता किया है। यह करार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से पहले किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को मुंबई में राष्ट्रपति मैक्रों से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की समीक्षा करेंगे और प्रमुख क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।

बीईएल और एसईडी की हिस्सेदारी: संयुक्त उद्यम की प्रारंभिक अधिकृत शेयर पूंजी एक लाख रुपये (100 रुपये के 1,000 इक्विटी शेयर) होगी, जिसे आवश्यकता के अनुसार बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये तक किया जा सकता है। बीईएल और एसईडी की हिस्सेदारी समान रूप से 50-50 प्रतिशत होगी। निदेशक मंडल में चार निदेशक होंगे। दो को बीईएल नामित करेगी और दो को एसईडी। अध्यक्ष की नियुक्ति नामित निदेशक करेंगे और उन्हें निर्णायक मताधिकार प्राप्त नहीं होगा। संयुक्त उद्यम को मंजूरी देने के लिए निदेशक मंडल की बैठक रविवार को हुई।

प्रौद्योगिकी एवं साझेदारी भागीदार की भूमिका

संयुक्त उद्यम कंपनी अधिनियम के तहत एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में गठित की जाएगा, जिसका पंजीकृत कार्यालय और मुख्य व्यवसाय स्थल पुणे या दोनों पक्षों द्वारा सहमति से तय किसी अन्य स्थान पर होगा। नयी कंपनी एक 'सेंटर ऑफएक्सीलेंस' के रूप में कार्य करेगी और हैमर प्रणाली के गाइडेंस किट (जीके) के निर्माण, आपूर्ति, रखरखाव और मरम्मत के लिए प्रौद्योगिकी एवं साझेदारी भागीदार की भूमिका निभाएगी। इसके प्राथमिक उपयोगकर्ता भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना होंगे, जबकि आवश्यकता अनुसार अन्य भारतीय उपयोगकर्ताओं को भी शामिल किया जा सकता है।

अवैध बम तैयार करते हुए फटा संदिग्ध आरोपी और मां की मौत

■ **कैद हुआ खौफनाक मंजरओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर**

भुवनेश्वर(ए.) ।ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर के सुंदरपाड़ा इलाके में शनिवार को हुए भीषण विस्फोट ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें विस्फोट की भयावहता साफदेखी जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, इस हादसे में दो लोगों की जान चली गई है, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह दर्दनाक घटना सुंदरपाड़ा के आजाद नगर इलाके की है।

सूत्रों के मुताबिक, विस्फोट उस समय हुआ, जब एक घर की छत पर कथित तौर पर विस्फोट सामग्री को हैंडल किया जा रहा था। धमाका इतना शक्तिशाली था कि इसकी गूंज दूर-दराज के इलाकों तक सुनाई दी। धमाके की आवाज सुनकर लोग बदहवास होकर अपने घरों से बाहर निकल आए। पुलिस जांच कर रही है।

जनादेश परब
विश्वास गौरव निर्माण
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
निरंतर सेवा निरंतर विकास
2 साल
इन्वेस्ट छत्तीसगढ़
₹7.83 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव
बढ़ रहे उद्यमिता और रोजगार के अवसर
S - 46810
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
हमसे जुड़ने के लिए QR स्कैन करें

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रायपुर, मंगलवार, 17 फरवरी 2026 | कृष्ण पक्ष-आमवस्या, | विक्रम संवत -2082 / वर्ष-15 अंक- 11 | पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

विधानसभा सत्र: 23 फरवरी से शुरू होगा बजट सत्र, ओपी पेश करेंगे 'विकसित छत्तीसगढ़' का रोडमैप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की साय सरकार अपने कार्यकाल का तीसरा बजट पेश करने की तैयारी में है। विधानसभा का आगामी बजट सत्र 23 फरवरी से राज्यपाल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा।

सत्र के दूसरे ही दिन, यानी 24 फरवरी को वित्त मंत्री ओपी चौधरी सदन में बजट प्रस्तुत करेंगे। यह बजट न केवल वित्तीय लेखा-जोखा होगा, बल्कि इसमें 'विकसित भारत 2047' की तर्ज पर 'विकसित छत्तीसगढ़' का विजन डॉक्यूमेंट और एक स्पष्ट रोडमैप देखने को मिलेगा। आगामी बजट उनकी सरकार का तीसरा बजट होगा, जो नई थीम और नए विजन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। बजट की रणनीति 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप तैयार की गई है। छत्तीसगढ़ बजट को लेकर आम जनता में उत्सुकता है कि इस बार बजट में क्या मिलने वाला है।

बजट सत्र का कार्यक्रम

- **23 फरवरी:** राज्यपाल का अभिभाषण और राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण पेश होगा।
- **24 फरवरी:** वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट प्रस्तुति।
- **25 फरवरी :** राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा की शुरुआत

बजट की मुख्य बातें और विजन

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने स्पष्ट किया है कि इस बार का बजट नई थीम और नए विजन पर आधारित होगा। सरकार ने इसे दो हिस्सों में प्लान किया है।

- **लॉन्ग टर्म प्लान:** साल 2047 तक छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने का लक्ष्य।
- **शॉर्ट टर्म प्लानिंग:** वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए तत्काल विकास कार्य और योजनाएं।

विपक्ष 'आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति' में लगा

ओपी चौधरी ने दावा किया कि विपक्ष केवल 'आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति' कर रहा है, क्योंकि वे सरकार की विकासपरक नीतियों को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार राजीव गांधी योजना के तहत चार किस्तों में जो राशि देती थी, उससे कहीं अधिक राशि वर्तमान सरकार दे रही है। किसानों का जीवन स्तर सुधरा है।

विपक्ष के आरोपों पर चौधरी का पलटवार

कांग्रेस द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर तंज कसते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि पिछली सरकार की तुलना में भाजपा सरकार कहीं अधिक राशि सीधे जनता तक पहुंचा रही है। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना के तहत हर साल लगभग 8000 करोड़ रुपये महिलाओं के खातों में ट्रांसफर किए जा रहे हैं।

आज बेबाक

पाकिस्तान हमेशा भारत को यह कहकर चुनौती देता रहा है कि अब मारा तो मारा, अब मार के देख। भारत फिर मारता है और उसे उसकी दो कौड़ी की औक़ात दिखाता है। फिर वह चाहे जंग का मैदान हो या खेल का मैदान। टी ट्वंटी वर्ल्ड कप के तथाकथित महा मुकाबले में भारत ने पिद्दी पाकिस्तान के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज कर यह साबित कर दिया कि बाप आखिर बाप होता है। पाकिस्तानी क्रिकेटर अब सोच रहे होंगे कि भारत के हाथों इतनी बुरी तरह से मार खाने से तो यही बेहतर होता कि वे इस मुकाबले का बहिष्कार ही कर देते।

अवैध बॉक्साइट खनन पर बलरामपुर में बवाल, एफआईआर दर्ज, एसडीएम सहित चार गिरफ्तार

एसडीएम ने 3 युवकों संग ग्रामीणों को पीटा, बुजुर्ग की मौत, गांव में तनाव

- **ग्रामीणों ने किया भारी हंगामा, सुरक्षा को लेकर गांव में पुलिस बल तैनात**

बलरामपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड के हंसपुर गांव में अवैध बॉक्साइट खनन की जांच के दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि प्रशासनिक टीम पर तीन ग्रामीणों से मारपीट का संगीन आरोप लग गया। घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल बताए गए हैं।

मामले ने राजनीतिक सरगर्मी भी बढ़ा दी है। एसडीएम, तहसीलदास समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। अपराध दर्ज किया गया है। आक्रोश को देखते हुए इधर गांव से लेकर अस्पताल तक भारी पुलिस बल तैनात है। दरअसल, रविवार देर रात राजस्व विभाग की टीम हंसपुर में अवैध बॉक्साइट उत्खनन की सूचना पर पहुंची।

टीम में कुसमी एसडीएम करूण डहरिया, नायब तहसीलदार पारस शर्मा और उनके साथ मौजूद स्थानीय युवक शामिल थे। बताया गया कि जांच के दौरान तीन ग्रामीण- राम नरेश राम (60), अजीत उरांव (60) और आकाश अगरिया (20) सरना के पास मिले, जहां कथित रूप से विवाद बढ़ गया। घायल ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे गेहूं के खेत की सिंचाई कर लौट रहे थे तभी एसडीएम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी: संतोष पांडेय

भाजपा की ओर से राजनांदगांव सांसद और पार्टी प्रवक्ता संतोष पांडे ने कहा कि घटना की जांच जारी है और जांच पूरी होने से पहले किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी तथ्य सामने आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। दोषियों पर कार्रवाई होगी।

यह प्रशासनिक आतंकवाद: भूपेश बघेल

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 'एक्स' पर पोस्ट कर घटना को 'प्रशासनिक आतंकवाद' करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा शासन में प्रशासनिक तंत्र बेलगाम हो गया है और निर्दोष ग्रामीण इसकी कीमत जान देकर चुका रहे हैं। अवैध बॉक्साइट उत्खनन के मुद्दे पर पहले ग्रामीणों ने एक ट्रक पकड़ा था और उसी का परिणाम उन्हें भुगतना पड़ा। उन्होंने राज्य सरकार और अधिकारियों पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का भी आरोप लगाया।

कोई भी हो बख्शा नहीं जाएगा

मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। इस घटना में जो भी शामिल पाया जाएगा, चाहे वह कितना भी बड़ा अधिकारी क्यों न हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घायलों के बयानों का इंतजार कर रही है। इलाके में तनाव को देखते हुए बल तैनात किया गया है। प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।

- **वैभव बैंकर**, एसपी, बलरामपुर

लाल आतंक पर फोर्स का शिकंजा, डंप सामान जब्त

- **सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का डंप किया ध्वस्त, एसएलआर-इंसास सहित कई हथियार बरामद**

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के थाना मैनपुर अंतर्गत ग्राम बड़ोबरा के सामरी पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियारों का बड़ा जखीरा जिला पुलिस बल ने बरामद किया है। ई-30 की एएसपी टीम और डीआरजी जवानों की संयुक्त कार्रवाई में 2 नग एसएलआर, 1 नग इंसास तथा 1 नग 12 बोर हथियार बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार जनवरी 2026 में आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटे माओवादियों से पूछताछ के बाद प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) की ओडिशा राज्य कमेटी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा सामरी पहाड़ी में हथियार डंप किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर जिला मुख्यालय से ई-30 टीम को 16/02/2026 को रवाना किया गया। सर्च ऑपरेशन के दौरान पहाड़ी क्षेत्र से 2 एसएलआर, 1 इंसास, 1 नग 12 बोर, 3 एसएलआर मैगजीन, 1 इंसास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरियाबंद में नक्सली हिंसा में आई कमी

पुलिस बल ने बताया कि इस कार्रवाई से गरियाबंद क्षेत्र में संभावित नक्सली हिंसा की आशंकाओं को काफी हद तक कम किया गया है। यह कार्रवाई वर्ष 2024 से संचालित नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण सफलता मानी जा रही है। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सर्च अभियान आगे भी जारी रहेगा।

न्यूज गैलरी

बेटे की मौत: सदमे में दंपती ने लगाई फांसी

जांजगीर (नवप्रदेश)। जांजगीर- जांपा जिले में इकलौते बेटे की मौत से दुखी होकर पति-पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर के आंगन में लगे पेड़ में दोनों का फंदे पर लटकता शव मिला है। उन्होंने 4 पन्नों का सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें लिखा है कि, हम दोनों पूरे होश में अपनी इच्छा से खुद को शिव में अर्पण कर रहे हैं। इसमें किसी का कोई दोष नहीं है। प्रसन्नचित के साथ विदाई दें।

कब्र से छेड़छाड़ किया कंकाल से सिर गायब

बालोद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में महाशिवरात्रि की रात श्मशान घाट पर तंत्र-मंत्र कर मासूम की कब्र खोदकर कंकाल से सिर निकाल लिया गया। अगले दिन सुबह जब ग्रामीणों ने कब्र की हालत देखी, तो गांव में तनाव फैल गया। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। मामला गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम माहुद-बी का है। दरअसल 3 महीने पहले बच्ची की किसी बीमारी से मौत हो गई थी।

कवर्धा में दिनदहाड़े कट्टे की नोक पर महिला से लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

- **इस तरह की पहली घटना, लोगों में दहशत**

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के कवर्धा शहर में सोमवार दोपहर दिनदहाड़े कट्टे की नोक पर लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। जिले में इस तरह की घटना पहली बार सामने आने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया है।

आम नागरिकों के बीच सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक महिला अपने पति के साथ ससुराल से बाइक पर सवार होकर कवर्धा स्थित मायके आ रही थी। इसी दौरान रास्ते में दो अलग-अलग बाइक पर सवार चार बदमाशों ने उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने महिला और उसके पति को देशी कट्टा दिखाकर धमकाया और महिला से सोने-चांदी के जेवर लूट लिए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से भागने लगे। पीड़ित दंपति द्वारा शोर मचाने पर आसपास मौजूद ग्रामीण और राहगीर सक्रिय हो गए। लोगों ने तत्परता दिखाते हुए एक बाइक में सवार दो आरोपियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

छात्रावास में खौलते पानी से चार झुलसे, दो छात्राएं गंभीर

सुकमा/नवप्रदेश। बालिका आवासीय पोटाकेबिन, बालाटिकरा में गुरुवार को भोजन तैयार करते समय दर्दनाक हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार छात्रावास में रह रही छात्राओं से करीब 500 बच्चों के लिए खाना बनवाया जा रहा था। इसी दौरान उबलते पानी की चपेट में आने से दो नाबालिग छात्राएं सहित कुल चार लोग झुलस गए। घायलों में कु. जिया (13 वर्ष), कु. अमृता (12 वर्ष), मल्लिका (25 वर्ष) तथा सोनादई (35 वर्ष) शामिल हैं। घटना के बाद परिसर में हड़कंप मच गया और तत्काल घायलों को ■ शेष पृष्ठ 8 पर

संसदीय सचिव और एल्डरमैन की नियुक्तियां जल्द, योग्य चेहरों को मिलेगी जिम्मेदारी: साय

चिरमिरी/नवप्रदेश। चिरमिरी प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संसदीय सचिव और निकायों में एल्डरमैन की नियुक्तियों को लेकर चल रहे सस्पेंस पर विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया अंतिम चरण में है और जल्द ही योग्य उम्मीदवारों को जिम्मेदारी सौंप दी जाएगी।

बता दें कि प्रदेश में सरकार गठन के बाद से ही राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर थी कि संसदीय सचिवों और निकायों में एल्डरमैन की नियुक्तियां कब होंगी। मीडिया से बातचीत में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'हम अपने अटल विश्वास पत्र के हर वादे को पूरा करने के लिए संकल्पित हैं। संसदीय सचिवों और निकायों में एल्डरमैन की नियुक्तियों को लेकर चिंता की जरूरत नहीं है। समय पर सभी नियुक्तियां की जाएंगी और यह प्रक्रिया जल्द पूरी होगी।'

कर्मठ कार्यकर्ताओं को मिलेगा अवसर

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन नियुक्तियों से जमीनी स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ताओं को शासन-प्रशासन में भागीदारी का अवसर मिलेगा। साथ ही, नगर निगम और नगर पालिकाओं में एल्डरमैन की नियुक्ति से विकास कार्यों की निगरानी और कार्यान्वयन में तेजी आने की उम्मीद है।

गरमा-गरम



नई आबकारी नीति: होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को राहत, 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी नई दरें

लाइसेंस फीस में कटौती, रायपुर एयरपोर्ट पर भी खुलेगा बार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन ने नई आबकारी नीति के तहत होटल, रेस्टोरेंट और क्लब संचालकों को बड़ी राहत देते हुए बार लाइसेंस फीस और न्यूनतम बैंक गारंटी में उल्लेखनीय कटौती की है। 7 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में बार लाइसेंस की वार्षिक फीस 24 लाख रुपये से घटाकर 18 लाख रुपये कर दी गई है। इससे राज्य में नए बार खोलना अपेक्षाकृत किफायती होगा और निवेशकों की भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

सरकार का मानना है कि इस निर्णय से पर्यटन और नाइटलाइफ को बढ़ावा मिलेगा तथा कम निवेश में अधिक कारोबारियों को अवसर मिलेंगे। आबकारी विभाग के अनुसार संशोधित दरें 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होंगी। इसके बाद पुराने लाइसेंस का नवीनीकरण और नए लाइसेंस इसी कम दर पर जारी किए जाएंगे।

रायपुर एयरपोर्ट पर पायलट प्रोजेक्ट: नई नीति के तहत स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा परिसर में बार खोलने को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में मंजूरी दी गई है। एयरपोर्ट के भीतर संचालित रेस्टोरेंट को यह सुविधा एयरपोर्ट अथॉरिटी से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने के बाद दी जाएगी। इससे यात्रियों को भोजन के साथ विदेशी मदिरा उपलब्ध ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नई व्यवस्था से राजस्व में होगी वृद्धि

सरकार का तर्क है कि इससे ब्रांड वैल्यू और नियमन बनाए रखने में मदद मिलेगी। नई व्यवस्था से राज्य के राजस्व में वृद्धि के साथ-साथ आतिथ्य उद्योग को गति मिलने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, नीति के क्रियान्वयन और प्रभाव को लेकर व्यावसायिक संगठनों तथा आमजन की नजरें आगामी महीनों पर टिकी रहेंगी।

गांजा तस्कर से अवैध उगाही हेडकांस्टेबल व सिपाही सस्पेंड

- **500 ग्राम गांजा बरामद, बगैर जब्ती बनाए तस्कर को छोड़ा, नाराज एसएसपी ने टीआई से मांगा जवाब**

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में गांजा तस्कर से अवैध उगाही करने वाले हेड कांस्टेबल और सिपाही को एसएसपी रजनेश सिंह ने सस्पेंड कर दिया है। हवलदार ने 500 ग्राम गांजा के साथ तस्कर के नाबालिग बेटे को पकड़ा था, जिसके बाद 80 हजार रुपये लेकर मामले को रफादफा कर दिया गया। गांजा जब्त करने और तस्कर के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने से नाराज एसएसपी ने टीआई को फटकार लगाते हुए जवाब मांगा है। पूरा मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, एसएसपी रजनेश सिंह ने सभी थाना प्रभारियों को नशे का सामान बेचने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर कोटा पुलिस की टीम भी गांजा तस्करों को पकड़ने गई थी। इस दौरान रानीसागर गांव में एक गांजा व्यापारी के घर में दबिश दी गई। लेकिन, तस्कर फरार हो गया। उसके घर की तलाशी लेने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

भूत-पिशाच संग सजी बाबा भूतेश्वर नाथ की पालकी, बोल बम के जयकारों से शिवमय हुआ गरियाबंद

गरियाबंद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर इस वर्ष गरियाबंद नगर में अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। चारों ओर ÷हर-हर महादेव÷ और ÷बोल बम÷ के गगनभेदी जयकारों से पूरा नगर शिवमय हो उठा। हजारों की संख्या में श्रद्धालु एक साथ बाबा भूतेश्वर नाथ की भव्य पालकी और भोले की बारात में शामिल हुए। भीड़ का उत्साह और श्रद्धा देखकर लोगों के मुख से सहज ही निकल पड़ा -भीड़ बता रही है किसकी बारात निकली है।÷

विशेष प्रस्तुतियां बनीं आकर्षण का केंद्र

इस भव्य आयोजन में महाराष्ट्र की सुप्रसिद्ध जय महामाया झांकी, नागपुर, वीर हनुमान झांकी, नागपुर, स्वर सम्राट वादी किंग धूमाल, नागपुर, रवि ऑडियो, अभनपुर, भव्य आतिशबाजी तथा छत्तीसगढ़ की पारंपरिक नृत्य राउत नाचा ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

उज्जैन महाकाल की तर्ज पर बोल बम सेवा समिति गरियाबंद ने इस बार भी बाबा भूतेश्वर नाथ की पालकी के साथ भोले की बारात निकालने की परंपरा को और अधिक भव्य रूप दिया। मरौदा से प्रारंभ होकर पालकी पूरे गरियाबंद पालिका क्षेत्र का भ्रमण करती हुई नगरवासियों को दर्शन देने निकली। जिस-जिस वार्ड से पालकी गुजरी, श्रद्धालु कंधा लगाने और दर्शन करने उमड़ पड़े। जगह-जगह पुष्पवर्षा, आरती और स्वागत की भव्य व्यवस्था की गई थी। डीजे की भक्ति धुनों पर युवाओं की टोलियां भूत-पिशाच, और शिवगणों के वेश में नजर आईं। भोले की सेना का जीवंत चित्रण करते हुए श्रद्धालुओं ने शिव बारात का ऐसा दृश्य प्रस्तुत किया कि पूरा नगर भक्तिरस में डूब गया। डीजे की ताल पर झूमते श्रद्धालु, ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों की गूंज से माहौल अलौकिक प्रतीत हो रहा था। बाबा भूतेश्वर नाथ पालकी में विराजमान होकर नगरवासियों को दर्शन देने पहुंचे। इस नई परंपरा ने लोगों के मन में विशेष उत्साह और श्रद्धा का संचार किया। आयोजन समिति के अनुसार यह तृतीय वर्ष है जब यह भव्य पालकी यात्रा नगर भ्रमण पर निकली, और हर वर्ष इसकी भव्यता और श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है।

सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

भारी भीड़ को देखते हुए महादेव सेना द्वारा पालकी की सुरक्षा के लिए बाउंसर तैनात किए गए थे। चप्पे-चप्पे पर जिला पुलिस बल मौजूद रहा। थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव ने स्वयं कमान संभाली और पूरी व्यवस्था पर नजर रखी। श्रद्धालु पालकी को स्पर्श करने और आशीर्वाद लेने के लिए आतुर दिखाई दिए।

आयोजन समिति के सदस्य

बोल बम सेवा समिति गरियाबंद के तत्वावधान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में अभिषेक तिवारी, यश मिश्रा, सानू निकेश सिन्हा, आशीष देवंशी, शुभम देवंशी, आशीष सिन्हा, अंकित देवांगन, अजय राठौर, नमन सेन, वंश दासवानी, मानव निर्मलकर, दानेंद्र चौहान, प्रशान्त राठौर, पंकज पाटिल, जय पटेल, प्रांजल साहू, कबीर सोनी, अनुराग सोनी, ओंकार सोनी, श्रेयांश सोनी, रोमी सिन्हा, अमन सरवा, विकाश पांडेय, विकास पिंजरा, विकाश यदु, राज डे, चन्दन, आयुष, पप्पू, शुभम सांग, मयंक सोनी, सुजल कोठारी, तरुण देवांगन, अभिनव देवांगन, नवीन साहू वेश राठौर सूरज सिन्हा रोहन सिन्हा विकास पांडे अमन सर्व राहुल देवांगन अरविंद यदु और खुशाल साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर निकली बाबा भूतेश्वर नाथ की भव्य पालकी यात्रा ने गरियाबंद को आध्यात्मिक ऊर्जा, उल्लास और भक्ति के महासागर में डुबो दिया। सचमुच, यह दृश्य केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत उत्सव बन गया।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल हुए भक्ति में लीन

भोले की बारात में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हुए। उन्होंने स्वयं पालकी को कंधा दिया और 卐बोल बम, हर-हर महादेव卐 के जयकारे लगाए। युवाओं का जोश देखकर वे भी भक्ति में रंगे नजर आए और डीजे की धुन पर थिरकते दिखाई दिए। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, इस पीढ़ी में इतनी गहरी आस्था और समर्पण देख मन गद्गद हो गया। युवाओं में भोलेनाथ के प्रति जो श्रद्धा दिखी, वह समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। पूरी बोल बम सेवा समिति और सभी युवाओं को इस भव्य आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।卐 पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फूमेमन ने भी शिवालय पहुंचकर पालकी प्रस्थान से पूर्व दर्शन किए और आयोजन की सराहना की।

न्यूज गैलरी

महाशिवरात्रि पर रोहरा परिवार ने कराया विशाल भंडारा

गरियाबंद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के रोहरा परिवार द्वारा भूतेश्वरनाथ मंदिर परिसर में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन किया गया। भंडारे का शुभारंभ एसडीएम हितेश्वरी बागे तथा कैट अध्यक्ष प्रकाश चंद रोहरा ने किया। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ भंडारा शाम 7 बजे तक लगातार चलता रहा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि रोहरा परिवार पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों के सहयोग से श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क भंडारा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रसाद वितरण एवं सेवा कार्य में तहसीलदार रमेश मेहता, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, व्यापारी और समाजसेवी लोगों ने सहभागिता निभाई। ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग कर आयोजन को सफ्ल बनाया। मालूम हो कि हर वर्ष यहां हजारों श्रद्धालु निःशुल्क भंडारा प्रसाद का लाभ उठाते हैं। इस आयोजन में रोहरा परिवार के साथ गरियाबंद और रायपुर के कई व्यापारी भी सहयोग के लिए पहुंचते हैं। समिति सदस्य प्रकाश चंद रोहरा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की कृपा से वर्षों से दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करने का सौभाग्य मिल रहा है। समाज के सभी वर्गों के सहयोग से यह आयोजन हर वर्ष और अधिक भव्य होता जा रहा है। हमारा उद्देश्य है कि दूर-दराज से आने वाले भक्तों को प्रसाद और सुविधा मिल सके।

हायर सेकंडरी एवं हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 20 और 21 फरवरी से

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वार अयोजित हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2026 क्रमश 20 एवं 21 फरवरी से शुरू हो रही है। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में इस वर्ष 10वी एवं 12 वी के लगभग 27260 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे जिसमें कक्षा 10 वीं के 16187 एवं 12 वी के 11073 छात्र हैं। परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक होगी। कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में स्कूल शिक्षा विभाग बोर्ड परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है।कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं बोर्ड परीक्षा के लिए जिले के पांचों विकासखण्ड में कुल 119 स्कूलों को परीक्षा केन्द्र बनाये गए है। परीक्षार्थियों द्वारा अनुचित साधनों के उपयोग पर अंकुश लगाने,निरीक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला, अनुभाग एवं विकासखण्ड स्तरीय कुल 12 उड़नदस्ता दल गठित किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे ने बताया कि परीक्षा सामग्री का वितरण सोमवार से शुरू हो चुका है। सोमवार को बलौदाबाजार एवं कसडोल विकासखंड के केंद्राध्यक्षो को परीक्षा सामग्री वितरण किया गया।मंगलवार को विकासखंड पलारी भाटापारा एवं सिमगा के केंद्राध्यक्षो को वितरित की जाएगी। छात्रों को प्रवेश पत्र उनके स्कूल में मंगलवार से वितरण शुरू होगा।

बस्तर में उद्यमिता को मिली नई रफ्तार, 'बिजनेसगढ़ फाउंडर्स मीटअप' आयोजित

जगदलपुर (बस्तर)/नवप्रदेश। बस्तर क्षेत्र में स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से बिजनेसगढ़ द्वारा जगदलपुर में बिजनेसगढ़ फाउंडर्स मीटअप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय स्टार्टअप फाउंडर्स, छात्र-छात्राओं, युवाओं तथा उद्यमिता में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मीटअप का उद्देश्य बस्तर में स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत करना, युवाओं को स्वरोज़गार के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें सही मार्गदर्शन और नेटवर्क उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम के दौरान मेंटर्स और उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि छोटे शहरों से भी सीमित संसाधनों में सफल स्टार्टअप खड़े किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया, आइडिया वैलिडेशन, मार्केट रिसर्च, फंडिंग, डिजिटल मार्केटिंग और नेटवर्किंग जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने अपने स्टार्टअप आइडिया प्रस्तुत किए और मेंटर्स से उपयोगी सुझाव प्राप्त किए। प्रश्न-उत्तर सत्र में युवाओं को व्यावहारिक जानकारी मिली। बिजनेसगढ़ के संस्थापक डॉ. डोमेंद्र सिंह गंजिर ने कहा– ÷बस्तर में प्रतिभा और संभावनाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही दिशा और सहयोग की है। हमारा प्रयास है कि यहां के युवा नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि रोजगार देने वाले बनें।÷ उन्होंने बताया कि बिजनेसगढ़ भविष्य में भी बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ में मीटअप, मेंटरशिप प्रोग्राम, वर्कशॉप और स्टार्टअप सहायता गतिविधियां आयोजित करता रहेगा।

पंचायत भवन पर खड़ा कचरा संग्रहण रिक्शा, स्वच्छता अभियान का कोई पालन नहीं

गांव छिपली में कचरे का अंबार, जिम्मेदार बेखबर

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड से कुछ दूरी पर स्थित ग्राम छिपली में स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। गांव के मुख्य चौक-चौराहों पर बने कचरा संग्रहण केंद्र अपनी बदहाली बयां कर रहे हैं। कई स्थानों पर कचरा संग्रहण केंद्र टूट-फूट की स्थिति में हैं, जिसके कारण लोग मजबूरी में कचरा डाल रहे हैं वही कचरा हवाओं आप पास फैलता दिखाई दे रहा है परिणामस्वरूप गांव के विभिन्न मोहल्लों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं और नियमित साफ-सफाई नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत छिपली में शासन-प्रशासन द्वारा स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से कचरा संग्रहण केंद्र का निर्माण कराया गया था तथा घर-घर से कचरा एकत्रित करने के लिए रिक्शा एवं कचरा गाड़ी भी उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन वर्तमान में कचरा गाड़ी पंचायत परिसर में खड़ी है और घरों से नियमित कचरा संग्रहण नहीं हो पा रहा है। इससे गांव में गंदगी की स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि मुख्य चौक सहित कई स्थानों पर खुले में कचरा डाला जा रहा है। स्कूल के सामने भी कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। जगह-जगह सड़ते कचरे से दुर्गंध फैल रही है और वातावरण प्रदूषित हो रहा है। वही बारिश के दिनों में स्थिति और भी खराब हो जाती है, जिससे मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ रहा है और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं पंचायत प्रशासन से मांग की है कि तत्काल साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाए, टूटे हुए कचरा संग्रहण केंद्रों की मरम्मत कराई जाए तथा कचरा गाड़ी को नियमित रूप से संचालित कर घर-घर से कचरा संग्रहण सुनिश्चित किया जाए, ताकि गांव में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण कायम रह सके।

इस संबंध में सरपंच लिकेशवरी पोटाई से पंचायत में एवं दूरभाष से संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर उसके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया।

रामायण हमें सनातन की रक्षा और जीवन मूल्यों की सीख देती है : अरुण गोविल

राजिम/नवप्रदेश। राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प एवं महाशिवरात्रि समापन समारोह का मुख्य आकर्षण रहे सुप्रसिद्ध अभिनेता अरुण गोविल, जिन्होंने मुख्य मंच से रामकथा के प्रेरक प्रसंगों का सरल और भावपूर्ण वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। रामायण में भगवान श्रीराम की भूमिका निभाकर घर-घर में पूज्य बने अरुण गोविल ने कहा कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला आदर्श मार्ग है। उन्होंने श्रीराम के जन्म, विवाह, वनवास, सुग्रीव से मित्रता, संजीवनी बूटी प्रसंग, रावण से युद्ध और अंततः विजय जैसे प्रसंगों के माध्यम से बताया कि रामायण हमें परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निभाने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि परिवार में कोई भी निर्णय सामूहिक सहमति से लेना चाहिए, दांपत्य जीवन में हर परिस्थिति में साथ निभाना चाहिए और भाईचारे का आदर्श लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न से सीखना चाहिए। कथा के दौरान उन्होंने ÷राम सिया राम, सिया राम जय जय राम÷, ÷मंगल भवन अमंगल हारी÷, ÷मेरे झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे÷ जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने भावुक होकर कहा कि तेरह वर्ष पूर्व भी इसी मंच से उन्होंने रामकथा का प्रसंग सुनाया था और आज पुनः उसी पावन भूमि पर उपस्थित होना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

जिला स्तरीय कोटवार बैठक संपन्न

जिम्मेदारियों के निर्वहन व वंशानुगत नियुक्ति को लेकर उठी मांग

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। कोटवार एसोसिएशन ऑफछत्तीसगढ़, जिला सारंगढ़ङ्कबिलाईगढ़ द्वारा जिला स्तरीय बैठक का आयोजन सरसींवा स्थित मंगल भवन में किया गया। बैठक में जिले भर से आए कोटवारों और पदाधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों, नई प्रशासनिक व्यवस्था तथा संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए और शासन के समक्ष प्रमुख मांगें रखीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नौतम दास मानीकपुर (जिला उपाध्यक्ष) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में श्री शंकर दास मानीकपुरी (संरक्षक, बिलाईगढ़ तहसील), श्री मथीर दास मानीकपुरी (अध्यक्ष, भटगांव तहसील), श्री प्रेम दास मानीकपुरी (कोसीर तहसील), श्री दया राम चौहान (सरिया तहसील), श्री मनहरन दास मानीकपुरी (ब्लॉक अध्यक्ष) एवं श्री अशोक कुमार चौहान (कार्यवाहक सभापति, सारंगढ़) शामिल हुए। कार्यक्रम में महिला अध्यक्ष श्रीमती गंगा बाई चौहान सहित श्रीमती शारदा मानीकपुरी, श्रीमती हेमकुंड चौहान, श्रीमती ज्योति चौहान, प्रमिला चौहान, श्रीमती राम बाई चौहान, श्री बुदेश्वर दास, गेंद लाल, श्री आनंद दास, श्री दीपक दास, श्री पन्ना लाल, श्री बंशी लाल, शांति दास सहित बड़ी संख्या में कोटवार और पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री अशोक कुमार चौहान ने की, जबकि संचालन श्री छत राम चौहान द्वारा किया गया।

बैठक की शुरुआत सभी अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके पश्चात कोटवारों की भूमिका, कर्तव्य और प्रशासनिक समन्वय को लेकर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

बैठक में कोटवारों को शासन के नए निर्देशों के अनुसार नियमित रूप से अपनी ड्यूटी में उपस्थित रहने पर बल दिया गया। बताया गया कि कोटवारों को थाना एवं तहसील में माह में दो-दो बार उपस्थिति दर्ज करानी होगी, अपने क्षेत्र में आने-जाने वाले मुसाफिरों की जानकारी संकलित करनी होगी, मुनादी रजिस्टर का नियमित संचालन करना होगा तथा थाना और तहसील के उपस्थिति पंजी का संधारण भी व्यवस्थित रूप से करना होगा।

साथ ही अपने-अपने क्षेत्रों की समग्र जानकारी रखना और प्रत्येक माह तहसील स्तर पर आयोजित बैठकों में अनिवार्य रूप से शामिल होना आवश्यक बताया गया।

जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्या, अफसरों को दिए निर्देश

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता जैन ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने भरोसा दिलाया एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जनदर्शन में सरपंच ग्राम पंचायत घमण्डी द्वारा नियद नेल्लानार योजनांतर्गत नया रोड बनाने की मांग करने, समस्त ग्रामवासी ग्राम कोडोली द्वारा कोडोली में मूलभूत सूविधाओं की आवश्यकताओं की पूर्ती, अनिता दुग्गा द्वारा यशवंत दुग्गा प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला धौड़ाई के सर्विस बुक में नाम दर्ज करवाने, मंगऊराम कावड़े द्वारा मुख्यमंत्री कार्यक्रम भूमिपुजन के संबंध में, सरपंच श्री रामसाय दुग्गा द्वारा ग्राम पंचायत गोटाजम्हरी में आवश्यक निर्माण कार्यो की स्वीकृति एवं प्रदान करने, संतुराम सलाम धौड़ाई द्वारा बिजली पोल आपूर्ति, समस्त पारावासी ग्राम बोरण्ड द्वारा रोड निर्माण कार्य स्वीकृत कराने, हेण्ड पंप स्वीकृत कराने एवं सामुदायिक भवन सह बाउड्रीवाल निर्माण कार्य स्वीकृत कराने, आयतवारू कश्यप ग्राम पिड़ियाकोट द्वारा स्कुल भवन बनाने, किशोर पोग्राम यूथविग जिलाध्यक्ष द्वारा श्रीमती शांति उसेण्डी का अबुझमाड़ कस्तुरबा गांधी कन्या छात्रावास से उनका आदेश तत्काल निरस्त करने समस्त ग्रामवासी आरतगांव द्वारा हेण्डपंप निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। सरपंच चांदागांव द्वारा वर्ष 2024-25 में चांदागांव से ओंगनार सड़क निर्माण कार्य में लगाए गए ट्रेक्टरों का बकाया भुगतान दिलाने की मांग की।

200 गांव के और करीब होगा राष्ट्रीयकृत बैंक, सभी वर्गों की आर्थिक उन्नति की राह आसान होगा : कलेक्टर

गरियाबंद गौहरापदर में बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच का शुभारंभ

गरियाबंद/नवप्रदेश। गोहरापदर में आज बैंक ऑफबड़ौदा के नए ब्रांच का उद्घाटन गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह यूईके ने किया।संस्थान के महाप्रबंधक,दिवाकर पी सिंग पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी की उपस्थिति में ब्रांच का विधिवत शुभारंभ किया गया।क्षेत्र के व्यापारी,महिला समूह सदस्य,कारोबारी समेत बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग आयोजन में भाग लिए।

छत्तीसगढ़ शासन से अनुबंधित बैंक लीड बैंक की भूमिका निभा रही है,ऐसे में राष्ट्रीयकृत बैंक के इस अंचल में खुलने से कारोबारी,कर्मचारी और महिला स्वसहायता समूहों को बैंकिक सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।कलेक्टर ने कहा कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आसानी होगी।किसानों को फायदा होगा और स्वास्थ्यता समूह की आर्थिक उन्नति के राह में आगे बढ़ेंगे।आसपास के 200 गांव को राष्ट्रीयकृत बैंक के सेवा लेने 25 से 60 किमी का सफर तय करना जाना पड़ता था अब परेशानी नहीं होगी।

क्षेत्रीय भाजपा नेता गोवर्धन सिंह मांझी ने कहा कि लंबे समय के बाद मिले राष्ट्रीयबैंक की सुविधा सभी वर्गों के लिए हितकारी साबित होगा। मांझी ने अपील कर कहा कि बैंक और हमारी जरूरत एक दूसरे के पूरक होते हैं,ऐसे में इस बैंक में जल्द खाता खुलवाकर बैंक को आगे बढ़ाने में भी सहयोग करे।

बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक दिवाकर पी सिंग ने कहा कि संस्थान पूरी तरह डिजिटल है,ऑन लाइन बैंकिंग के अलावा क्रेडिड डेबिट कार्ड की संपूर्ण सुविधा देगी।किसानों को कृषि लोन ही नहीं हम कार लोन भी उपलब्ध कराएंगे।बैंक अफसर ने खाता का सदुपयोग करने,जागरूक ग्राहक बनने और ठगी करने वालो के झांसा में आकर अपना नुकसान नहीं कराने की अपील किया है। इस आयोजन में क्षेत्रीय प्रबन्धक बनाम्बर बेहेरा ,क्षेत्रीय उपप्रबन्धक ओंकार नाथ सिंह,आर बी डी एम जगेश्वर सामंत, देवभोग बैंक मैनेजर निगमानंद मेहेर, गोहरापदर नए ब्रांच मैनेजर हितेश कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में बैंक पदाधिकारी मौजूद रहे ।

कलेक्टर अचानक पहुंचे जिला अस्पताल, डॉक्टरों-कर्मचारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई

■ **मेनू अनुसार मरीजों को नाश्ता और भोजन उपलब्ध कराने दिये निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आज जिला चिकित्सालय दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय ओपीडी में कर्मचारी और डॉक्टर अनुपस्थित थे। कलेक्टर ने इस पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को ओपीडी शुरू होने से पहले कर्मचारी व डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। कलेक्टर ने डिजिटल स्वास्थ्य सेवाएं आभा आईडी की जानकारी ली। शिकायत के आधार पर ईसीजी मशीन संचालन हेतु ऑपरेटर की ड्यूटी, नाम व मोबाइल नंबर और समय उल्लेखित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सिकलसेल प्रबंधन कक्ष में सिकलिंग पहचान की जानकारी ली। उन्होंने चिन्हांकित लोगों की ऑनलाइन एंट्री कराने और पेशेंट के ओपीडी पर्ची में आभा आईडी अपडेट करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही भोजन व्यवस्था की जानकारी ली। सिविल सर्जन ने बताया कि अंकित महिला स्व. सहायता समूह द्वारा

भोजन व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने मरीजों के लिए तैयार नाश्ता, दाल व भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने समूह के सदस्यों को निर्धारित मेनू के आधार पर चिकित्सालय में भर्ती पेशेंट को समय पर नाश्ता व भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय के जन औषधि केंद्र में उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली। विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से रू-ब-रू चर्चा कर उपलब्ध चिकित्सा सुविधा के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज को चिकित्सालय में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और चिकित्सकों और कर्मचारियों की निर्धारित समय पर उपस्थिति सुनिश्चित कराने व अनुपस्थिति पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये।

पढ़ाना छोड़ स्टाफ रूम में गपशप, शिक्षकों को शोकाज नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने क्षेत्र के विभिन्न शासकीय विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला गिरहोला में विद्यार्थियों की कम उपस्थिति पर डीईओ ने नाराजगी जताई। यहां शिक्षक क्लास में पढ़ाना छोड़ स्टाफ रूम में बैठे थे। इस पर डीईओ ने नाराज़गी जताई। शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल अहिवारा में व्याख्याता रीता प्रधान और रेखा साहू अनुपस्थित थे। कन्या पूर्व माध्यमिक शाला अहिवारा में शिक्षक पीतांबर शर्मा अनुपस्थित मिले। प्रधान पाठक एमए खान अपने कक्ष में मोबाइल देखते पाए गए। कई विद्यालयों में विद्यार्थी परिसर में इधर-उधर घूम रहे थे। डीईओ ने संबंधितों को कड़ी समझाईश देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने कहा है। पीएम श्री प्राथमिक शाला जरवाय में मध्यान्ह भोजन के दौरान परिसर में बीमार कुत्तों की मौजूदगी पर उन्होंने प्रभारी शिक्षक को कड़ी फटकार लगाई।

न्यूज गैलरी

सहायक शिक्षक निलंबित

दुर्ग। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा ने जांच में शिकायत प्रमाणित होने पर शासकीय प्राथमिक शाला खाड़ा के सहायक शिक्षक एलबी देवेश कुमार देशमुख को सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में देशमुख का मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग नियत किया गया है।

बकायेदारों की दुकानों में होगी तालाबंदी

भिलाई नगर। आकाशगंगा व्यवसायिक परिसर में साडा कार्यकाल के दरान किराए पर दुकानें आबंटित की गई थी। आबंटियों को बकाया किराया जमा करने नोटिस जारी किया गया है। सूचना नोटिस मिलने के बाद निर्धारित अवधि में बकाया किराया राशि जमा न करने पर दुकान का आबंटन निरस्त किया जाएगा। 18 फरवरी को तालाबंदी की कार्यवाही की जाएगी। आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर के दुकानदारों को बकाया राशि निगम कोष में शीघ्र जमा कर तालाबंदी की कार्यवाही से बचने की अपील की गई है।

रिटेंशन के मुद्दे पर जनजागरण वाहन रैली

भिलाई। रिटेंशन के मुद्दे पर आज विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली सेक्टर 10 सड़क नंबर 11 व 12 के मैदान से निकली। यहां से टाउनशिप के सभी बाजार क्षेत्र होते हुए सिविक सेंटर में समाप्त हुई। रैली के दौरान रिटेंशनधारियों और व्यापारियों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करने की मांग की गई। इन समस्याओं को लेकर दिल्ली में सांसद विजय बघेल और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय द्वारा की गई पहल को लेकर धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बीएसपी प्रबंधन की जनविरोधी नीतियों के विरोध में निकाली गई रैली को स्टील सिटी चैंबर ऑफ कॉमर्स भिलाई के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन, रामकिशन मुंदड़ा, रामकुमार गुप्ता, सुरेश रतनानी, श्रीनिवास खेडिया, ज्ञानचंद बाकलीवाल, सतीश बंछोर, करमजीत गगन, राजेश अग्रवाल, प्रेमचंद बाकलीवाल, अजय कनौजिया, श्रीकांत उपाध्याय, संजय जैन, प्रदीप बाकलीवाल, श्रीकांत खेडिया, अमर सोनकर, शंकर पाणिग्रही, अमन दीक्षित, उत्तम जैन, नरेश जैन, दीपक राव, गौतम मित्र सरकार, शांतनु, क्षितिज जैन, ब्रह्मदेव पटेल सहित सेक्टर 10 व्यापारी संघ, सेक्टर 6 व्यापारी संघ, सेक्टर 7 व्यापारी संघ, सेक्टर 5 व्यापारी संघ, अस्पताल सेक्टर व्यापारी संघ, सेक्टर 4 व्यापारी संघ, सेक्टर 1 व्यापारी संघ ने समर्थन दिया। रैली में शामिल लोगों पर जगह जगह पुष्प वर्षा की गई।

सड़क घेरकर कारोबार: वसूला जुर्माना

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई द्वारा बिना अनुज्ञप्ति लाईसेंस के व्यवसाय करने पर और सड़क पर अवैध रूप से सामान रखकर कारोबार करने के कारण चालान काटने की कार्यवाही की गई है। निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के नेतृत्व में जोन-1 नेहरू नगर स्वच्छता निरीक्षक कमलेश द्विवेदी व उनकी टीम ने वार्ड 17 आकाशगंगा परिसर में हिमालय काम्पलेक्स के पास फूल किड्स प्रतिष्ठान में अनुज्ञप्ति लाईसेंस न होने और अवैध रूप से सड़क पर सामान रखकर आवागमन बाधित करने के कारण चालान वसूल किया गया। फूल किड्स के पास अनुज्ञप्ति लाइसेंस न होने पर 500 रुपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। सड़क बाधा करने वाले नयनतारा ज्वेलर्स 2000 रुपए, एसएस पेपर्स 2000 रुपए और अरोरा टायर्स हाउस से 500 रुपए का चालान वसूल किया गया।

आज प्रभावित रहेगी पानी सप्लाई

भिलाई नगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत नवनिर्मित केम्प-2 उच्च स्तरीय जलागार के राइजिंग पाइपलाइन से इंटर कनेक्शन का कार्य 17 फरवरी को सुबह 9 बजे से शुरू किया जाएगा। यह कार्य पूरा करने में 24 घंटे का समय लगेगा। इस कारण 18 फरवरी को सुबह चंद्रा मौर्या, मदर टेरेसा नगर, वैशाली नगर, कोहका मंगल बाजार, हाउसिंग बोर्ड में जलप्रदाय आंशिक रूप से प्रभावित रहेगी। 18 फरवरी को शाम तक सभी जगह सामान्य रूप से पानी सप्लाई शुरू हो जाएगी। नगर निगम प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र के निवासियों से पानी का पर्याप्त भंडारण करने की अपील की है।

एनएचएम के संविदा पदों पर भर्ती अभ्यर्थियों की काउंसलिंग आज

दुर्ग। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत संविदा भर्ती हेतु कुल 38 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। इन पदों के लिए जारी प्रतीक्षा सूची के अनुसार पात्र अभ्यर्थियों कि 17 फरवरी 2026 को अपरान्ह 12 बजे से मेरिट के आधार पर काउंसलिंग आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग के दौरान अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा रिक्त पदों के विरुद्ध पदस्थापना स्थल का चयन भी किया जाएगा। यह पूरी प्रक्रिया कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग के सभागार में संपन्न होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी संबंधित अभ्यर्थी निर्धारित तिथि को प्रातः 11 बजे तक उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराएं, ताकि काउंसलिंग प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इसके साथ ही उक्त विज्ञापित पदों में से पांच पदों हेतु दस्तावेज सत्यापन एवं लिखित/कौशल परीक्षा संवर्गवार मेरिट सूची व परीक्षा समय सारणी विभागीय वेबसाईट में प्रकाशन किया गया है।

मंदिर से लौट रही युवती पर युवक ने चलाया कटर, शरीर में 60 टांके, आरोपी गिरफ्तार

भिलाई/नवप्रदेश। नेवई में एक युवक ने युवती पर कटर से जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी युवक पिछले छह साल से युवती को परेशान कर रहा था। युवती की शादी होने के बाद भी उसने कई बार बातचीत करने का दबाव बनाया। रविवार को देर शाम युवती ने जब किसी भी तरह की बातचीत से इंकार कर दिया तो गुस्से में आकर युवक ने कटर से हमला कर दिया।

युवती की शादी 2023 में रायपुर निवासी आशीष नवरंगे से हुई है। शादी के बाद वह रायपुर में अपने पति के साथ रहती है। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर अपने पिता के घर शिवपारा स्टेशन मरोदा, नेवई आई थी। 15 फरवरी को शाम 6 बजे युवती बैकुंठधाम मंदिर में पूजा-पाठ कर घर लौट रही थी। इसी दौरान इंदा चौक के पास पीछा करते हुए टॉयलेट नाम के युवक ने उसे रोका और बात करने लगा। युवती के मना करने पर आरोपी ने धमकी देते हुए कटर से हमला कर दिया।

गर्दन, हाथ की कलाई, गाल और पसली में चोटें

हमले में युवती की गर्दन, दाहिने हाथ की कलाई, गाल और पसली के पास गंभीर चोटें आई हैं। पीड़िता की बहन के अनुसार उसके शरीर पर करीब 60 टांके लगे हैं। हालत गंभीर होने के कारण उसे आईसीयू में भर्ती किया गया। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर युवती की जान बचाई। पीड़िता ने बताया कि यदि वह झुककर खुद को नहीं बचाती तो आरोपी उसकी हत्या कर देता।

पीड़िता की छोटी बहन मनीषा ने बताया कि आरोपी काफी समय से एकतरफा प्यार में उनकी बहन को परेशान कर रहा था। उसने पहले भी परिवार को धमकियां दी थी। आरोपी ने पीड़िता के पिता और भाई को जान से मारने की धमकी दी थी। कई बार घर के पास आकर डराने की कोशिश की।

परिजनों ने बताया कि युवक वर्ष 2020 से युवती का पीछा कर रहा था। कॉलेज में पढ़ाई के दौरान भी उसे परेशान करता रहा। शादी के बाद भी युवती के मायके आने पर वह परेशान करता था। आरोपी का घर पीड़िता के घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर है।

पीड़िता का पति मंत्रालय में प्यून है। पुलिस ने मामले में शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने परिवार को आश्वासन दिया है कि आरोपी के खिलाफकड़ी कार्रवाई की जाएगी। परिवारजनों ने आरोपी को सख्त सजा देने की मांग की है।

ऊर्जा प्रबंधन विभाग में 'सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) द्वारा 10 फरवरी से 14 फरवरी तक 'सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले आयोजन के माध्यम से विभाग की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया, जिसका लक्ष्य शून्य क्षति कार्यस्थल (ज़ीरो हार्म वर्कप्लेस) की परिकल्पना को साकार करना है। ऊर्जा प्रबंधन विभाग के विभिन्न अनुभागों के कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने और संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उन्हें नियंत्रित करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि किसी भी घटना के घटित होने से पूर्व ही प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकें। सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरक व ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कर्मचारियों की रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण और निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रश्नोत्तरी सत्रों और टूल बॉक्स टॉक सत्रों का आयोजन कर महत्वपूर्ण सुरक्षा विषयों पर व्यावहारिक ज्ञान का आदान-प्रदान किया गया। सक्रिय सुरक्षा व्यवहार को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ नियर मिस रिपोर्टिंग' पुरस्कार की घोषणा की गई। विभाग में उत्कृष्ट समर्पण और निरंतर उच्च सुरक्षा मानकों के पालन हेतु उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मी को सेफ्टी मैन ऑफ द ईयर 2025 घोषित कर सम्मानित किया गया।

बीएसपी में सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्यदशा पर संवाद सत्र

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र के ऊर्जा प्रबंधन विभाग (ईएमडी) द्वारा 10 फरवरी से 14 फरवरी तक 'सुरक्षा सप्ताह' का आयोजन किया गया। सप्ताह भर चले आयोजन के माध्यम से विभाग की सामूहिक प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ किया गया, जिसका लक्ष्य शून्य क्षति कार्यस्थल (ज़ीरो हार्म वर्कप्लेस) की परिकल्पना को साकार करना है। ऊर्जा प्रबंधन विभाग के विभिन्न अनुभागों के कर्मचारियों को अपने दैनिक कार्यों में सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने और संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर उन्हें नियंत्रित करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि किसी भी घटना के घटित होने से पूर्व ही प्रभावी निवारक कदम उठाए जा सकें। सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता और सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रेरक व ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया। कर्मचारियों की रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु सुरक्षा स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण और निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रश्नोत्तरी सत्रों और टूल बॉक्स टॉक सत्रों का आयोजन किया गया। 'सर्वश्रेष्ठ नियर मिस रिपोर्टिंग' पुरस्कार की घोषणा की गई। विभाग में उत्कृष्ट समर्पण और निरंतर उच्च सुरक्षा मानकों के पालन हेतु उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मी को सेफ्टी मैन ऑफ द ईयर 2025 घोषित कर सम्मानित किया गया।

उरला एनीकट तक सड़क चौड़ीकरण का भूमिपूजन

दुर्ग/नवप्रदेश। चंडी मंदिर से उरला शिवनाथ एनिकट तक सड़क चौड़ीकरण कार्य हेतु आज दुर्ग के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गजेन्द्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि भूमिपूजन के साथ क्षेत्र के नागरिकों से किये गए चुनावी वादे भी पूरे हो रहे है। लगभग 452.47 लाख की लागत से बनने वाली यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की प्रमुख मांग रही है। उरला में आयोजित भूमिपूजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बताया कि करीब 13 वर्षों से लंबित इस

कार्य के प्रारंभ होने से नागरिकों में उत्साह है। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि यह कार्य केवल सड़क निर्माण नहीं, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास की कड़ी को और अधिक मजबूत करने का प्रतीक है। उरला क्षेत्र में खेल मैदान, मांगलिक भवन, सीसी रोड निर्माण सहित सर्वांगीण विकास के कई कार्य निरंतर जारी हैं। इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कौशल साहू, महेंद्र लोढ़ा, बंटी चौहान, जिला उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, एमआईसी मेंबर लीना दिनेश देवांगन, कांशीराम कोसरे, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, पार्षद रेशमा सोनकर सहित क्षेत्र के नागरिक एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

एनएसएस का विशेष शिविर भानपुरी में

भिलाई/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) बीआईटी दुर्ग का सात दिवसीय विशेष शिविर अंडा के पास भानपुरी में आयोजित किया गया है। 16 से 22 फरवरी तक शिविर में ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक जागरूकता फैलाने और युवाओं को जिम्मेदार और प्रगतिशील समाज के निर्माण में योगदान देने प्रेरित किया जाएगा। विशेष शिविर की थीम नशा मुक्त भारत के लिए युवा विषय पर एनएसएस स्वयंसेवक ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। संस्था के प्राचार्य एसके जायसवाल के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी शबाना नाज़ सिद्दीकी व अभिजीत लाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान थीम के अनुरूप विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशे के हानिकारक प्रभावों पर सर्वेक्षण व जागरूकता अभियान, ग्रामीणों और विद्यार्थियों से संवाद, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाली गतिविधियाँ, सामाजिक सेवा कार्यक्रम, खेल-कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 20 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम और 21 फरवरी को नशा मुक्ति विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाएगा।

जय बालाजी इंडस्ट्रीज एक वर्ष की अवधि के लिए 'संरक्षित क्षेत्र' घोषित

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला प्रशासन ने मेसर्स जय बालाजी इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बोरई-रसमड़ा जिला दुर्ग के औद्योगिक परिसर को एक वर्ष की अवधि के लिए 'संरक्षित क्षेत्र' घोषित कर दिया है। यह आदेश छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जिला मजिस्ट्रेट को प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए जारी किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दुर्ग और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग द्वारा भी अनुसूची में दर्शित क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित करने की अनुशंसा की गई थी। प्राप्त अनुशंसाओं के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मेसर्स जय बालाजी इण्डस्ट्रीज लिमिटेड बोरई रसमड़ा की संलग्न अनुसूची को एक वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। संरक्षित क्षेत्र में केवल विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों और आवेदक द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। आदेश जारी होने की तिथि से एक वर्ष की अवधि तक अथवा आगामी आदेश तक (जो भी पहले हो) प्रभावी रहेगा।

स्थायी समिति की बैठक 25 को

दुर्ग। जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति की बैठक 25 फरवरी को 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत दुर्ग वित्तीय वर्ष 2026-27 की अनुमानित बजट का अनुमोदन व अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के कार्यालय का उद्घाटन

दुर्ग/नवप्रदेश। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग के कार्यालय का नवकार महामंत्र के जप-अनुष्ठान के साथ उद्घाटन किया गया। बांधा तालाब एरिया में उद्घाटन अवसर पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कांतिलाल बोथरा, निर्मल बाफना, उत्तम भंडारी, किशोर जैन सहित दिगम्बर व श्वेताम्बर जैन समाज के विभिन्न घटक दलों के लोग उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष योगेश बरडिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भगवान महावीर के जन्मोत्सव को भवतिभव रूप से मनाने के लिए प्रत्यक्ष सहयोग का निवेदन किया। जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के विजय कोठारी, संदीप निमाणी, मनीष बडज़ात्या, प्रभात सांखला, प्रवीण बोथरा, आकाश पारख, अक्षय जैन, राहुल बरमेचा, नितेश जैन सहित समाज के पदाधिकारी आयोजन को भव्य रूप देने में सक्रिय हैं। महोत्सव 27 से 31 मार्च तक विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक व सेवा के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा।

दुर्ग यूनिवर्सिटी की बड़ी छलांग... मलेशिया, बेल्जियम, सागर, मास्को, नई दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्थाओं से जुड़ेंगे विद्यार्थी

देश-विदेश के 6 संस्थाओं के साथ हेमचंद विवि ने किया एमओयू

दुर्ग/नवप्रदेश। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने आज छात्र-छात्राओं के हित में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित देश विदेश के 6 संस्थाओं से एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इन संस्थानों में लिंकन यूनिवर्सिटी मलेशिया, बैक्सपर्ट ब्रुसेल्स, बेल्जियम, हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (एमपी), एकिस टेक लिमिटेड मास्को, सृजन संचार नई दिल्ली व आईएमईसी बेल्जियम शामिल हैं।

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के कुलपति प्रो.(डॉ) संजय तिवारी ने कहा कि 160 महाविद्यालय, 7 जिले और 1 लाख 80 हजार छात्र संख्या वाले

विश्वविद्यालय ने इन एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और शोधार्थियों के लिए नए द्वार खोले हैं। एमओयू से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कौशल विकास व आत्मनिर्भर बनाने में सहायता मिलेगी।

मुख्य अतिथि मलेशिया लिंकन विश्वविद्यालय कॉलेज के संस्थापक प्रोफेसर अमिय भौमिक ने कहा कि हमें समाज के हित में कार्य करना चाहिए। मलेशिया में इस एमओयू के बाद हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और रिसर्च स्कॉलर को हर प्रकार का मार्गदर्शन दिया जाएगा। आज के दौर में इथिकल इन्फ्रास्क्ट्रक्चर की बेहद आवश्यकता है। बेक्सपर्ट ब्रुसेल्स बेल्जियम से पधारे डीके गौतम ने कहा कि शिक्षा के साथ रोजगार आवश्यक है। शिक्षित होना ठीक है परन्तु समाज के हित में कार्य कर देश की उन्नति जरूरी है। छोटे-छोटे कार्य के लिए अधिक पेमेंट करने के बाद भी दक्ष कारीगर नहीं मिलते।

आईएमईएस बेल्जियम के शोधकर्ता डॉ. राजदीप गौतम ने कहा कि किसी भी कार्य को आइडिया से शुरू कर आर्किटेक्चर और उसके बाद क्रियान्वयन करना चाहिए। हम में आत्मविश्वास और भाषा का ज्ञान जरूरी है। डॉ. हरिसिंह गौड़ विश्वविद्यालय, सागर से डॉ. राजपूत ने कहा कि एमओयू से विचारों का आदान-प्रदान होता है। इससे इन्फॉरमेशन से विसडम की यात्रा करनी चाहिए।

एमओयू हस्ताक्षरित होने के बाद प्राध्यापकों का विचार-विमर्श सेशन हुआ। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप ने किया। संचालन विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. नीलू श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में साइंस कॉलेज दुर्ग के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव भी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों और रिसर्च स्कॉलर को मिलेगा मार्गदर्शन

मुख्य अतिथि मलेशिया लिंकन विश्वविद्यालय कॉलेज के संस्थापक प्रोफेसर अमिय भौमिक ने कहा कि हमें समाज के हित में कार्य करना चाहिए। मलेशिया में इस एमओयू के बाद हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों और रिसर्च स्कॉलर को हर प्रकार का मार्गदर्शन दिया जाएगा। आज के दौर में इथिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर की बेहद आवश्यकता है।

सुविचार

अगर आप हमेशा खुश रहना चाहते हैं तो एक बात जान लीजिए कि आपको आपके सिवा कोई और खुश नहीं कर सकता

टीम इंडिया के तूफान में उड़ा पाकिस्तान

कोलंबो के रामदासा स्टेडियम में खेले गये टी-20 वर्ल्ड कप में बहुप्रतिक्षित मुकाबले में टीम इंडिया के तूफान में पाकिस्तान उड़ गया। पाकिस्तान के कप्तान सलमान आला ने टॉस जितने के बाद पहले क्षेत्र रक्षण करने का जो फैसला किया वह पाकिस्तान के लिए घातक सिद्ध हुआ। भारतीय टीम के ओपनर इशान किशान ने पाकिस्तानी बालरों की बाखिया उधेड़ कर रख दी। सिर्फ 22 गेंदो में उन्होंने अर्धशतक जड़ दिया और इस तरह पाकिस्तान के खिलाफ सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाले बल्लेबाज बन गये। इशान किशन ने 40 गेंदो पर 77 रनों की धुंआधार पारी खेली जिसकी बदौलत टीम इंडिया ने प्रेमदासा स्टेडियम में सर्वाधिक 164 रन बनने का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 175 रन बना डाले। हालांकि पाकिस्तान ने पहली बार छह स्पीनरों को खिलाया था और ऐसा करने वाली पाकिस्तान दुनिया की पहली टीम बन गई है। इशान किशन ने पाकिस्तान के सभी स्पीनरों की जमकर खबर ली। यह तो गनीमत है कि पाकिस्तान कप्तान ने अपने तुरूप के इक्के उसमान तारिक को उनके खिलाफ गेंदबाजी करने के लिए नहीं भेजा वरना वे उसकी भी धज्जी उड़ाकर रख देते। गौरतलब है कि पाकिस्तान ने टी-20 वर्ल्ड कप में उसमान तारिक को एक बड़ा हौवा बताते हुए भारत को डराने की कोशिश की थी किन्तु उसमान तारिक भारतीय बल्लेबाजों के सामने प्रभावहीन रहे। हालांकि उन्हें एक विकेट जरूर मिला। गौरतलब है कि उसमान तारिक के गेंदबाजी एक्शन को लेकर विवाद खड़ा हुआ था और मामला आसीसी तक पहुंचा था जहां से उन्हें क्लीन चिट मिल गई थी। बहरहाल टीम इंडिया ने 7 विकेट पर 175 रन बनाकर आधा मैदान पहले ही जीत लिया था बाकि का काम भारतीय गेंदबाजों ने पूरा किया। पहले ही ओवर में हार्दिक पांडया ने एक विकेट चटका कर सनसनी फैला दी और दूसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लेकर पाकिस्तान की कमर तोड़ कर रख दी। इसके बाद पाकिस्तानी बल्लेबाज तू चल मैं आया कि तर्ज पर आउट होते चल गये। नतजीतन पाकिस्तान पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और 18 ओवर में ही पवेलियन लौट गई। पाकिस्तान 61 रनों से यह मैच हार गया। रनों के हिसाब से यह पाकिस्तान पर भारत की सबसे बड़ी जीत है। इसी के साथ ही टी-20 वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को आठवीं बार परास्त करके भी एक नया कीर्तिमान रच दिया है। भारत की इस शानदार जीत के बाद पूरे भारत में लोगों ने ऐसे जश्न मनाया जैसे टीम इंडिया ने वर्ल्ड कप ही जीत लिया हो। यही नहीं बल्कि अफगानिस्तान में भी लोग सड़को पर उतर आये और भारत के जीत की खुशी मनाई। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान में मातम पसर गया और हमेशा की तरह इस बार भी पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसकों ने अपनी टीम की शर्मनाक हार का गुस्सा टीवी फोड़कर निकाला और कहा कि पाकिस्तान की टीम सबसे घटिया टीम है और इसे तो अभी गली मोहल्ले की ही क्रिकेट खेलनी चाहिए। उनका यह गुस्सा स्वाभाविक है क्योंकि पाकिस्तानी टीम भारत के साथ होने वाले हर मैच के पहले सिर्फ बड़ी बड़ी बातें करती हैं लेकिन जब मैदान पर उतरती है तो पाकिस्तानी क्रिकेटरों की टीम इंडिया के सामने टांगे थरथराने लगती हैं। वैसे भी भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हर मैच ने दोनों टीमों पर भारी मानसिक दबाव होता है क्योंकि न तो भारत के लोग अपनी टीम को पाकिस्तान के हाथों हारते हुए देखना चाहते हैं न ही पाकिस्तान के क्रिकेट प्रेमी भारत के हाथों पाकिस्तान की पराजय को बर्दाशत कर पाते हैं। यह बात अलग है कि हर बार पाकिस्तान को भारत से करारी शिकस्त झेलनी पड़ती है। अब तो पाकिस्तानी क्रिकेट प्रेमी ही नहीं बल्कि खुद पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के खिलाड़ी भी मन ही मन यह मना रहे होंगे कि इससे तो अच्छा होता कि पाकिस्तानी क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आईसीसी के दबाव में नहीं आता तो न खेलने के फैसले पर कायम रहता तो उसे भारत के हाथों एक बार और पीटे जाने पर शर्मसार नहीं होना पड़ता अब तो पाकिस्तान के लिए वर्ल्ड कप के सुपर 8 में पहुंचने की भी संभावना धूमिल हो गई है उसका अगला मुकाबला नामिबिया से है जिसने भारत को भी कड़ी चुनौती दी थी यदि पाकिस्तान नामीबिया से हार जाता है तो वर्ल्ड कप से बाहर हो जाएगा। भारतीय क्रिकेट प्रशंसक तो यह दुआ कर रहे हैं कि पाकिस्तान नामीबिया को हराने में कामयाब हो जाये ताकि टीम इंडिया को पाकिस्तान के साथ वर्ल्ड कप में एक और मैच खेलने का और उसे फिर बुरी तरह हराने का मौका मिले।

महेन्द्र तिवारी

दक्षिण एशिया की राजनीति में समय-समय पर ऐसे मोड़ आते रहे हैं जो केवल किसी एक देश के सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं रहते, बल्कि पूरे क्षेत्र की कूटनीतिक दिशा और सामाजिक मनोविज्ञान को प्रभावित करते हैं। बांग्लादेश में हाल ही में हुए संसदीय चुनावों और उसके बाद तारिक रहमान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने की तैयारी को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। यह घटना केवल एक राजनीतिक दल की जीत या एक नेता के उदय का प्रसंग नहीं है, बल्कि एक ऐसे दौर का संकेत है जिसमें जनता की आकांक्षाएँ, लोकतांत्रिक संस्थाओं की विश्वसनीयता और पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की नई व्याख्या सामने आ सकती है। वर्षों तक राजनीतिक ध्रुवीकरण और सत्ता संघर्ष से गुजरने के बाद यह परिवर्तन उस समाज की बेचैनी और उम्मीदों दोनों को प्रतिबिंबित करता है।

परिवर्तन की दहलीज पर बांग्लादेश

तारिक रहमान का राजनीतिक सफर स्वयं बांग्लादेश के हालिया इतिहास का एक प्रतीकात्मक प्रतिबिंब रहा है। एक ऐसे परिवार में जन्म लेने के कारण जहाँ राजनीति जीवन का स्वाभाविक हिस्सा थी, उन्होंने सत्ता के निकट रहकर अवसर भी देखे और विवादों का सामना भी किया। भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते देश छोड़ना और लंबे समय तक विदेश में रहना उनके जीवन का वह अध्याय रहा जिसने उन्हें आलोचना और सहानुभूति दोनों दिलाई।

निर्वासन के वर्षों में उन्होंने पार्टी के भीतर रणनीतिक भूमिका निभाई, जिससे यह धारणा बनी कि वे भले ही भौगोलिक रूप से दूर हों, लेकिन राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं। जब परिस्थितियाँ बदलीं और वे वापस लौटे, तो उनकी वापसी केवल व्यक्तिगत पुनर्स्थापना नहीं थी, बल्कि उनके समर्थकों के लिए एक प्रतीकात्मक पुनरागमन था – एक ऐसा क्षण जिसमें वे स्वयं को एक वैकल्पिक नेतृत्व के रूप में प्रस्तुत कर सके। 2024 के जनआंदोलन ने बांग्लादेश की राजनीति में जो उथल-पुथल पैदा की, उसने सत्ता संरचना को बदलकर रख दिया। लंबे समय तक प्रभावशाली रही अवामी लीग को सत्ता से हटना पड़ा और इससे राजनीतिक रिक्तता उत्पन्न हुई। इस रिक्तता को भरने के लिए जो चुनाव हुए, उनमें मतदाताओं की भागीदारी और परिणामों ने स्पष्ट संकेत दिया कि जनता परिवर्तन की आकांक्षा रखती है। यह परिवर्तन कितना स्थायी या प्रभावी होगा, यह भविष्य के शासन पर निर्भर करेगा, लेकिन तत्कालीन परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया अभी भी जनता के लिए अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है। चुनावों में विपक्ष की अनुपस्थिति या सीमित भागीदारी पर सवाल भी उठे, परंतु इसके बावजूद यह घटना राजनीतिक शक्ति संतुलन में निर्णायक बदलाव के रूप में दर्ज हुई। तारिक रहमान की जीत के साथ उनके सामने जो जिम्मेदारियाँ आई हैं, वे केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि नैतिक और संस्थागत भी हैं। एक ऐसे देश में जहाँ राजनीतिक प्रतिस्पर्धा अक्सर वैचारिक से अधिक व्यक्तिगत संघर्ष में बदल जाती रही है, वहाँ लोकतांत्रिक विश्वास बहाल करना सबसे बड़ी चुनौती है। कानून-व्यवस्था की मजबूती, न्यायिक प्रक्रिया की निष्पक्षता और आर्थिक स्थिरता को सुनिश्चित करना केवल नीतिगत निर्णयों से नहीं बल्कि शासन की विश्वसनीयता से भी जुड़ा होता है। जनता के लिए परिवर्तन का अर्थ केवल नेतृत्व बदलना नहीं बल्कि जीवन की परिस्थितियों में ठोस सुधार देखना है। यदि नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह सत्ता परिवर्तन इतिहास में सकारात्मक मोड़ के रूप में दर्ज होगा; अन्यथा यह

भी अस्थायी राजनीतिक उतार-चढ़ाव की श्रेणी में शामिल हो सकता है। इस पूरे घटनाक्रम का एक महत्वपूर्ण आयाम भारत-बांग्लादेश संबंधों से भी जुड़ा है। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक निकटता, ऐतिहासिक अनुभव और आर्थिक साझेदारी लंबे समय से संबंधों को आकार देते रहे हैं। सत्ता परिवर्तन के साथ यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि नई सरकार इन संबंधों को किस दिशा में ले जाएगी। भारत द्वारा प्रतिनिधि भेजकर शपथ समारोह में भागीदारी जताना कूटनीतिक निरंतरता का संकेत है, वहीं नई सरकार द्वारा संबंधों को पुनर्परिभाषित करने की इच्छा एक नए संवाद की संभावना खोलती है। सीमा प्रबंधन, जल बंटवारा, व्यापार और सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे केवल द्विपक्षीय समझौतों का विषय नहीं बल्कि लाखों लोगों के जीवन से जुड़े प्रश्न हैं। इसलिए इन पर होने वाला संवाद आने वाले वर्षों में क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद उत्पन्न राजनीतिक विमर्श भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन के साथ आरोप-प्रत्यारोप और वैचारिक संघर्ष सामने आते हैं, परंतु दीर्घकालीन स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता संस्थागत मर्यादा के भीतर रहे। यदि नई सरकार अपने विरोधियों को केवल राजनीतिक पराजित मानने के बजाय लोकतांत्रिक प्रक्रिया का हिस्सा समझे, तो इससे राजनीतिक वातावरण में संतुलन आ सकता है। वहीं यदि प्रतिशोध की भावना हावी होती है, तो इससे सामाजिक विभाजन गहरा सकता है। यह संतुलन साधना किसी भी नए नेतृत्व के लिए सबसे कठिन परीक्षा होती है।

तारिक रहमान का शपथ ग्रहण इस मायने में प्रतीकात्मक भी है कि यह परंपराओं से अलग आयोजन के रूप में सामने आया है। स्थान और स्वरूप में परिवर्तन को केवल औपचारिक बदलाव के रूप में नहीं बल्कि राजनीतिक संकेत के रूप में भी देखा जा सकता है। ऐसे प्रतीक अक्सर जनता के मन में नए अध्याय की अनुभूति पैदा करते हैं। हालाँकि वास्तविक परिवर्तन प्रतीकों से आगे बढ़कर नीतियों और क्रियान्वयन में दिखाई देता है। इसलिए यह क्षण जितना आशा का है, उतना ही सावधानी से मूल्यांकन का भी है। दक्षिण एशिया का इतिहास बताता है कि राजनीतिक परिवर्तन अक्सर भावनात्मक ऊर्जा से भरे होते हैं, परंतु उनकी सफलता प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समावेशन पर निर्भर करती है। बांग्लादेश ने आर्थिक विकास, शिक्षा और सामाजिक सूचकांकों में पिछले दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिसे बनाए रखना और आगे बढ़ाना किसी भी सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। साथ ही वैश्विक आर्थिक दबाव, जलवायु परिवर्तन और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दे ऐसे हैं जिनसे निपटने के लिए संतुलित कूटनीति और दूरदर्शी नीतियों की आवश्यकता होगी। अंततः यह कहा जा सकता है कि तारिक रहमान का सत्ता में आगमन केवल एक राजनीतिक घटना नहीं बल्कि एक संभावनाओं से भरा क्षण है। इसमें उम्मीद भी है और अनिश्चितता भी, समर्थन भी है और आलोचना भी। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी में है कि वह किसी भी परिवर्तन को अंतिम सत्य नहीं मानता, बल्कि उसे निरंतर संवाद और मूल्यांकन की प्रक्रिया का हिस्सा बनाता है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह नया अध्याय किस दिशा में आगे बढ़ता है, परंतु फिलहाल यह घटना उस क्षेत्रीय राजनीति की धड़कन को सुनने का अवसर देती है जहाँ जनता, नेतृत्व और पड़ोसी देश मिलकर इतिहास की अगली पंक्तियाँ लिखते हैं।

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफइंडिया लिमिटेड (सेल), भविष्य के लिए एक नई और मजबूत योजना पर काम कर रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारना और बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना है। सेल का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने ऋण को कम करना है। इससे कंपनी के पास भविष्य के बड़े निवेशों (ष्टक्क्रश्वङ्ग) के लिए ज्यादा पैसा और आजादी होगी। कंपनी अपनी उत्पादन लागत को कम करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान दे रही है ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके।

सेल का नया शिखर : 200 लाख टन बिक्री का लक्ष्य

भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक इस्पात कंपनी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भविष्य के लिए एक नई और मजबूत योजना पर काम कर रही है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य अपनी वित्तीय स्थिति को सुधारना और बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करना है। सेल का सबसे बड़ा लक्ष्य अपने ऋण को कम करना है। इससे कंपनी के पास भविष्य के बड़े निवेशों (CAPEX) के लिए ज्यादा पैसा और आजादी होगी। कंपनी अपनी उत्पादन लागत को कम करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने पर ध्यान दे रही है ताकि मुनाफा बढ़ाया जा सके।

सेल अपनी पहुंच बढ़ा रही है ताकि देश में स्टील की बढ़ती मांग का फायदा उठाया जा सके। कंपनी ने अपनी इस तरक्की को मापने के लिए एक लक्ष्य रखा है। वित्त वर्ष 2024-25 में जहां बिक्री 179 लाख टन रही, वहीं वित्त वर्ष 2025-26 में इसे बढ़ाकर के लिए 200 लाख टन का लक्ष्य तय किया गया है।

वित्तीय सूझबुझ और दूरदर्शिता की यह गूंज वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान की अर्निंग्स कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान भी सुनाई दी, जहां निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कंपनी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उल्लेख किया कि ऋण (debt) में कटौती काफी महत्वपूर्ण रही है, जिसमें अप्रैल-दिसंबर 2025 की नौ महीने की अवधि के दौरान ?5,000 करोड़ का ऋण चुकता किया गया है। पिछले साल 31 दिसंबर, 2025 तक ऋण ?24,852 करोड़ था, जिसके बाद जनवरी 2026 में ?2,000 करोड़ की और कमी आई। इस अनुशासित ऋण कटौती (deleveraging) ने वित्त लागत को कम किया है और विकास निवेशों के लिए अवसर पैदा किए हैं।

डॉ. पंडा ने बताया, "परिचालन दक्षता, इन्वेंट्री लिक्विडेशन, लागत अनुकूलन और मजबूत ट्रेजरी प्रबंधन



इत्यादि ने मिलकर बेहतर वित्तीय प्रबंधन को संभव बनाया है।" कंपनी की रणनीति ने पहले ही परिणाम दिखाना शुरू कर दिया है। कंपनी की सक्रिय मार्केटिंग पहलों और खुदरा एवं नए ग्राहक समूहों के साथ गहरे जुड़ाव के कारण वित्त वर्ष 2025-26 की नौ महीने की अवधि (अप्रैल'25 - दिसंबर'25) में बिक्री की मात्रा में 16.3त्न की वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रयास ने अप्रैल' 25 - जनवरी' 26 के बीच कुल बिक्री को 16.6 मिलियन टन तक पहुँचा दिया, साथ ही महत्वपूर्ण इन्वेंट्री परिसमापन (inventory liquidation) को भी सक्षम बनाया। सेल ने इन-प्रोसेस और तैयार स्टील स्टॉक दोनों को कम करके, सेल ने नकदी प्रवाह को बढ़ाया है और कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को कम किया, जिससे कंपनी की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई।

कंपनी लागत कम करने के लिए ऑपरेशनल लिवर्स को भी तेज किया जा रहा है। सालाना मैनपावर में कमी से प्रति टन कार्मिक लागत दक्षता में लगातार सुधार हो रहा है। इसके साथ ही, सेल अनुपालन की जरूरतों के साथ-साथ लागत कम करने के लिए भी अधिक नवीकरणीय ऊर्जा (renewable power) का इस्तेमाल कर रहा है, जिससे ऊर्जा व्यय में संरचनात्मक बचत हो रही है। ये उपाय प्रतिस्पर्धात्मकता को सुदृढ़ करते हुए कंपनी के व्यापक स्थिरता एजेंडे के साथ मेल खाते हैं।

कंपनी के भविष्य के विज़न पर सेल के निदेशक (वित्त) एवं निदेशक वाणिज्य का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे डॉ. ए.के. पंडा ने कहा: "कंपनी कर्ज कम करके, इन्वेंट्री की अधिक कुशलता से प्रबंधन करके और केंद्रित मार्केटिंग पहलों के मध्यम से अपनी पहुंच का विस्तार करके, विस्तारीकरण की तैयारी के साथ-साथ अपनी नींव को मजबूत कर रहा है। बढ़ती मांग, एक मजबूत कैपेक्स (CAPEX) पाइपलाइन और स्थिरता व ग्रीन स्टील के प्रति स्पष्ट प्रतिबद्धता के साथ, हम वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 200 लाख टन की बिक्री हासिल करने और आने वाले वर्षों में और भी ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने के प्रति आश्वस्त हैं - जो आज की ताकत को कल के अवसर में बदल देगा।"

सद्‌गुरू बोधामृतम्



सदगुरू ऋतेश्वर

◆ ये सश्ष्टि का कण-कण मेरा ही विस्तार है। एक कण जो थोड़ा अलग चल रहा है वो जुड़ जाता है तो और तीव्रता से आगे बढ़ जाता है, फिर आनंद की सागर में दोनों लहरों में गोता खाते हुए चल पड़ते है, दुखी नहीं होते हैं। तुम भी दुखी मत होना; इस कला को सीखो।

◆ जो संत हैं, जो सद्?गुरु हैं उनके प्राण धन केवल श्रीकृष्ण हैं और कोई नहीं। और श्री कृष्ण के हैं उनके सच्चे भक्त।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1883 - ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफहथियारबंद संघर्ष की शुरुआत करने वाले क्रान्तिकारी वासुदेव बलवंत का निधन। 1909 - अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन। 1915 - गांधी जी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया। 1927 - वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की। 1931 - लॉर्ड इरविन ने गांधी जी का स्वागत वायसराय निवास में किया। 1933 - अमेरिका की साप्ताहिक पत्रिका 'न्यूजवीक' प्रकाशित हुयी। 1934 - पर्वतारोहण के दौरान बेल्जियम नरेश अल्बर्ट प्रथम की मौत हुई। 1945 - सोवियत जवाबी कार्रवाई के दबाव में राकेट विशेषज्ञ वर्नर वान ब्राउन और अन्यों को वी-12 राकेट केन्द्र जर्मनी को ख़ाली करना पड़ा। 1959 - वेनगार्ड 2 नामक पहला मौसम उपग्रह कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। 1962 - जर्मनी के हैम्बर्ग में तूफान से 265 लोगों की मौत।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जहाँ पृथ्वी पर 71 प्रतिशत पानी है और धरती है केवल 29 प्रतिशत फिर भी कभी पृथ्वी पानी में डूबकर खत्म नहीं हुई और न ही कभी बंजर हुई धरती वास्तविकता के साथ अस्तित्व में रहते हुए बनी रही नमी धरती के हृदय के अंतस में खारेपन की अधिकता में जीते हुए ऐसा ही है प्रेम हमारा जमीन और पानी की तरह न कंठ सूखता है न आँखों से नमी जाती है।

- अनामिका चक्रवर्ती

तुम ही सृष्टि तुम से ही दृष्टि तुम ही श्री तुम से ही ये सुंदर संसार तुम ही शीतांशु तुम से ही शीतलता जीवन मे तुम ही प्रभाकर तुम से ही जीवन मे प्रभा तुम ही विभा तुम से ही आभा मेरे जीवन मे। ऋतु जो जीवन के हर कण में है वो स्मृति कैसे हो सकती है। **- ऋतु दुबे**

ताने देकर रोज ही, करती हो हलकान। प्रेम दिवस पर दीजिए, प्रिये मुझे सम्मान। प्रिये मुझे सम्मान, मित्र को मैं बतलाऊँ। पत्नी मेरा प्यार, बता कर खूब चिढ़ाऊँ। मुझे बताओ आज, प्रेम के क्या है माने। खटक गई है बात, सुनूँगा फिर से ताने।। **- अंजली यादव**

आया वसंत नहि घर पे कन्त कैसा वसंत? देखि वसंत पतझड़ का अंत दिक दिगान्त हर्षित जग करते कलरव नभ विहंग/खिला सुमन देखि मुदित मन बिहसे जन वसंत लाया फूलो ने महकाया कंचन काया।

- राजकिशोर मिश्र 'राज'

भाग्य से दिल लगाना मुनासिब नहीं। रूठकर बैठ जाना मुनासिब नहीं। इल्म, इल्हाम हैं रूह की ताजगी, इनसे' दूरी बनाना मुनासिब नहीं। लोकशाही का' ये स्याह-सा दौर है, प्रश्न कोई उठाना मुनासिब नहीं। खत्म करती नहीं चुप्पियाँ हलचलें, शोर दिल का दबाना मुनासिब नहीं। भूलकर भी न जिनसे मिला दिल कभी, हाथ उनसे मिलाना मुनासिब नहीं। काम दो हाथ को आत्मनिर्भर करो, मुफ़्त रेवड़ी लुटाना मुनासिब नहीं। जिस्म सुंदर नुमायां सरेआम है, रील ऐसे बनाना मुनासिब नहीं। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

मैं तुम्हें चूमना चाहती हूँ जैसे श्रद्धा से चूमता है कोई ईश्वर की दहलीज मैं तुम्हें चूमना चाहती हूँ जैसे मां अपने बच्चे को स्तनपान कराती समय चूमती है उसका अंगूठा मैं तुम्हें चूमना चाहती हूँ जैसे चूमती है नदी तलहटी में स्थित पत्थरों को और तुम्हारा मुझे चूमना कुछ इस तरह से होगा जैसे अंनत काल से पड़े अज्ञानता की राशि को छूती है ज्ञान की रोशनी।

- सरिता सैल

प्रेमी से ज्यादा उसका शहर समझता है मुझे जब जब गई उस तक उसने भर लिया आग़ोश में शहर लिखता रहा प्रेम से प्रेमी को हर दृश्य में। उसने कहा चलो तुझे घुमाकर कर लाता हूँ मैं चली गई साथ उसके वह बढ़ता रहा आगे उसके पदचिह्नों ने सम्हाला मुझे। प्रेमी की पकड़ में अकुलाहट को महसूस किया जब आजाद किया उसने लौट सकी मैं पुनः प्रेम में।

- कल्पना मनोरमा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी।

वृष : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके व्यापार में रोज की अपेक्षा ज्यादा लाभ होगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा।

मिथुन: आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आज आप जो भी काम करेंगे वह पूरे मन से करेंगे, इससे नया अनुभव आपको मिलेगा।

कर्क: आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है।

सिंह : आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा।

कन्या: आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। व्यवसाय कर रहे लोग व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कामयाब होंगे।

तुला: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बेवजह की उलझन से दूर होकर आप किसी मंदिर या धार्मिक स्थल पर अपना समय बिताएंगे।

धनु : आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा। किसी पार्क में परिवार वालों के साथ घूमने का प्लान कैंसिल होने की सम्भावना है। पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा।

मकर : आज आपका दिन बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जायेंगे।

कुम्भ : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति की मदद करेंगे जिससे पूरा दिन आपके अंदर पाजिटीविटी बनी रहेगी। आज आप जिस भी काम की शुरुआत करेंगे वह समय से पूरा हो जायेगा।

मीन : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप माता को कुछ गिफ्ट दे सकते है आपकी माता को खुशी होगी। आज आपका रुका हुआ काम पूरा होगा। आज आप बोलने के बजाए सुनने पर ज्यादा ध्यान दें।

QUIZ TIME

1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?

2) हाल ही में किस न्यूरो टेक्नोलॉजी कंपनी ने मानव मस्तिष्क में पहली कंप्यूटर चिप लगाई है?

3) भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ है?

4) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बलिया में किसने समानांतर सरकार स्थापित की थी?

5) उत्तराखण्ड की पहली महिला मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) कच्छ (2) न्यूरालिंक (3) 12 (4) चित्तू पांडेय (5) राधा रतूड़ी

पहेली

संक्षिप्त खबर

शहर में यातायात का दबाव कम करने सीआईटी बायपास और ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा से भारी वाहन होंगे डायवर्ट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक सीआईटी बायपास और ट्रांसपोर्ट नगर मार्ग से भारी वाहनों का डायवर्सन किया जा रहा है। वर्तमान में शहर का निरंतर विस्तार और वाहनों की संख्या में वृद्धि होने से पेण्ड्री, राज इम्पीरियल चौक, आरके नगर चौक, बीजेपी कार्यालय तिराहा और राम दरबार चौक में यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। सुबह और शाम के समय भारी वाहनों के शहर में प्रवेश करने से सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप के नेतृत्व में रूट डायवर्ट किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाए रखने के लिए पूर्व से निर्मित बायपास मार्ग से भारी वाहनों का डायवर्सन सुनिश्चित किया गया है। सीआईटी कट चौक और ट्रांसपोर्ट नगर तिराहा पर यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चालू रखने पॉइंट ड्यूटी पर जवान तैनात किया गया है। डायवर्सन फ्लेक्स भी लगाया गया है।

भोरमदेव शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी और गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दी गई है। जिन कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, वे तत्काल कारखाना परिसर स्थित गन्ना विभाग अथवा अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने अपना शेष गन्ना जूस, बीज अथवा गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा है तथा शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते हैं, उनसे कारखाना के गन्ना विभाग को लिखित सूचना उपलब्ध कराने कहा गया है। कारखाना प्रबंधन ने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 19 फरवरी 2026 तक कारखाना परिसर में पहुँचाना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात गन्ना उपलब्ध नहीं कराने की स्थिति में कारखाना प्रबंधन किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति अथवा दावे के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।

अब हर सोमवार को आयोजित किया जाएगा कलेक्टर जनदर्शन

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आम जनता के सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक मंगलवार को साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक के बाद आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम की तिथि को संशोधित कर मंगलवार 17 फरवरी के बाद आगामी सप्ताह से प्रत्येक सोमवार को आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंगलवार 17 फरवरी को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित होने वाला कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम पूर्ववत जारी रहेगा। इसके बाद 23 फरवरी से प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से युवाओं को मिल रहा रोजगार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत जिला कौशल विकास प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा जिले में युवाओं को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में प्रभावी सिद्ध हो रहे है और कौशल उन्नयन होने से युवाओं को रोजगार उपलब्ध हो रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा निजी संस्थाओं में रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे है। मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम टेड़ेसरा निवासी हर्ष साहू ने डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर का प्रशिक्षण प्राप्त किया है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें निजी संस्था टेक्नोटास्क में रोजगार प्राप्त हुआ। हर्ष साहू ने बताया कि कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी ज्ञान व व्यवहारिक दक्षता के कारण उन्हें रोजगार मिला है। ग्राम अंजोरा (ख) जिला दुर्ग निवासी आकांक्षा कुशवाहा ने डोमेस्टिक डाटा एण्ट्री ऑपरेटर प्रशिक्षण प्राप्त कर टेक्नोटॉस्क में रोजगार का अवसर मिला है। ग्राम थनौद जिला दुर्ग के आशीष पटेल ने प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद वायडी फूड प्रोडक्ट में रोजगार मिला। अब वह परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

महिला सट्टेबाज गिरफ्तार, व्हाट्सएप ग्रुप से चल रहा था सट्टा नेटवर्क

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम पुलिस द्वारा जिले में अवैध सट्टा गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो महिला सट्टेबाजों को गिरफ्तार किया गया है। जांच के दौरान व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से सट्टा संचालन का खुलासा हुआ। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वार्ड 1 शिवाजी कॉलोनी कवर्धा में पुलिस टीम ने नंदनी उर्फ नीलू गुप्ता (42 वर्ष) पति विक्रम गुप्ता को घर के सामने अवैध रूप से अंकों पर सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के कब्जे से सट्टा-पट्टी, नगद रकम और पेन जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई। इसी तरह वार्ड 5 लोहाराना के दीवारपारा क्षेत्र निवासी पूजा बांधेकर (28 वर्ष), पति संदीप बांधेकर को सट्टा गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। इस मामले में पृथक अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

महतारी वंदन योजना में पूरे प्रदेश में अव्यवस्था

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना को लेकर महिलाओं ने नाराजगी जताई है। योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये देने का वादा किया गया था। लेकिन, कई जिलों में विधवा और वृद्ध महिलाओं को नवंबर माह से योजना की अंतर राशि नहीं मिली है। महिलाओं के खातों में केवल 500 रुपये प्रतिमाह ही जमा किए जा रहे हैं, जिससे सरकार के महिला सशक्तिकरण के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।राजनांदगांव सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों से पीड़ित महिलाएँ अपनी समस्या लेकर नगर निगम और संबंधित कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। बसंतपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में निगम पहुंचीं और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लंबित अंतर राशि के तत्काल भुगतान और नवविवाहित महिलाओं के लिए बंद पड़े पोर्टल को तुरंत खोलने की मांग की गई।

विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से 8.69 करोड़ का भुगतान जारी

होली से पहले गन्ना किसानों को मिली खुशियों की सौगात

कवर्धा/नवप्रदेश। पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के गन्ना किसानों को होली पर्व से पहले बड़ी सौगात मिली है। लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित पंडरिया द्वारा पेराई सत्र 2025-26 के अंतर्गत गन्ना विक्रेता कृषकों को 8 करोड़ 69 लाख रुपये का भुगतान जारी किया गया है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता से किसानों को मिली इस सौगात को लेकर किसानों में उत्साह दिख रहा है। इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप व वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

कारखाना के प्रबंध संचालक उत्तर कुमार कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना विक्रेता किसानों से एफआरपी राशि 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गन्ना खरीदी की गई थी,

जिसका कुल भुगतान योग्य राशि 40 करोड़ 5 लाख रुपये है। पूर्व में 3 करोड़ 45 लाख रुपये किसानों को प्रदान किए जा चुके थे। शेष 36 करोड़ 6 लाख रुपये की देय राशि में से विधायक भावना बोहरा के अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप दिनांक 26 नवम्बर 2025 से 08 दिसंबर 2025 तक गन्ना विक्रय करने वाले कुल 2556 कृषकों को 329.05 रुपये प्रति क्विंटल की दर से 8 करोड़ 69 लाख रुपये का भुगतान होली पर्व से पूर्व जारी कर दिया गया है। अब तक कुल 12 करोड़ 15 लाख रुपये किसानों के खातों में अंतरित किए जा चुके हैं तथा शेष राशि का भुगतान भी अतिशीघ्र किया जाएगा।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी किसानों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसान हित और उनका आर्थिक सशक्तिकरण करना उनकी प्राथमिकता में रहा है। गन्ना किसानों की मेहनत का पूरा मूल्य उन्हें मिले, इसके लिए हम लगातार प्रयास कर रहें हैं। होली जैसे पावन पर्व से पूर्व किसानों के खातों में राशि पहुंचना उनके परिश्रम का सम्मान है। शेष भुगतान भी शीघ्र सुनिश्चित किया जाएगा।

जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ समाधान

■ **प्रशासनिक अमले के साथ बस में सवार होकर पहुंचे कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ और अपर कलेक्टर**

बालोद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल ग्राम पटेली में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। यहां पटेली सहित ठेमाबुजुर्ग, ओरगांव, घोटिया, पचेड़ा, भर्रीटोला 36 और ढोर्रीठेमा सहित अंचल के अनेक गांवों के निवासियों की समस्याओं का समाधान शिविर में किया गया।

शिविर में ग्रामीणों से आवेदनों का परीक्षण कर संबंधित विभागों

के द्वारा उनके विभिन्न मांगों व समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। शिविर में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक के साथ सभी जिला स्तरीय अधिकारी एक साथ बस में सवार होकर जनसमस्या निवारण शिविर में पहुँचे।

शिविर में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि चेमन देशमुख, राज्य एथेलेटिक्स संघ के उपाध्यक्ष सौरभ लुनिया, जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मुकेश कौड़ो, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, जिला पंचायत सदस्य मिथलेश निरोटी, वनमण्डलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर, जनपद पंचायत के सीईओ डीडी मण्डले सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

कलेक्टर ने शिविर में उपस्थित लोगों को जीवन में स्वच्छता के महत्व की जानकारी देते हुए स्वयं स्वच्छ रहने और स्वच्छता के प्रति सजग रहने और इसके लिए समय देकर स्वच्छता के कार्य में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई। उन्होंने शिविर में उपस्थित लोगों को बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए बाल विवाह के रोकथाम के पुनीत कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की भी शपथ दिलाई।

मधुमक्खियों के हमले से खेत में काम कर रहीं चार महिलाएं ज़ख्मी

कवर्धा/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भागूटोला में खेत में काम कर रहीं महिलाओं पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। दोपहर के समय गांव की महिलाएं खेत में कृषि कार्य कर रही थीं। इसी दौरान पास के पेड़ के छत्ते से मधुमक्खियों ने महिलाओं पर हमला कर दिया।

मधुमक्खियों के हमले से मौजूद महिलाओं में चीख-पुकार मच गई। बचने के लिए महिलाएं इधर-उधर भागने लगीं। मधुमक्खियों के डंक से चार महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। ग्रामीणों ने मधुमक्खियों को भगाने का प्रयास किया और घायल महिलाओं को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। प्राथमिक सहायता देने के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल कवर्धा ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार, महिलाओं को शरीर के विभिन्न हिस्सों में कई डंक लगे हैं। सभी की हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन एहतियातन निगरानी में रखा गया है।

गृहमंत्री के गृह जिले में बेलगाम अपराध, कानून व्यवस्था चरमराई : नवीन जायसवाल

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के गृहमंत्री के गृह जिले कवर्धा में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। कवर्धा में लगातार हत्या, लाश मिलने और धार्मिक स्थलों में तोड़फ़ोड़ जैसी घटनाएं आम बात हो चुकी हैं। अब यही हाल पंडरिया का भी हो गया है। कुछ महीने पहले पंडरिया में पुलिस थाना के सामने एक व्यक्ति की निर्मम हत्या हुई। हाल ही में हरिनाला के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली। कवर्धा के लालपुर नर्सरी के पास भी कुछ हफ्ते पहले शव बरामद हुआ, लेकिन आज तक इस मामले में आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाए हैं।

ग्राम अंधियारखोर (पाडांतरई) में ठाकुर जी की मूर्ति के साथ अज्ञात लोगों द्वारा तोडफ़ोड़ की गई, जिससे ग्रामवासियों व क्षेत्र की धार्मिक भावना को गहरी ठेस पहुंची है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह साफ दर्शाता है कि जिले में अपराधियों के हौसले किस कदर बुलंद हैं। पंडरिया में अपराध नियंत्रण के लिए स्थानीय विधायक द्वारा सीधे पंडरिया टीआई की नियुक्ति करवाई गई थी, लेकिन अपराध कम होने की बजाय लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

जायसवाल ने कहा कि बड़ा सवाल यह है कि प्रदेश के गृहमंत्री स्वयं इसी जिले और विधानसभा से आते हैं, इसके बावजूद कानून व्यवस्था इतनी बदतर क्यों है। जिस जिले से गृहमंत्री आते हैं, वही जिला हत्या, लूट, व धार्मिक अपमान का केंद्र बन गया है। यहां कानून व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है।

स्टैंप पेपर पर किए वचन निभा रहे पार्षद सुमित शर्मा

■ **कार्यकाल का एक साल पूरा होते ही वार्ड में दिखा विकास का असर**

बालोद/नवप्रदेश। नगर के वार्ड क्रमांक 12 में जनसेवा और विकास कार्यों की सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। पार्षद सुमित शर्मा के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर उनके द्वारा चुनाव के समय स्टैंप पेपर पर किए गए वचनों को पूरा करने की पहल की चर्चा हो रही है। चुनाव के दौरान पार्षद ने स्टैंप पेपर पर वार्ड के विकास और जनहित से जुड़े कई वादे किए थे, जिन्हें अब एक-एक कर पूरा किया जा रहा है।

पार्षद सुमित शर्मा ने बताया कि जनता से किया गया वादा उनके लिए केवल घोषणा नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। इसी भावना के साथ उन्होंने वार्ड में विभिन्न सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य किए हैं। कार्यकाल के एक वर्ष के भीतर कई योजनाओं का लाभ सीधे वार्डवासियों तक पहुंचाया गया है।

श्रमिक वर्ग को योजनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से वार्ड में श्रम विभाग का विशेष कैंप आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 100 लोगों का श्रम कार्ड बनाया गया और उनकी केवाईसी प्रक्रिया पूरी कराई गई। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास उपलब्ध कराया गया, जिससे कई गरीब परिवारों का पक्का घर का सपना साकार हुआ। 110 से अधिक लोगों को राशन कार्ड का लाभ दिलाकर उन्हें सरकारी खाद्यान्न योजना से जोड़ा गया।

तांदुला नदी में नीर चेतना अभियान

कलेक्टर ने बोरी बंधान के काम में बंटाया हाथ

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा व जिला प्रशासन के अधिकारियों ने आज डौण्डी विकासखण्ड के वनांचल के ग्राम ठेमाबुजुर्ग में तांदुला नदी पर नीर चेतना अभियान के अंतर्गत चल रहे बोरी बंधान के कार्य में हाथ बंटाया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा सहित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, संयुक्त कलेक्टर मधु हर्ष और डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी एक साथ बस में सवार होकर ग्राम ठेमाबुजुर्ग स्थित तांदुला नदी में पहुँचे थे। सभी अधिकारियों ने ठेमाबुजुर्ग के तांदुला नदी में नीर चेतना अभियान के अंतर्गत चल रहे बोरी बंधान के कार्य में सहभागिता निभाई। कलेक्टर सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ पैदल चलकर जल संरक्षण व जल संवर्धन कार्य में जन भागीदारी सुनिश्चित करने का संदेश भी दिया। इस मौके पर कलेक्टर व अधिकारियों ने ग्राम ठेमाबुजुर्ग के दंतेश्वरी मंदिर में पहुँचकर माता दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना भी की। कलेक्टर व अधिकारियों ने मंदिर प्रांगण की सफाई कर स्वच्छता अभियान में भागीदारी सुनिश्चित की। कलेक्टर ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता के प्रति सजग रहने और स्वच्छता के लिए समय देने और हर साल 100 घण्टे यानी हर सप्ताह 2 घण्टे श्रमदान करके स्वच्छता के अभियान में अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

हार्टफुलनेस संस्थान पिछले कई वर्षों से जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय : देवनारायण शर्मा

■ **हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर अम्लेश्वर में एसे राइटिंग इवेंट के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरण किया गया**

अमलेश्वर/नवप्रदेश। हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेंटर अम्लेश्वर द्वारा कॉमनवेल्थ के सहयोग से राज्य स्तर पर हार्टफुलनेस एसे राइटिंग इवेंट 2025 - 26 के प्रतिभागियों के लिए प्रमाणपत्र वितरण समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डेढ़ सौ से अधिक शैक्षणिक संस्थानों, स्कूलों एवं कॉलेजों से विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में लगभग 300 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी को हार्टफुलनेस की निर्देशित ध्यान प्रक्रिया एवं तनाव मुक्ति अभ्यास कराया गया। ध्यान सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने आंतरिक शांति का अनुभव किया तथा तनाव में कमी महसूस की। उपस्थित विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बताया कि अभ्यास के पश्चात उन्हें मानसिक हल्कापन, सकारात्मकता और एकाग्रता में वृद्धि का अनुभव हुआ।

आयोजकों ने बताया कि हार्टफुलनेस का उद्देश्य व्यक्ति को स्वयं से जोड़कर संतुलित एवं स्वस्थ जीवन शैली की ओर प्रेरित करना है। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भावनात्मक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हार्टफुलनेस संस्थान पिछले कई वर्षों से जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय है तथा यह विश्व के 160 से अधिक देशों में संचालित होकर लोगों को ध्यान, आत्मविकास एवं तनाव-मुक्त जीवन की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है।

जोनल कोऑर्डिनेटर देवनारायण शर्मा, आश्रम मैनेजर अजय झा, मंच संचालन अर्जुन पाठक एवं अरविंद झा छत्तीसगढ़ निबंध प्रमुख आग्नेय बंटी शर्मा एवं सहयोगी वॉलिंटियर स्वामी राम तिलक गजेंद्र भोई सर्टिफाइड ट्रेनर मीडिया प्रभारी दिलीप तिवारी प्रमुख रूप से शामिल रहे। आए सभी अतिथियों का स्वागत एवं उनके प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम स्कूल एवं कॉलेज स्तर पर कराया जाता है जिसका सभी लोगों द्वारा दिल से प्रशंसा एवं यहां के वातावरण दिव्यता को सराहा गया यहां प्रतिदिन सुबह योगाभ्यास एवं मेडिटेशन सर्टिफाइड ट्रेनर द्वारा कराया जाता है जो की पूर्णता निशुल्क है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800067

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी पुरनलाल साहू पिता/पति स्व. शिवदयाल साहू पता मकान नं. 1133 वार्ड 17 शक्तिनगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 536/29(0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राजा साहू पिता/पति पूरनलाल साहू पता शक्तिनगर दुर्ग, रोशन साहू पिता/पति पूरनलाल साहू पता शक्तिनगर दुर्ग, पार्वती साहू पिता/पति पूरनलाल साहू पता शक्तिनगर दुर्ग के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 26.02.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602103800015 /अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक ईस्माईल खान पिता स्व. हिम्मत खान पता खान आटा चक्की, आजाद चौक, कसारीडीह, दुर्ग तह. व जिला-दुर्ग द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग स्थित नजूल शीट नं. 79 ए भूखण्ड क्रमांक 39/1, 39/3,39/5 क्षेत्रफल क्रमशः 47 व.फु 12 व.फु 19 व.फु कुल 78 व.फु भूमि जो हिम्मत खां पिता बलदार खां के नाम पर दर्ज है । भूधारक की दिनांक 22/11/2025 को मृत्यु हो जाने से वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदित भूमि का ओवदकगण के नाम पर फौती / नामांतरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो वह अपना आपत्ति / दावा प्रकरण में प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के भीतर न्यायालय नजूल अधिकारी, दुर्ग के समक्ष स्वतः अथवा अपने प्लीडर के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — **नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602100700029 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दीपाली घोष पिता/पति स्व. वासुदेव घोष अन्य 01 निवासी ग्राम प्रदीप्ति नगर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 221/23 रकबा 0.022 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता प्रमिता घोष पति स्व. भास्कर देव घोष निवासी प्रदीप्ति नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड हकत्याग दिनांक 23.09.2025 को प्राप्त किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड हकत्याग के आधार पर स्वयं के नाम पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18.02.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.02.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती सोनिया सिंह परिहार (SONIA SINGH PARIHAR) पति मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) उम्र-36 वर्ष, निवासी-चित्रकोट सी-15, सातवीं बटालियन, कातुलबोर्ड, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ कि यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे समस्त आवश्यक दस्तावेजों जैसे मेरे आधार कार्ड, मेरे विवाह प्रमाण पत्र इत्यादि में मेरा नाम सोनिया सिंह परिहार (SONIA SINGH PARIHAR) पति मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) दर्ज है जो कि मेरा सहीं एवं वास्तविक नाम है। मेरा विवाह दिनांक 14/05/2011 को मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) के साथ संपन्न हुआ है। मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम(SUMITHRAT K D/O SAMRATH SINGH) दर्ज है जो कि मेरा विवाहपूर्व नाम है। यह कि, मेरा नाम विवाह पश्चात (SMITHRA T K D/O SAMRATH SINGH) से परिवर्तित होकर सोनिया सिंह परिहार (SONIA SINGH PARIHAR) पति मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) हो चुका है अब मैं इसी नाम से जानी, पहचानी जाती हूं एवं हस्ताक्षर आदि करती हूं। यह कि, सोनिया सिंह परिहार (SONIA SINGH PARIHAR) पति मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) एवं (SUMITHRATK D/O SAMRATH SINGH) ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे स्वयं का ही नाम है। यह कि, मैं अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सहीं, वास्तविक एवं विवाहोपरान्त नाम सोनिया सिंह परिहार (SONIA SINGH PARIHAR) पति मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) दर्ज कराना चाहती हूं। अतः यह, शपथपत्र अपने समस्त आवश्यक दस्तावेजों में अपना सहीं, वास्तविक एवं विवाहोपरान्त नाम सोनिया सिंह परिहार (SONIA SINGH PARIHAR) पति मुनेश कुमार परिहार (MUNESH KUMAR PARIHAR) दर्ज करने तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करवाने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती सोनिया सिंह परिहार

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202602100400116 /अ-2/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गंगा साहू पति श्री शंकर साहू निवासी म.नं. 348/1 वार्ड नं. 34 सरस्वती नगर दुर्ग तह व जिला दुर्ग द्वारा नीचे वर्णित अनुसूची में उल्लेखित ग्राम, खसरा, रकबा भूमि के दर्शित प्रयोजन अनुसार छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटलनगर के द्वारा जारी अधीसूचना दिनांक 22.12.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता (व्यपवर्तित भूमि के लिए भू-राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम 2025 में दिये गये निर्धारित प्ररूप-एक में भूमिस्वामी द्वारा भूमि उपयोग के व्यपवर्तन तथा स्वनिर्धारण की सूचना व घोषणा पत्र छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 यथासंशोधित 2022 की धारा 59/172 के तहत् इस न्यायालय में अन्य दस्तावेजों सहित प्रस्तुत किया गया है.

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा हे/ वर्गमीटर	प्रयोजन
ग्राम मोहलई प.ह.न. 02 रा.नि.मं. नगपुरा तह. व जिला दुर्ग	607/10	0.008 हें	आवासीय

अतएव उपरोक्त उपर वर्णित भूमि के व्यपर्वतन/पुर्ननिर्धरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा जारी होने की तिथि से 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति अथवा दावा स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि में दावा आपत्ति के पश्चात् दावा आपत्ति प्राप्त होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

किसानों ने भुगतान की मांग को लेकर कलेक्टर से की मुलाकात, उग्र आंदोलन की चेतावनी

महासमुंद से किसानों का रायपुर ट्रेक्टर रैली 20 फरवरी को

महासमुंद/नवप्रदेश। कावेरी बीज कंपनी द्वारा 132 किसानों एवं मजदूरों से वर्ष 2024-25 के रबी सीजन में किसानों की भूमि लीज (रेंग) पर लेकर बीज उत्पादन कराया गया, मजदूरों से कड़ी मेहनत कराई गई, मशीनरी का उपयोग कराया गया। लेकिन आज तक मेहनताना और लीज राशि का भुगतान नहीं किया गया। जिसको लेकर किसान संगठन ने कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। किसान संगठन ने राशि नही मिलने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

किसानों का कहना है कावेरी बीज कंपनी से कुल बकाया 3,23,26,388 (तीन करोड़ तेइस लाख छब्बीस हजार तीन सौ अठ्यासी रुपये) है। जुलाई 2025 से फरवरी 2026 तक 2% मासिक ब्याज जोड़ने पर 51,72,222 रुपये अतिरिक्त देय है। इस प्रकार कुल बकाया राशि 3,74,98,610 (तीन करोड़ चौहत्तर लाख अट्ठानवे हजार छह सौ दस रुपये) हो चुकी है। किसानों ने बताया कि इस विषय पर किसानों का महत्वपूर्ण बैठक पन्नालाल टावर महासमुंद में सम्पन्न हुआ है। बैठक में उपस्थिति जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चंद्राकर, भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही, प्रभावित किसानों कृष्ण कुमार चंद्राकर, रोशन चंद्राकर, महेन्द्र, बंजारे, प्रवीण चंद्राकर, भीखम चंद्राकर, पंकज चंद्राकर, केशवराम पाल आदि ने कहा कि यह केवल आर्थिक मामला नहीं है, यह किसानों और मजदूरों की मेहनत, सम्मान और जीवन से जुड़ा प्रश्न है। भुगतान न मिलने के कारण कई परिवार कर्ज में डूब चुके हैं, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित है और आजीविका संकट में है।

20 को प्रसंस्करण प्लांट का घेराव करेंगे

शासन-प्रशासन से बार-बार निवेदन करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए बाध्य होकर समस्त प्रभावित किसान एवं मजदूर 20 फरवरी 2026 को रायपुर धनेली स्थित कंपनी के प्रसंस्करण प्लांट का घेराव करेंगे। किसानों ने बताया कि सैंकड़ों ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ विशाल रैली निकालकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। यदि तत्काल प्रभाव से भुगतान सुनिश्चित नहीं किया गया तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से उग्र रूप दिया जाएगा जिसमें रेल रोको आंदोलन शामिल होगा। इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित कंपनी की होगी।

न्यूज गैलरी

1 मार्च को ब्राम्हण समाज नारी प्रकोष्ठ द्वारा व्यंजन मेला का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ द्वारा आगामी 1मार्च को पुष्प मंगलम कान्यकुब्ज भवन मे नवनियुक्त अध्यक्ष शिवानी शर्मा के नेतृत्व एवं प्रांत पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में छत्तीसगढी व्यंजन मेला का आयोजन किया जा रहा है। समाज के मीडिया प्रभारी सरिता रानी शर्मा एवं ममता दीवान द्वारा उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया गया कि व्यंजन मेला मे लगभग 20स्टाल लगाए जायेंगे जिसमे मातृशक्ति द्वारा निर्मित विविध पकवान सहित विविध खाद्य सामाग्री उपलब्ध रहेगी,स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रस्तुति के साथ ही विविध रचनात्मक एवं सांस्कृतिक आयोजन भी होगा जिसमें समाज के नौनिहाल बेटियों की अहम भागीदारी रहेगी। पुष्प मंगलम कान्यकुब्ज भवन मे एक मार्च को सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजित होने वाले छत्तीसगढी व्यंजन मेला में अधिक से अधिक भागीदारी का आव्हान किया है। आयोजन को सफलतम मूर्त रुप देने के लिए तैयारियों का दौर जारी है एवं विभिन्न बैठको के माध्यम से आयोजन की रुपरेखा तैयार किया जा रहा है तथा सामाजिक जनों के बीच आयोजन को लेकर भरपूर उत्साह नजर आ रहा है,अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शिवानी शर्मा एवं प्रांत पदाधिकारियों तथा वरिष्ठ सदस्यों द्वारा बैठकों का दौर जारी है।

बर्ड वॉक आयोजन में मिले 54 प्रजातियों के पक्षी

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा भाटापारा में पहली बार ग्रेट बैकयार्ड बर्ड काउंट के तहत एक बर्ड वॉक का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राचार्य के निर्देशानुसार प्राणीशास्त्र विभाग एवं ईको क्लब द्वारा आयोजित किया गया। बर्ड काउंट इंडिया श्रीमती रेखा कश्यप की नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय कैम्पस एवं भाटापारा शहर में आने वाले विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों का डॉक्यूमेंटेशन करना और उनकी गिनती कर वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कराना था। बर्ड वॉक महाविद्यालय के कैम्पस से प्रारंभ किया गया तथा शहर के विभिन्न स्थानों पर भी बर्ड वॉक किया गया। इसमें कुल 54 प्रजातियों के पक्षियों का अवलोकन किया गया, जिसमें वार्बलर, सन्बर्ड, बार्वेड, बी-ईटर, किंगफिशर, शैलों, नीलकंठ, कोयल, ग्रेड-कोकल, सैंड-पाइपर्ल, तितर, मैंना, रोबिन, चैट, थ्रर्स, बाज, शिकरा, बुलबुल, टेलरबर्ड, गौरेया, ब्लेकदरोगा आदि पक्षी मुख्यत: दर्ज किये गये है। इस प्रकार वैश्विक बर्ड काउंट में महाविद्यालय का योगदान दर्ज हुआ। यह आयोजन जैव-विविधता संरक्षण और जन-जागरूकता के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इस बर्ड वॉक में महाविद्यालय के हरिहर खाण्डे, डॉ. सुनीता पटेल, आयुशी गुप्ता, गीता साहू, लक्ष्मी साहू, लेखनी साहू, हीरा साहू, नीशा वर्मा, दिव्या, शहिल, गिरवर, ने इस बर्ड वॉक में सम्मिलित रहकर सफल बनाया।

15 थाने- चौकियों में जमा की जाएंगी सामग्री, 115 परीक्षा केंद्रों में संपन्न कराया जाएगा परीक्षा

10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए केन्द्राध्यक्षों को वितरण किया गया गोपनीय सामग्री

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षाएं 20 फरवरी से शुरू होने जा रही है। यह परीक्षा जिले के 115 केंद्रों में आयोजित होंगी। परीक्षा के लिए आज गोपनीय सामग्री का वितरण किया जा गया है। जिला मुख्यालय की समन्वय केंद्र स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल में जिले की परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष पहुंचे। बता दें कि इस साल 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा जिले के 115 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी, जिसमें 2 हाईस्कूल और 113 हायर सेकंडरी स्कूल के केन्द्र शामिल हैं। समन्वय केंद्र पहुंचे केंद्राध्यक्षों को यहां प्राप्त परीक्षा सामग्री में उपस्थिति पत्रक, मार्कशीट, अभिरक्षा पंजी क्रमांक एक एवं दो, चेक लिस्ट क्रमांक एक एवं दो, चेतावनी पोस्ट, महत्वपूर्ण दिशा निर्देश, परीक्षा टाइम टेबल व सीलबंद प्रश्न पत्र दिए जा रहे हैं। यहां से सभी विकासखंडों के परीक्षा केंद्रों को गोपनीय सामग्री का वितरण किया जा रहा है। परीक्षा प्रभारी एनके सिन्हा ने बताया कि यहां से गोपनीय सामग्रियां जिले 115 केंद्र से संबंधित 15 थाने / चौकियों में जमा की जाएंगी। पुलिस की सुरक्षा में इन सामग्रियों को केंद्राध्यक्षों द्वारा अधिगृहीत 13 बसों के माध्यम से समन्वय केंद्र से संबंधित थानों में जमा कराया जाएगा। उन्होने बताया इस वर्ष जिले के 115 परीक्षा केंद्रों में 10वीं एवं 12वीं के कुल 23 हजार 563 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। जिसमें 10 वीं के 12 हजार 839 व 12वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 10 हजार 724 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए जिला स्तर पर पांच उड़नदस्ता दल बनाए गए हैं। एक उड़नदस्ता दल में चार कर्मचारी होंगे। इसी प्रकार तहसील स्तर पर भी पांच दल, प्रत्येक दल में चार कर्मचारी होंगे ,जो परीक्षा के समय निगरानी करेंगे।

इस वर्ष 1889 परीक्षार्थी अधिक

शिक्षा विभाग के अनुसार इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में कुल 23563 (नियमित/ प्राइवेट) विद्यार्थी हिस्सा लेंगे, जिसमें 10वीं के 12839 व 12वीं के 10724 शामिल हैं। जबकि पिछले साल कुल 21674 ने परीक्षा दी थी। जिसमें 10वीं में 12515 एवं 12वीं में 9132 शामिल हुए थे। इस बार गत वर्ष की अपेक्षा 1889 परीक्षार्थी अधिक शामिल होंगे। इनमें 10 वीं में 324 और 12 वीं में 1592 छात्र- छात्राएं अधिक हैं।

इस बार दस दिन पहले शुरू होगी परीक्षा : माध्यमिक शिक्षा मंडल, छत्तीसगढ़ ने इस वर्ष सीबीएसई पैटर्न का अनुसरण करते हुए 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी एक महीने पहले ही जारी कर दी थी। वहीं गत वर्षों में अमूमन उक्त परीक्षाएं 1 मार्च से शुरू होती थी ,जो अब 10 दिन पहले ही शुरू हो रही है। मालूम हो कि शिक्षण सत्र 2025-26 में 10 वीं की परीक्षा 21 से और 12 वीं की 20 फरवरी से शुरू हो रही है। जिसमें जिले के लगभग 23 हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

महाकाल की बारात में शामिल हुए भाजपाई

महासमुंद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर वार्ड-14 गंजपारा से महाकाल की बारात भव्य बाजे गाजे आतिशबाजी के साथ निकाली गई। शिव की बारात में नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, युवा नेता जय तंबोली, साहिल गुप्ता आदि शामिल हुए। इस मौके पर आयोजक समिति की सराहना करते हुए नपाउपाध्यक्ष राठी ने कहा कि देवों के देव महादेव पूरे संसार में व्याप्त हैं। उनके बिना कोई भी कार्य संपन्न नहीं होता। महादेव व माता पार्वती के विवाह की आज शुभरात्रि है।

आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 3 मार्च तक आवेदन आमंत्रित

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद (ग्रामीण) एकीकृत बाल विकास परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत जोगीडीपा के आंगनबाड़ी सहायिका का 01 पद रिक्त होने पर ई-भर्ती पोर्टल के माध्यम से 16 फरवरी 2026 को ऑनलाइन विज्ञापन जारी किया गया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बताया कि इस पद के लिए इच्छुक एवं पात्र महिला अभ्यर्थी 17 फरवरी से 03 मार्च 2026 तक ई-भर्ती पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सभी योग्य आवेदिकाओं से निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की गई है।

169 बच्चों के पोषण की हुई जांच

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में बच्चों के पोषण स्तर में सुधार एवं कुपोषण को समाप्त करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 से 18 फरवरी तक वजन त्योहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहरी परियोजना अंतर्गत यतियतन लाल वार्ड में आज वजन त्योहार एवं विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षद श्रीमती सुनैना ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया तथा उनका वजन एवं ऊंचाई मापी गई।

शिविर के दौरान उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि नियमित वजन मापन से कुपोषण की पहचान समय पर की जा सकती है, जिससे बच्चों को बेहतर पोषण एवं देखभाल मिलती है। उन्होंने न्योता भोज को जनसमुदाय से जोड़ने की अपील करते हुए समाज की सहभागिता को आवश्यक बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है, जिससे परिवार के पोषण स्तर में भी सुधार संभव है। शिविर में कुपोषित एवं अत्यंत कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें विशेष पोषण आहार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा से जोड़ने की प्रक्रिया की गई। वहीं गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आयरन, कैल्शियम एवं अन्य पोषक तत्वों के सेवन की सलाह दी गई।

बाबा बैद्यनाथ मंदिर का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

विधायक अजय चन्द्राकर ने पूजा अर्चना कर मांगी कुरूद के लिए सुख समृद्धि

कुरूद/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर कुरूद में बाबा बैद्यनाथ जी के मंदिर स्थापित करने का सौभाग्य मिला, मेरे परिवार वालो को और कुरूद वासियों को बाबा बैधनाथ जी के दर्शन से मनोवांछित फल अवश्य प्राप्त होगें, इस भाव के साथ कुरूद नगरपालिका के मनोरम स्थल केनाल रोड भारत रत्न डा.एपीजे अब्दुल कलाम गार्डन के पास इस मंदिर का नवनिर्माण किया गया है, तीन दिनों के पुजा के पश्चात महाशिवरात्रि उत्सव बोल बम सेवा समिति द्वारा मनाया गया, उत्सव के दौरान मंदिर परिसर मे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसका भरपुर लाभ कुरूद नगरवासियों और श्रद्धालुओं ने लिये, बोल बम सेवा समिति अध्यक्ष भानु चंद्राकर ने सबको इस विशाल मंदिर के लिए एवं आक्सीजोन गार्डन परिसर का अध्यक्ष निधि से जिर्णोद्धार कर और भी मनोरम बनाने प्रकृति के अनुरूप कुरूद वासियों को स्थल प्राप्त होने के लिए हार्दिक बधाईयां दी। उन्होंने कहा कि बाबा बैद्यनाथ जी-मैया पार्वती जी आप सबके मनोरथ पुरी करेंगे। कुरूद नगर में नवनिर्मित श्री बैद्यनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर।

निर्माणाधीन गौधाम में पार्थिव शिवलिंगों का हुआ रुद्राभिषेक

- **नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा सपत्नीक हुए शामिल**

भाटापारा/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के अवसर पर रविवार को नगर के निर्माणाधीन गौधाम में इस वर्ष आस्था, एकता और सामाजिक समरसता का अनूठा संगम देखने को मिला। यहाँ नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं पार्षदगणो ने सम्मिलित होकर पार्थिव शिवलिंगों का सामूहिक रुद्राभिषेक किया । वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न इस अनुष्ठान में नगर के युवाओं व श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा की महाशिवरात्रि के पर्व पर पार्थिव शिवलिंग में सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक कर छत्तीसगढ़ एवं भाटापारा की सुख-समृद्धि व जनकल्याण की कामना की एवं उन्होने विश्वास व्यक्त किया कि निर्माणाधीन गौधाम भविष्य में धर्म सेवा और गौसंरक्षण का केंद्र बनेगा। उन्होंने आगे कहा की यह आयोजन हमारी धार्मिक संस्कृति और परंपरा का एक प्रतीक है। भाटापारा नगर सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता की समृद्ध परंपराओं के लिए जानी जाती है। हमें विश्वास है कि यह आयोजन नगर की धार्मिक चेतना को सुदृढ़ करने के साथ-साथ सामाजिक एकता और सामूहिक सहभागिता को भी सशक्त करेगा। इस अवसर पर नगर के विकास, जनकल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना भी की गई, जिससे यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रहकर जनहित और नगर की प्रगति का संकल्प भी बन गया, जिसने समृद्ध भाटापारा बनाने के हमारे संकल्प को एक नई उर्जा और दिशा भी दी है। इस दौरान नगर के अन्य स्थान मा शीतला परिवार, श्री ज्ञान गंगा गणेश उत्सव समिति, महासती वार्ड, स्टेशन वार्ड, सुभाष वार्ड स्थित शिव मंदिर, के.के. वार्ड (करनी ट्रेडर्स), मुंशी स्माइल वार्ड सहित ग्राम टिकुलिया, तरपोंगा तथा टोहड़ी घाट में आयोजित विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी नपा अध्यक्ष नेभाग लिया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति कुंजराम कोशले संतीश तलरेजा देवेंद्र साहू मनीष मिश्रा दशरथ साहू पार्षदगण संतीश साहू भुवनसिंग ठाकुर ,रामशिला लिकेश साहू ठाकुर राम साहू ,लैनी योगेश अनंत,मोंटू ध्रुव गोवर्धन डहरिया, मनीष पंजवानी चंद्रकांत खूंटे बब्बू मंधान ,चंद्र शेखर चक्रधरी बंटी टंडन

पत्रकार मुकेश शर्मा आशीष टोडर,गौ सेवक अभिषेक मिश्रा, साकेत उपाध्याय, आकाश पांडेय, रिया मिश्रा, अनिल यादव, गद्धू, खुमेंद्र साहू, धरम शर्मा, सौरभ कामरी,सहित गौ सेवक सपरिवार उपस्थित थे...

महाशिवरात्रि पर जय भोले कांवरिया संघ ने निकली शिव की बारात

- **रात्रि में हुआ रुद्राभिषेक कार्यक्रम**

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जय भोले कांवरिया संघ द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशाल शोभा यात्रा शिव बारात के रूप में निकाली गई जिसमें नगर के हर आयु वर्ग व समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।शिव बारात महासती मंदिर से प्रारंभ हो नगर के प्रमुख मार्गो में भ्रमण कर नगर पालिका स्थित महाकाल मंदिर तक बड़े ही उत्साह उमंग के साथ निकली जिसमें बैंड बाजे, ढोल,डीजे की धुन में हरगोपाल शर्मा,हरीश शर्मा,गिरधर महाराज,प्रकाश शर्मा,राम जी जोशी,पलास शर्मा,विख्यात अरोरा,सौरभ गुप्ता एवं अन्य भजन गायकों द्वारा गाये भजनों में भक्तों का विशाल समूह झूमते नाचते शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे शिव बारात में नगर विधायक इंद्र साव भी अपने साथियों त्रिलोक सलूजा,कमल ठाकुर,विक्की ठाकुर,नरेंद्र भूषणियां सहित सम्मिलित हो सभी की कुशलता की कामना भगवान से की। शोभायात्रा का नगर की समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जगह जगह स्वागत कर भगवान शिव की पूजा की गई । विशाल शोभा यात्रा में एक रथ में भगवान महाकाल की सुंदर झांकी लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर

रही थी वहीं दूसरे रथ में भगवान शंकर व नंदी के सुंदर स्वरूप में सजे पात्रों ने लोगों का मन मोह लिया दोनों रथों के आगे विभिन्न भेषभूषा में सजे भगवान के गण नाचते गाते चल रहे थे बारात में सम्मिलित होने नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित हुए । शोभा यात्रा के उपरांत रात्रि 8 बजे से 108 जोड़ों के द्वारा भगवान शंकर का रुद्राभिषेक आचार्य जितेंद्र महाराज व पंडित हरगोपाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में पदमा रिजॉर्ट में सम्पन्न हुआ जो कि अपने आप में एक अद्भुत आयोजन रहा जिसमें भाटापारा शहर के अलावा बलौदा बाजार से भी श्रद्धालु पहुंचे व भगवान का अभिषेक कर सकल विश्व की मंगलकामना की ।मंच का कुशल संचालन रवि गुप्ता द्वारा किया गया । उक्त आयोजन में समिति के वरिष्ठ सदस्य बृजकिशोर अग्रवाल (पप्पी), विपिन अग्रवाल,रवि गुप्ता, प्रकाश शर्मा, राम जी जोशी, मुकेश बालानी, मोनू मल, दिनेश सोनी, नंदन शर्मा, प्रमेन्द्र भृगु, दिनेश सचदेव, दीपक मल, शिवाकांत मिश्रा, रोशन हबलानी, रविन्द्र जैन शामिल हुए।

पेज तीन का शेष

एसडीएम ने 3 युवकों संग...

और टीम ने उन्हें रोका। पूछताछ के बाद टीम के सदस्यों ने लाठी, डंडे और लात-घूंसे से पिटाई की। पिटाई के बाद तीनों को जबरन गाड़ी में बैठाकर कुसमी ले जाया गया। रास्ते में बुजुर्ग राम नरेश राम की हालत बिगड़ गई और वह बेहोश हो गए।

इलाज दौरान एक की मौत, दो घायल भर्ती: तीनों को कुसमी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां इलाज के दौरान राम नरेश की मौत हो गई। अजीत उरांव और आकाश अगरिया अभी भी उपचाररत हैं। घटना के बाद अस्पताल और थाना परिसर में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

एसडीएम सहित चार लोग हिरासत में: घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने एसडीएम करूण डहरिया, नायब तहसीलदार पारस शर्मा और उनके साथ मौजूद युवकों को हिरासत में लिया है। एफआईआर दर्ज किया गया है। बलरामपुर एडिशनल एसपी विश्वदीपक त्रिपाठी भी जांच के लिए मौके पर पहुंचे हैं। अंबिकापुर से फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।

अवैध उत्खनन और ब्लैकमेलिंग की थी सूचना: सूत्रों के अनुसार हंसपुर गांव में अवैध बक्साइट उत्खनन चल रहा था और ग्रामीणों द्वारा एक ट्रक पकड़कर ब्लैकमेलिंग की कोशिश की जा रही थी। इसी सूचना पर एसडीएम की टीम मौके पर पहुंची थी। बताया गया कि अधिकारी बिना सुरक्षाकर्मियों के और निजी युवकों के साथ वहां पहुंचे थे, जिससे विवाद और बढ़ गया।

मामले ने बढ़ाई तनाव की स्थिति, जांच जारी: घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। पुलिस ने एहतियातन बल तैनात किया है। राजपुर थाने में एसडीएम, तहसीलदार और अन्य आरोपियों को रखा गया है। जल्द ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

लाल आतंक पर फोर्स...

मैगजीन और 28 जिंदा एसएलआर कारतूस बरामद किए गए।

वर्ष 2024 से 2026 तक पुलिस की प्रमुख उपलब्धियां

मुठभेड़ में मारे गए माओवादी- 31

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली- 29

जब्त ग्रेडेड हथियार- 31

अन्य हथियार- 42 (कुल 73)

जब्त नकद राशि- 62,50,000

बरामद इलेक्ट्रिक डेटोनेटर- 304,

नॉन-इलेक्ट्रिक डेटोनेटर- 22

आईईडी बम- 14

कोर्डेक्स वायर- लगभग 114.49 मीटर

बीजीएल सेल- 57

कवर्धा में दिनदहाड़े कट्टे...

को घेरकर पकड़ लिया, जबकि अन्य दो आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपियों की ग्रामीणों ने पिटाई करने के बाद उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। पुलिस ने जिले के सरहदी क्षेत्रों में नाकेबंदी कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार लूट की वारदात में शामिल आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले बताए जा रहे हैं। फिलहाल आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की प्रक्रिया जारी है।

लाइसेंस फीस में कटौती...

हो सकेगी। अधिकारियों का कहना है कि सुरक्षा और अनुशासन बनाए रखने के लिए लाइसेंस की शर्तें सख्त रखी गई हैं।

समय और बिक्री पर सख्त नियम: नीति के अनुसार बार संचालन के समय में कोई बदलाव नहीं किया गया है। बार सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक ही संचालित होंगे। प्रीमियम श्रेणी (एफएल-3 और एफएल-4) के बार में 750 रुपये से कम कीमत वाले क्वार्टर की बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। अन्य बार में भी 1140 रुपये से कम कीमत की बोतल की बिक्री की अनुमति नहीं होगी।

गांजा तस्कर से अवैध...

पर पुलिस को गांजा का पौधा और करीब 300 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

13 साल के बेटे को पकड़कर ले आई पुलिस

इस दौरान पुलिस की टीम गांजा तस्कर के 13 साल के बेटे को पकड़ कर थाने ले आई। नाबालिग को देखकर टीआई नरेश चौहान ने उसे पकड़ने का कारण पूछा, जिसके बाद उन्होंने नाबालिग को छोड़कर उसके पिता को पकड़ने के निर्देश दिए।

बेटे को छोड़ने के बहाने अवैध वसूली : बताया जा रहा है कि टीआई के कहने पर हवलदार प्रकाश दुबे और आरक्षक सोमेश्वर ने नाबालिग बच्चे को छोड़ दिया। लेकिन, इस बहाने उन्होंने तस्कर के परिवारवालों से अवैध वसूली कर ली।

विधायक रोहित साहू के प्रयासों को मिली सफलता, आगामी भविष्य के लिए वरदान साबित होगी योजना

राजिम कुंभ : विष्णुदेव साय ने संगम के कायाकल्प के लिए दिया ऐतिहासिक तोहफा

■ **संगम पर बनेगा बैराज, नौका विहार से बढ़ेगा पर्यटन विकास**

राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की धर्मनगरी और छग के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम को अब उत्तरप्रदेश के प्रयागराज की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 के समापन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं को ऐतिहासिक सौगात देते हुए संगम तट पर बैराज निर्माण की घोषणा की। इस परियोजना का उद्देश्य राजिम को राष्ट्रीय स्तर के धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री के इस घोषणा के साथ ही वर्षों से चली आ रही श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों की मांग पूरी हो गई है। इस बैराज के निर्माण से राजिम के त्रिवेणी संगम में अब बारहों महीने जलभराव की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इससे पूर्व गर्मी के दिनों में नदी का जलस्तर काफी कम हो जाता था, लेकिन बैराज बनने से श्रद्धालु वर्षभर पवित्र स्नान का लाभ उठा सकेंगे। यह जल संरक्षण और जल प्रबंधन की दिशा में राज्य सरकार की एक शानदार पहल है।

राजिम का विकास तीर्थराज प्रयाग की तरफ पर होगा : रोहित साहू

विधायक रोहित साहू ने चर्चा में बताया कि बैराज बनने से राजिम में पर्यटन विकास को नए पंख लगेंगे। नदी में स्थायी रूप से जलभराव रहने से यहाँ बोटिंग और नौका विहार की स्थायी सुविधा विकसित होगी साथ ही वाटर स्पोर्ट्स की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और राजिम आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि गंगा की तर्ज पर महानदी का पुनरुद्धार होगा और जिस प्रकार प्रयागराज में नदियों के संगम पर जल का उचित प्रबंधन और पर्यटन बुनियादी ढांचा विकसित किया गया है ठीक उसी तर्ज पर राजिम का भी विकास होगा। संगम के आसपास रिवर फ्रंट, सुंदर घाटों का निर्माण और प्रकाश की व्यवस्था भी की जाएगी। इससे छत्तीसगढ़ का प्रयाग कही जाने वाली राजिम की आध्यात्मिक गरिमा और बढ़ेगी। इसके अलावा भविष्य में आयोजित होने वाले राजिम कुंभ कल्प के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने में आसानी होगी। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में विकास की नई परिभाषा गढ़ रही है। जब से प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है तब से डबल गति से विकास कार्यो की स्वीकृति मिल रही है। मुख्यमंत्री के इस महत्वपूर्ण घोषणा से राजिम की आध्यात्मिक गरिमा में अभिवृद्धि होगी और इसकी वैश्विक पहचान भी बढ़ेगी। राजिम का विकास राजिम की गरिमा और जनभावनाओं के अनुरूप हो इसके लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे की तर्ज पर हमारी सरकार पूरे प्रदेश को संवारने में लगी है इसी क्रम में राजिम को नई सौगातें लगातार मिल रही है।

इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू महानदी का संरक्षण भी है। गंगा पुनरुद्धार की तर्ज पर ही महानदी पुनरुद्धार एवं संरक्षण अभियान को इस बैराज निर्माण से अत्यधिक बल मिलेगा। इससे नदी की स्वच्छता और अविरलता बनी रहेगी। संगम तट पर स्थाई गंगा आरती घाट का निर्माण भी किया जाएगा जिससे वर्षभर प्रतिदिन महानदी मैया की आरती का आयोजन होगा।

विधायक रोहित साहू के प्रयासों को मिली सफलता

राजिम विधायक रोहित साहू ने इस बैराज निर्माण के लिए पिछले एक वर्ष से अधिक समय से लगातार मुख्यमंत्री के समक्ष प्रमुखता से बात रखी थी तथा उनके बजटीय प्रावधान स्वीकृत करने हेतु मांग करते रहे। उनके निरंतर प्रयासों और क्षेत्र के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के परिणामस्वरूप ही राजिम को यह बड़ी सौगात मिल सकी है।

50 लाख की लागत से बनेगी धर्मशाला

राजिम कुंभ कल्प में देश-विदेश से आने वाले साधु-संतों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री ने एक और महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने साधु-संतों के विश्राम हेतु राजीव लोचन मंदिर के समीप 50 लाख रुपए की लागत से एक आधुनिक धर्मशाला के निर्माण की मंजूरी दी है। इससे राजिम कुंभ कल्प के अलावा वर्षभर राजिम आने वाले साधु संतों को स्थाई विश्रामालय की सुविधा प्राप्त होगी तथा वर्षभर साधु संतों का राजिम में जमावड़ा बना रहेगा। विधायक रोहित साहू ने इन सौगातों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। राजिम तथा आसपास के क्षेत्रवासी विधायक रोहित साहू के इन सदप्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना कर रहे हैं।

136 गाँवों को मिलेगा पेयजल और किसानों को लाभ

बैराज निर्माण का सीधा लाभ न केवल धार्मिक और पर्यटन विकास को बल्कि स्थानीय निवासियों को भी मिलेगा। इस परियोजना से 136 गाँवों के लिए पेयजल सुविधा सुनिश्चित होगी। यहां से 136 गांवों को भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पेयजल सुविधा प्रदान की जाएगी। साथ ही आस-पास के क्षेत्रों में भू-जल स्तर में सुधार होगा, जिससे कृषि कार्यों में भी व्यापक सहायता मिलेगी। यह पहल आगामी भविष्य के कई पीढ़ियों के लिए वरदान साबित होगा और इस महत्वपूर्ण परियोजना से वर्षों तक क्षेत्रवासियों को लाभ मिलता रहेगा।

राजिम कुंभ मेला-स्थल को और अधिक सुव्यवस्थित व भव्य बनाएंगे : मुख्यमंत्री

राजिम/नवप्रदेश। राजिम के त्रिवेणी संगम तट स्थित नवीन मेला मैदान, राजिम-चौबेबांधा में आयोजित राजिम कुंभ कल्प 2026 का भव्य समापन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने मुख्य मंच पर भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। अपने उद्बोधन की शुरुआत उन्होंने भगवान श्री राजीव लोचन, कुलेश्वर महादेव, राजिम दाई, छत्तीसगढ़ महतारी और भारत माता के जयघोष के साथ की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राजिम की पावन भूमि, जहां महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों का दिव्य संगम होता है, सदियों से तप, त्याग और आध्यात्मिक चेतना की साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि राजिम को छत्तीसगढ़ का प्रयाग कहा जाना इसकी आध्यात्मिक गरिमा को दर्शाता है। उन्होंने महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव त्याग, साधना और सेवा के प्रतीक हैं और उनका संदेश आज के समय में संतुलन, संयम और समर्पण का मार्ग दिखाता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु आवागमन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए।

उन्होंने घोषणा की कि आने वाले वर्षों में राजिम कुंभ मेला-स्थल को और अधिक सुव्यवस्थित एवं भव्य बनाया जाएगा तथा इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित आध्यात्मिक आयोजन के रूप में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने प्रदेशवासियों से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और युवा पीढ़ी को परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का विराट उत्सव है।

जिला एवं पुलिस प्रशासन ने जताया आभार

राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प का भव्य और गरिमामय समापन महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। त्रिवेणी संगम की पुण्य धरा पर आयोजित इस आध्यात्मिक महापर्व में प्रदेश सहित देशभर से आए लाखों श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह के सफल आयोजन के लिए गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, मेला आयोजन समिति के सदस्यों ने कहा कि संत-महात्माओं के सानिध्य, श्रद्धालुओं की आस्था और जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशासन ने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने में योगदान देने वाले सभी विभागों, अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस के जवानों, सुरक्षा बलों, स्वास्थ्यकर्मियों, स्वच्छता कर्मियों, विद्युत एवं जल आपूर्ति विभाग, परिवहन सेवाओं, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संगठनों तथा स्थानीय नागरिकों के प्रति साधुवाद एवं हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

भूतेश्वरनाथ में महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का सैलाब

स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन-पूजन व जलाभिषेक के लिए उमड़ी भीड़

जीवन एस.साहू



गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद से तीन किमी दूर स्थित भूतेश्वरनाथ महादेव मे महाशिवरात्रि के अवसर पर हजारो की संख्या मे भोले के भक्तो ने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं का तांता भूतेश्वरनाथ धाम मे लगा रहा। जहां शिव भक्तो ने जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक कर भगवान शिव का पूजन किया। इसके पूर्व महाशिवरात्रि को लेकर सप्ताह भर पहले ही भंडारे, पार्किंग, पेयजल, छोटे व्यवसायियो के लिए जगह आंबटन सहित अन्य सारी व्यवस्थाओ को लेकर भूतेश्वरनाथ समिति एवं ग्रामीणो ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा तय कर ली थी। जिसके अनुरूप सारी व्यवस्थाएं संचालित होती रही।

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के अवसर पर गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, देवभोग, फिंगेश्वर, राजिम सहित गरियाबंद से लगे महासमुंद, धमतरी, रायपुर तथा दुर्ग,भिलाई, राजनांदगांव इत्यादि जिलो से लोग भगवान शिव के दर्शन को यहां पहुचे। नगर के दुर्गा मंदिर से लेकर गांधी मैदान, शारदा चैक, तहसील आफिस से होते हुए भूतेश्वरधाम तक लोगो की भीड़ देखने को मिली जिसमे भक्तो को नगर से भूतेश्वरनाथ तक लाने ले जाने के लिए छोटे वाहन की नि:शुल्क व्यवस्था वाहन संचालको द्वारा की गई थी साथ ही साथ शिवभक्तो द्वारा जगह जगह ठंडा पानी और शरबत भी दर्शन करने आए लोगो को पिलाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण मे श्रद्धालुओं के लिए रामायण पाठ और धार्मिक कार्यक्रमो का भी आयोजन किया गया।था। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस जुटी रही। विश्व प्रसिद्ध भूतेश्वनाथ शिवलिंग की ख्याति पूरे देश मे होने के चलते हर वर्ष शिवरात्रि के अवसर पर दर्शनार्थियो की भीड़ लगातार बढ़ती ही जा रही है।

सांकरा के मानस सम्मेलन में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

नगरी/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम सांकरा में आयोजित मानस सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम बन गया। शिवभक्ति के इस महापर्व पर गांव ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी हजारों श्रद्धालु सम्मिलित हुए और पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

मानस सम्मेलन में श्रीरामचरितमानस के मधुर पाठ और भावपूर्ण व्याख्या ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन मंडलियों ने भगवान शिव और श्रीराम के गुणगान से ऐसा आध्यात्मिक वातावरण निर्मित किया कि श्रोता देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे।

विद्वान रामयणी कथावाचकों ने महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व आत्मशुद्धि, संयम और भक्ति का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि शिव और राम का संबंध अद्भुत है—शिव स्वयं राम के अनन्य भक्त हैं और राम शिव की महिमा का गान करते हैं। इस संदेश ने उपस्थित जनसमूह को गहरी आध्यात्मिक प्रेरणा दी।

महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों की बड़ी संख्या में भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल बनाया। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण और जलपान की उत्तम व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा और व्यवस्था भी सुचारु रही।

ग्राम सांकरा का यह मानस सम्मेलन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का भी संदेश दे गया। महाशिवरात्रि की इस पावन बेला पर उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब यह दर्शाता है कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं की जड़ें आज भी उतनी ही मजबूत हैं। मानस सम्मेलन समिति के उपाध्यक्ष गिरवर भंडारी, फुलचंद साहू, सचिव नागेन्द्र बोरझा सरपंच, सहसचिव छगन साहू, कोषाध्यक्ष तीरथ साहू, हरीश साहू उपसरपंच सांकरा,आजीवन संरक्षक राजू पटेल, साधु राम साहू, मंच संचालक गजेंद्र सोनबोईर, भूपेश बनपेला, लव साहू, सहित मानस सम्मेलन का सफल संचालन हेतु ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज आदिदेव बूढ़ादेव महापर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज, उपक्षेत्र बोधसेमरा द्वारा आदिदेव बूढ़ादेव की पावन पूजा-अर्चना कर महापर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री आत्माराम नेताम (सरपंच) रहे, जबकि अध्यक्षता श्री नारद राम ध्रुव ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में सुरेश ध्रुव, चंद कुमार ध्रुवंशी, सुरेश नेताम, हुलेश्वर ध्रुव (ग्राम पटेल), श्रीमती शशिकला नेताम, आरती ध्रुव, लीलावती, पुष्पा ध्रुव, सेतबंधु मरकाम, सखा राम मरई, टाकेश ध्रुव, पुरंजन नेताम, हेमलाल मरकाम, संतोष ध्रुव, अर्जुन नेताम, बिसाहू राम मरई सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। जिसमे पूजा-अर्चना के उपरांत समाज के बच्चों एवं युवाओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। पारंपरिक गीत-नृत्य और लोक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम स्थल पर पूरे दिन उत्सव का वातावरण बना रहा। वही आयोजकों ने बताया कि यह महापर्व समाज की सांस्कृतिक परंपराओं, आस्था और एकजुटता का प्रतीक है। आयोजन को सफल बनाने में ग्रामीण सगा समाज का विशेष योगदान रहा।

जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक आज

महासमुंद/नवप्रदेश। शासन द्वारा गठित जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक 17 फरवरी 2026 को समय-सीमा बैठक के पश्चात जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह अध्यक्षता में संपन्न होगी।

बैठक में जन्म-मृत्यु पंजीयन योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का निराकरण एवं संबंधित एजेंसियों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

बेलरगांव में सार्वजनिक शौचालय बदहाल

■ **स्वच्छ भारत मिशन की मंशा पर उठ रहे सवाल**



नगरी/नवप्रदेश। आदर्श राष्ट्रीय गौरव ग्राम पंचायत बेलरगांव में निर्मित सार्वजनिक सुलभ शौचालयों की स्थिति इन दिनों अत्यंत दयनीय बनी हुई है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच की प्रवृत्ति समाप्त करने और ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया था, किंतु बेलरगांव में इनका अपेक्षित लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

आप पास के कुछ ग्रामीणों के अनुसार पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर बनाए गए सार्वजनिक शौचालय कई वर्षों से मरम्मत के अभाव में जर्जर स्थिति में हैं। कहीं टंकी टूटी हुई है तो कहीं दरवाजे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। कुछ स्थानों पर तो लोग अस्थायी रूप से पर्दा लगाकर उपयोग करने को विवश हैं। कई शौचालय पूर्णतः बंद पड़े हैं, जिससे स्वच्छता अभियान की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में आमजन की सुविधा के लिए बनाए गए ये सामुदायिक स्वच्छता परिसर वर्तमान में अनुपयोगी साबित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विवाह, नहावन या अन्य पारिवारिक आयोजनों के दौरान बाहर से आने वाले मेहमानों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है, जिससे असुविधा के साथ-साथ संक्रामक बीमारियों के फैलने का भी खतरा बढ़ रहा है। सरकार की मंशा थी कि प्रत्येक गांव स्वच्छता के क्षेत्र में मिसाल बने, किंतु पंचायत स्तर पर देखरेख और मरम्मत के अभाव में यह उद्देश्य अधूरा नजर आ रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र मरम्मत कार्य प्रारंभ कर शौचालयों को सुचारु रूप से चालू कराने की मांग की है। इस संबंध में सरपंच से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के बैठक निर्माण कार्य के संबंध चर्चा हुआ है तथा मेला समाप्त होने के पश्चात निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाएगा। अब देखना यह होगा कि ग्राम पंचायत प्रशासन कब तक ठोस पहल कर स्वच्छ भारत मिशन की भावना के अनुरूप इन शौचालयों को पुन:करते है।

सिविल अस्पताल बोरई में डॉक्टर न मिलने पर फूटा जनआक्रोश, रातभर शव रखकर धरना प्रदर्शन

■ **सुबह को मेन रोड पर चक्का जाम कर प्रदर्शन करते हुए**

नगरी/नवप्रदेश। नगरी ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में एक बार फिर ग्रामीणों का आक्रोश देखने को मिला। पूरा मामला बोरई थाना क्षेत्र का है, जहां सड़क हादसे में एक युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिसमे प्राप्त जानकारी के अनुसार, खिलोली निवासी युवक अनित विश्वकर्मा बीती रात बोरई से घुटकेल मार्ग पर सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। दुर्घटना के बाद वह गंभीर अवस्था में सड़क पर पड़ा रहा। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा घायल युवक को तत्काल बोरई सिविल अस्पताल पहुंचाया गया।

परिजनों एवं ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल पहुंचने पर वहां कोई भी स्टाफमौजूद नहीं था, जिसके कारण समय पर उपचार नहीं मिल सका और युवक की मृत्यु हो गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल के मुख्य द्वार पर पूरी रात धरना दिया। आज सुबह जैसे ही घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई, बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। आक्रोशित लोगों ने अस्पताल के सामने बोरई-नगरी मार्ग स्थित स्टेट हाईवे पर चक्काजाम कर दिया तथा अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।घटना की सूचना मिलते ही नगरी के प्रभारी एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी विपिन रंगारी एवं बीएमओ सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और ग्रामीणों से चर्चा की।

देविका दास एवं लक्ष्मण नामदेव के माइक संचालन को लोगों ने सराहा, विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव परिवर्तन हुआ संपन्न

युवाओं में शिक्षा का प्रसार होने से शिक्षा की नींव होगी मजबूत : दिनेश जांगड़े

भटगांव /नवप्रदेश। नगर भटगांव के विवेकानंद पब्लिक स्कूल में वार्षिकोत्सव परिवर्तन कार्यक्रम शिक्षा, संस्कार और संस्कृति का सुंदर संगम व प्रतिभा का भव्य सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवेकानंद पब्लिक स्कूल परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा। जहां कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य व छाया विधायक डां.दिनेश लाल जांगड़े, नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे, उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज सिंह दीक्षित, महामंत्री श्यामलाल साहू, रेवती चंद्रा, नोडल प्रीतम भारद्वाज, संकुल समन्वयक विजय साहू रहे। वहीं कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के तैल चित्र में पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरूआत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गीत एवं सरस्वती वंदना ने समूचे वातावरण को भाव विभोर कर दिया। वार्षिकोत्सव के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा नृत्य, गीत, नाटक, समूह नृत्य एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, आत्मविश्वास एवं अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। बच्चों की मनोहारी प्रस्तुतियों को उपस्थित जनों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा, साथ ही शैक्षणिक, खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वहीं कार्यक्रम के बीच में सभी अतिथियों को मंच पर एक साथ बुलाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य व छाया विधायक डां.दिनेश लाल जांगड़े ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने स्कूली बच्चों को से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान स्थापित करें।

कार्यक्रम मे इनकी रही उपस्थिति

जहां इस अवसर पर कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता सोमनाथ केशरवानी, नयन दास महिलांगे महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष तुलसी आदित्य, सेजेश स्कूल के अध्यक्ष सुरेश रघु, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अहिर यादव, जिला मंत्री किसान मोर्चा रमेश साहू, पूर्व महामंत्री फूलचंद जायसवाल, रविन्द्र सिंह बनाफर, रामकृपाल पटेल, कमल पटेल, गुलशन महिलाने, गोपाल, पूर्व पार्षद राजेश सिदार के साथ साथ विवेकानंद पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर रूकमनी आदित्य, प्रिंसिपल नरेश पटेल, वाईस प्रिंसिपल किरन पटेल, मुस्कान सिंह राजपूत, सुकृता प्रधान, हेमलता साहू, भगवती यादव, मनीषा आदित्य, निर्मला अजगल्ले, तिलोत्तमा चंद्रा, साधना महंत, सीमा दुबे, विकास भारद्वाज, निखिल दीनकर सहित गणमान्य नागरिक, पालकगण व नगरवासी हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। वहीं पूरे कार्यक्रम का संचालन नेशनल डांसर एवं एंकर देविका दास एवं लक्ष्मण नामदेव ने किया।

कांग्रेसी 18 को करेंगे कलेक्टर कार्यालय का घेराव

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के अंतर्गत 18 फरवरी को कलेक्टर कार्यालय का घेराव व धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। रैली दोपहर 1 बजे जिला कांग्रेस कार्यालय महासमुंद से कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगी। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से व्ही - जीराम-जी विधेयक को तत्काल वापस लेने तथा मनरेगा योजना को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की आवाज बुलंद की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर को शासन के नाम ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और श्रमिकों के लिए जीवनरेखा के समान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के मूल स्वरूप से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा, 20 मार्च तक चलेगा, कुल 15 बैठकें होंगी

विजन-2047 पर फोकस, ज्ञान-गति के बाद इस बार भी बजट का नया थीम होगा : चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार का बजट 24 फरवरी को विधानसभा में पेश किया जाएगा। इसकी जानकारी वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने दी है। उन्होंने बताया कि राज्य विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है और अगले दिन 24 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। ज्ञान-गति के बाद इस बार भी नए थीम के साथ बजट पेश किया जाएगा

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि इस बार का बजट महिलाओं, युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है। इसमें सभी वर्गों को ध्यान रखा गया है। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि बजट के माध्यम से प्रदेश के विकास को गति मिले और जनहितकारी योजनाओं को और मजबूत किया जाए। बता दें कि, बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा जो 20 मार्च तक चलेगा। इस दौरान कुल 15 बैठकें होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल रमेन डेका सदन को संबोधित करेंगे। उनके अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र की शुरुआत होगी। राज्यपाल अपने संबोधन में सरकार की नीतियों, उपलब्धियों और आगे की योजनाओं की जानकारी देंगे। बजट सत्र के दौरान राज्य सरकार वित्तीय वर्ष के आय-व्यय का विवरण सदन में पेश करेगी। इसके साथ ही विकास कार्यों, जनहित से जुड़े मुद्दों और सरकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा होगी।

इस बार के बजट की सबसे खास बात यह होगी कि सभी विभागों की गैर जरूरी योजनाओं की राशि में कटौती की जाएगी।

इंफ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट पर फोकस

बताया जा रहा है कि बजट 2026-27 में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट पर फोकस किया जाएगा। छोटे और मंझोले शहरों में खेल मैदान और यातायात के लिए रिंग रोड बनाने के प्रावधान आ सकते हैं। इसके अलावा नवा रायपुर के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा लगाई जाएगी।

मिनी इंडोर स्टेडियम का निर्माण

नगर पंचायत पखांजूर में खेल परिसर की स्थापना की जाएगी। दुलदुला में मिनी इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। वहीं दुर्ग के पहली बटालियन में बनाए गए इंडोर स्टेडियम के साथ ही अन्य कामों को पूरा करने के लिए एक करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा। जबकि सारंगढ़ के इंडोर स्टेडियम के नवीनीकरण के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

गर्मी बढ़ी, रायपुर में पारा 33 डिग्री के करीब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम ड्राई बना हुआ है। ठंड का असर भी कम होता दिखाई पड़ रहा है। इस समय दिन में गर्मी और सुबह-शाम हल्की ठंड का असर बना हुआ है। वहीं पिछले 4-5 दिनों के भीतर राज्य के औसतन तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इसके अलावा मौसम में कोई विशेष बदलाव नहीं हुआ है। अगले 7 दिन यही ट्रेंड जारी रहने का अनुमान है। पिछले 24 घंटों में प्रदेश का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 32.9एष्ट रायपुर और सबसे कम न्यूनतम तापमान 9.8एष्ट अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। राज्यभर में बारिश के आंकड़े शून्य रहे। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर और पेंड्रा में दिन का तापमान सामान्य से करीब 2-3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया है, जिससे दिन में गर्मी बढ़ गई है। फिलहाल, कोई सिनॉप्टिक सिस्टम एक्टिव नहीं है। हालांकि, आने वाले कुछ दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में सुबह के समय हल्की धुंध छाए रहने की संभावना है।

महाराष्ट्र मंडल में हुई महाकाल की भस्म आरती

रायपुर/नवप्रदेश। महाशिवरात्रि पर महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में 48 जोड़ों ने आचार्य चेतन दंडवते के मार्गदर्शन में सामूहिक रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर पहली बार मंडल में बनाई गई बाबा महाकाल की प्रतीकात्मक प्रतिमा की भस्म आरती की गई। वहीं महिला प्रमुख ज्योति कान्हे के मार्गदर्शन में 11 महिलाओं की टीम ने उत्साह के साथ रुद्र पाठ किया। महाराष्ट्र मंडल के सचिव और कार्यक्रम प्रमुख आचार्य चेतन दंडवते ने बताया कि लगातार 23 वर्षों से पूजा में बैठने वाले उषा-उदय बेड़ेकर और 20 वर्षों से लगातार शामिल सोनाली- सौनील शिंगवेकर, अर्चना-आनंद मोड़क और सुरभि- सुनील गनौदवाले का शाल-श्रीफल और सूत की माला से सम्मान किया गया। पूजा संपन्न कराने में योगेश दंडवते, अजय पोतदार, शचिंद्र देशमुख, सृजन दंडवते, विनोद राखुंडे, अभिषेक बक्षी, पंकज सराफ, अतुल गद्रे ने सहयोग प्रदान किया। वहीं मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, कार्यकारिणी सदस्य परितोष डोनगांवकर, निरंजन पंडित, रेणुका पुराणिक, वरिष्ठ सभासद अनिल कालेले, प्रशांत देशपांडे, मदन तोपखानेवाले, अरविंद जोशी, सुबोध टोले सहित अनेक पदाधिकारी भी पूजा में शामिल हुए। ज्योति कान्हे, आराधना शेष, रूपाली लोखंडे, रीता लोखंडे, सुचिता काले, स्वाति परमाले, दमयंति देशपांडे, विशाखा तोपखानेवाले, प्राची गनोदवाले, अपर्णा देशमुख, अल्पना मोहदीवाले।

धनसिंह के परिवार का सपना हुआ पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) से कोंडागांव जिले के नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 8 के निवासी श्री धनसिंह हिडको के पक्के मकान सपना पूरा हुआ। उन्होंने बताया कि वर्षों तक अपने परिवार के साथ एक कच्चे

मकान में निवास करता था। हर मौसम अपने साथ नई परेशानी लेकर आता था। बारिश के दिनों में छत से पानी टपकता था, कच्ची दीवारों से नमी रिसती थी और हर साल छत की मरम्मत में मेहनत और पैसा दोनों लगते थे। ऐसे हालात में परिवार की सुरक्षा और बच्चों का भविष्य चिंता का विषय बना रहता था। उन्होंने बताया कि मेरी पत्नी की हमेशा यह इच्छा थी कि हमारा भी एक पक्का घर हो, जहाँ हम सुरक्षित और सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। लेकिन एक सामान्य किसान के लिए पक्का मकान बनवाना केवल एक सपना ही था। तभी वार्ड में मुनादी और शिविर के माध्यम से उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली, जिसके तहत शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों को पक्के मकान निर्माण के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। धनसिंह ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया और सभी प्रक्रियाएँ पूरी कीं। जब स्वीकृति मिली तो उनकी पत्नी की आँखें खुशी से नम हो गईं। धीरे-धीरे निर्माण कार्य शुरू हुआ और कुछ ही समय में उनके सपनों का पक्का घर तैयार हो गया।

भारतीय निर्वाचन आयोग ने वार्षिक खेल सप्ताह 2026 का शुभारंभ किया

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय निर्वाचन आयोग ने आज दिल्ली के कॉमनवेल्थ गेम्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अपने वार्षिक खेल सप्ताह 2026 के उत्सव की शुरुआत की। मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित किया और आज सुबह कार्यवाही को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अपने संबोधन में, मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पारदर्शिता, ईमानदारी और निष्पक्षता जैसे मूल्य जो खेलों को परिभाषित करते हैं, वही उन चुनावी प्रक्रियाओं को भी परिभाषित करते हैं जिन्हें ECI कायम रखता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सप्ताह भर चलने वाले इस उत्सव के दौरान खेल आयोजनों में पूरे उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। संबोधन के बाद, श्री ज्ञानेश कुमार ने ÷रन फॉर डेमोक्रेसी÷ (लोकतंत्र के लिए दौड़) थीम के तहत 100 मीटर की महिला दौड़ को हरी झंडी दिखाई। इस वर्ष के वार्षिक खेल सप्ताह के उत्सव का विषय (थीम) मैदान पर सद्भाव, लोकतंत्र में शक्ति (Harmony on the field, Strength in Democracy) है।

हमारा लक्ष्य विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना : साय

- **भाजपा प्रदेश कार्यालय में संयुक्त मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक सम्पन्न**

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शासन की योजनाओं और 'मोदी की गारंटी' की सफलताओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सक्रिय हों। हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक 'विकसित भारत' की संकल्पना को पूरा करना है। सच्ची सेवा भावना के साथ हमें एक शक्तिशाली और समृद्धशाली भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री साय ने सोमवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संयुक्त बैठक की प्रदेश कार्यसमिति बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके देशभर में 14 करोड़ कार्यकर्ता और प्रदेश में 60 लाख सदस्य व 80 हजार सक्रिय कार्यकर्ता हैं। युवा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुँचना हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि हमें जनता को इन योजनाओं के बारे में बताना है और इससे लोगों का जुड़ाव सीधे हम तक होगा। पीएम जन-मन योजना के माध्यम से 24 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान से जनजातीय क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है। राज्य की नई उद्योग नीति की देश-विदेश में सराहना हो रही है।

मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा किया

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने मात्र दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है। 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी। आज हर पंचायत में औसतन 300 मकान बन रहे हैं और 10 लाख से ज्यादा परिवारों का गृह प्रवेश हो चुका है। छत्तीसगढ़ में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है। होली के पहले 25.24 लाख किसानों के खातों में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि जमा की जाएगी। इसी प्रकार महिला सशक्तीकरण के दृष्टिगत 'महतारी वंदन योजना' के तहत 70 लाख से अधिक माताओं को प्रति माह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं। तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए पारिश्रमिक, भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपए सालाना दिए जा रहे हैं।

राष्ट्र प्रथम की भावना और सेवा-समर्पण से ही बनेगा विकसित भारत : जम्वाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन की शक्ति और आगामी लक्ष्यों का रोडमैप सामने रखा और कहा कि पार्टी आज न केवल देश की, बल्कि विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है, लेकिन हमारा वास्तविक लक्ष्य भारत को शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर और 'विश्वगुरु' बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तेजी से प्रगति कर रहा है। हमारा संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है। इस यात्रा में हर कार्यकर्ता का योगदान अनिवार्य है। आज केंद्र की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँच रहा है।

आरटीई की राशि बढ़ाने शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

- **स्कूल-संघ ने प्राथमिक में 7 से 18 हजार, माध्यमिक में 11,500 से 22 हजार करने की मांग**

रायपुर/नवप्रदेश। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति (कंपनसेशन) राशि बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को पत्र लिखकर प्रतिपूर्ति राशि में बढ़ोतरी की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि पिछले 13 वर्षों से प्रतिपूर्ति राशि में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। इस संबंध में हाईकोर्ट बिलासपुर में दायर याचिका क्रमांक WPC 4988/2025 पर 19 सितंबर 2025 को दिए गए आदेश में कोर्ट ने छह माह के भीतर मांगों पर निर्णय लेने को कहा है। एसोसिएशन ने मांग की है कि प्राथमिक कक्षाओं के लिए प्रति विद्यार्थी/प्रति वर्ष राशि 7,000 रुपए से बढ़ाकर 18,000 रुपए की जाए। माध्यमिक कक्षाओं में 11,500 रुपए से बढ़ाकर 22,000 रुपए किया जाए। हाई और हायर सेकेंडरी की अधिकतम सीमा 15,000 रुपए से बढ़ाकर 25,000 रुपए तय की जाए। साथ ही बढ़ी हुई राशि पिछले तीन वर्षों से प्रभावी करने की भी मांग की गई है। एसोसिएशन ने अपने पत्र में तर्क दिया है कि पिछले 13 वर्षों में अन्य क्षेत्रों में वेतन और खर्चों में भारी वृद्धि हुई है। उदाहरण देते हुए बताया गया कि 2012 में विधायक का मासिक वेतन लगभग 45 हजार रुपए था, जो 2025-26 में बढ़कर करीब 1.60 लाख रुपए हो गया। इसी तरह आईएएस और अन्य ग्रेड के अधिकारियों के वेतन में भी दोगुनी-तिगुनी वृद्धि हुई है।

मंत्री नेताम 20 को करेंगे समीक्षा बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम की अध्यक्षता में 20 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान सेक्टर-24 अटल नगर, नवा रायपुर के सभाकक्ष में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इस आशय का पत्र आयुक्त कार्यालय द्वारा प्रदेश के सभी सहायक आयुक्तों, प्राचार्यों और प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा भवन निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को जारी कर दिया गया है।

रायपुर में पिस्टल लेकर घूम रहा युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पंडरी थाना इलाके में पुलिस ने पिस्टल लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से एक पिस्टल और खाली मैग्जीन बरामद हुआ है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपी का नाम पुरानी बस्ती निवासी नंदू शर्मा बताया जा रहा है। नॉर्थ जोन पुलिस उपायुक्त मयंक गुर्जर ने बताया कि, 15 फरवरी को सूचना मिली थी कि पंडरी इलाके के भिक्षुक केंद्र के पास एक युवक पिस्टल लेकर घूम रहा है। हुलिए के आधार पर युवक को रोका गया। पूछताछ और तलाशी लेने के दौरान पिस्टल, खाली मैगजीन मिली।

कचरे के ढेर में पिस्टल मिलने की दी सूचना

पुलिस की पूछताछ में नंदू शर्मा ने कचरे के ढेर से पिस्टल मिलने की बात स्वीकार की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, युवक आदतन अपराधी है। पहले भी हत्या करने और मारपीट केस में जेल जा चुका है। पुलिस अब आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई कर रही है।

राज्यपाल के गोद ग्राम टेमरी का ग्रामीणों ने किया भ्रमण

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका की पहल पर लोकभवन की गतिविधियों से जनसामान्य को जोड़ने के उद्देश्य से लोकभवन का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के ग्राम टेमरी के जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों के सदस्यों और अन्य ग्रामीणों ने सरपंच श्री शिवमूर्ति कोसले और विहान स्व-सहायता समूहों की प्रमुख गीता बंजारे के साथ आज लोकभवन का भ्रमण किया। लोकभवन परिसर स्थित छत्तीसगढ़ मंडपम, उदंती परिसर, कन्हार परिसर, डिस्पेंसरी, सचिवालय की विभिन्न शाखाओं और हरे-भरे उद्यान का भ्रमण कराया गया और इन स्थानों के संबंध में उन्हें विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। ग्रामीणों ने परिसर में स्थापित तोप का भी अवलोकन किया यह वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान उपयोग में लाया गया था।

युवा किसान ने धान छोड़ विकसित किया नवाचार मॉडल

- **रेतीली नहीं सामान्य जमीन पर तरबूज ले रहे, ड्रिप-मल्चिंग और पॉली हाउस तकनीक से खेती**

रायपुर/नवप्रदेश। सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के गोमर्डा अभयारण्य के अंतर्गत ग्राम रामटेक के 19 वर्षीय किसान अनिल पटेल ने पारंपरिक धान की खेती से अलग हटकर सब्जी आधारित उन्नत मॉडल विकसित किया है। कम उम्र में ही उन्होंने फसल चयन, तकनीक और जल प्रबंधन को जोड़कर ऐसा प्रयोग

किया, जो क्षेत्र के किसानों के लिए उदाहरण बन रहा है। रेतीली जमीन पर लगने वाली तरबूज की फसल वे सामान्य जमीन पर ले रहे हैं। वहीं ग्राफ्टेड बैंगन का भी उनका प्रयोग सफल रहा है। अनिल ने तीन वर्ष पहले 1 एकड़ में ग्राफ्टेड बैंगन की खेती से प्रयोगात्मक शुरुआत की, जो सफल रही। दूसरे वर्ष अदरक, बैंगन, मिर्च और खीरे की खेती की। उनकी आय तीन वर्षों में ही बढ़कर 15 लाख रुपए तक पहुंच गई। लगातार सफल प्रयोग को देखते हुए उन्होंने सब्जी का रकबा बढ़ाकर 5 एकड़ कर दिया है। 3 एकड़ में ड्रिप-मल्चिंग तकनीक से मिर्च, 1 एकड़ में खीरा और 1 एकड़ में तरबूज की खेती की जा रही है। एक एकड़ में पॉलीहाउस भी स्थापित है। इस सीजन में अब तक 180 क्विंटल मिर्च की बिक्री हो चुकी है। आमतौर पर तरबूज की खेती नदी-नालों के किनारे रेतीली मिट्टी में की जाती है, लेकिन अनिल ने सामान्य कृषि भूमि में ड्रिप-मल्चिंग पद्धति से तरबूज लगाकर नवाचार किया है। एक एकड़ में 30 टन तक उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। अभयारण्य क्षेत्र में होने के कारण गांव चारों ओर जंगलों से घिरा है, जिससे वातावरण में प्राकृतिक नमी बनी रहती है। लगभग 70 फीट जलस्तर और 25 डिसमिल में बनाए गए खेत तालाब से वर्षभर सिंचाई संभव है।

सल्का नवागांव उद्वहन सिंचाई योजना के लिए 7.15 करोड़ स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़-शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा बिलासपुर जिले के विकासखण्ड-कोटा अंतर्गत केंदा व्यपवर्तन योजना की नहरों सुदृढ़ीकरण एवं लाईनिंग कार्य के लिए 3 करोड़ 22 लाख 73 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं।

योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर योजना का रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 1093 हेक्टेयर में 663 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। विकासखण्ड-कोटा के अंतर्गत सल्का नवागांव उद्वहन सिंचाई योजना के मुख्य नहर के जीर्णोद्धार एवं माईनर नहरों में सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग कार्य हेतु 3 करोड़ 92 लाख 48 हजार रुपये स्वीकृत किये गये हैं। इस योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने पर रूपांकित सिंचाई क्षेत्र 1214 हेक्टेयर में 836 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो जायेगी।

प्रदर्शन : संगठित भ्रष्टाचार और कर्मचारियों के वेतन घोटाले का आरोप, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

आबकारी भवन में आगजनी के विरोध में यूथ-कांग्रेस का प्रदर्शन

- **ऑडिट से ठीक पहले जलीं अहम फाइलें, भ्रष्टाचार और वेतन घोटाले का आरोप**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के लाभांडी स्थित आबकारी भवन में लगी आग की घटना को लेकर आज यूथ कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। संगठन ने आबकारी विभाग में संगठित भ्रष्टाचार और कर्मचारियों के वेतन घोटाले का आरोप लगाते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंपने का ऐलान किया है। यूथ कांग्रेस नेताओं का कहना है कि विभाग में लंबे समय से वेतन कटौती और वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें सामने आ रही थी। अब आग की घटना के बाद संदेह और भी गहरा हो गया है। संगठन का कहना है कि वे प्रशासन से सवाल करेंगे कि कर्मचारियों के वेतन में कटौती किसके आदेश पर की गई और कटे हुए पैसे का हिसाब कहां है।

बीते शनिवार देर रात आबकारी भवन की तीसरी मंजिल पर अचानक आग लग गई थी। इसी मंजिल पर आबकारी निगम का महत्वपूर्ण कार्यालय संचालित होता है। आग लगने से विभाग की कई अहम फाइलें और दस्तावेज जलने की सूचना सामने आई है।

जानकारी के अनुसार जिस सेक्शन में आग लगी, वहीं सोमवार से निगम के आय-व्यय से जुड़ा ऑडिट प्रस्तावित था। शनिवार को पूरे दिन ऑडिट की तैयारियों के चलते अधिकारियों और कर्मचारियों की आवाजाही बनी रही, लेकिन रात में कार्यालय बंद होने के कुछ समय बाद ही आग भड़क उठी। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार आग की शुरुआत ऑडिट से जुड़े कक्ष से हुई। दमकल विभाग के पहुंचने तक रिकॉर्ड रूम को भारी नुकसान हो चुका था और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज जलकर नष्ट हो गए।

यूथ कांग्रेस की मांग

इस घटना के विरोध में यूथ कांग्रेस आज प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करेगी। संगठन का कहना है कि आग की घटना के पीछे किसी साजिश की भी संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

शॉर्ट सर्किट की आशंका

जांच जारी प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस और एफएसएल टीम मामले की जांच कर रही है।

भाजपा में प्रशासनिक आतंकवाद चरम पर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बलरामपुर जिला के कुसमी के मृतक किसान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एसडीएम सहित सभी दोषियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज करने एवं मृतक किसान के परिवार को एक करोड़ रुपया मुआवजा देने एवं घायलों का उचित ईलाज कराने व घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा भाजपा सरकार में प्रशासनिक आतंकवाद चरम पर है। खनिज तस्करों को भाजपा सरकार का खुला संरक्षण है। प्रशासनिक अधिकारी तस्करों को रोकने के बजाय खनिज तस्करी का विरोध कर रहे लोगों के साथ मारपीट कर रहे है, उन्हें जख्मी कर रहे है, उनकी हत्या कर दी जा रही है।

लेबनान में इजरायल के ड्रोन हमलों में चार लोगों की मौत

बेरू(वार्ता)। लेबनान के पूर्वी क्षेत्र में सीरिया से लगी सीमा पर एक गाड़ी को निशाना बनाकर किये गये इज़रायली ड्रोन हमले में चार लोग मारे गये। लेबनान की सरकारी समाचार एजेंसी ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि रविवार रात हुए हमले की जगह के पास के गांवों में ज़ोरदार धमाकों की आवाज़ सुनी गयी। एजेंसी ने बताया कि नागरिक सुरक्षा टीमों ने गाड़ी के अंदर लगी आग बुझाई और चार लाशें निकालीं। अभी तक इज़रायली सेना ने इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

आरबीआई में निकली ग्रेजुएट्स के लिए शानदार भर्ती

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने वर्ष 2026 में सहायक (Assistant) के 650 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इस भर्ती के लिए स्नातक (Graduation) उत्तीर्ण उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 16 फरवरी 2026 से शुरू होगी और 8 मार्च 2026 तक जारी रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि के भीतर आधिकारिक वेबसाइट rbi.org.in के माध्यम से अपना आवेदन पत्र ऑनलाइन भर सकते हैं।

भारत-अमेरिका से समझौते से कपास किसानों को होगा बड़ा नुकसान: कांग्रेस

नई दिल्ली(वार्ता)। कांग्रेस ने भारत-अमेरिका के बीच हाल में हुए व्यापार समझौते पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नजरअंदाज कर यह समझौता किया है और इससे खासकर कपास किसानों को बड़ा नुकसान होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में इस समझौते से देश के कपड़ा उद्योग पर गंभीर प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है।

फरीदाबाद में बड़ा हादसा

फरीदाबाद/ए. । हरियाणा के फरीदाबाद स्थित मुजेसर इलाके में एक निजी कंपनी में सोमवार शाम को हुए एक भीषण हादसे में 30 से अधिक कर्मचारी झुलस गए। कंपनी में मेटल शीट कटिंग का काम होता है।

यूएस महंगाई डेटा के बाद मजबूत डॉलर, सोना-चांदी में तेज गिरावट

नई दिल्ली। यूएस महंगाई के आंकड़ों के हिसाब से यूएस डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। स्ष्ट्रङ्ग गोल्ड अप्रैल फ्यूचर्स इंट्रा-डे बेसिस पर सुबह 12.30 बजे के आसपास 0.56 परसेंट गिरकर 1,55,023 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इस बीच, स्ष्ट्रङ्ग सिल्वर मार्च फ्यूचर्स 1.99 परसेंट गिरकर 2,39,501 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। जनवरी में स ष्टक्क्ष्ठ में नरमी को देखते हुए डॉलर इंडेक्स 0.10 परसेंट बढ़कर 97 पर पहुंच गया। इंडेक्स को पहले मजबूत जॉब्स डेटा से सपोर्ट मिला था, जिससे अंदरूनी आर्थिक सेहत का पता चलता था। मजबूत डॉलर ने दूसरे करेंसी होल्डर्स के लिए ग्रीनबैक-प्राइस्ड बुलियन को और महंगा बना दिया। दिसंबर में 0.3 परसेंट की बढ़ोतरी के बाद जनवरी में US CPI 0.2 परसेंट बढ़ा। सालाना आधार पर जनवरी में यूएस महंगाई 2.4 परसेंट रही, जो पिछले महीने के 2.7 परसेंट से कम है। महंगाई के आंकड़ों और नौकरियों में बढ़ोतरी से स फेड को ब्याज दरें बदलने की गुंजाइश मिल सकती है।

एक एनालिस्ट ने कहा, सोने को 1,54,000 रूपये. और 1,53,150 रूपये. पर सपोर्ट है, जबकि 1,56,800 रूपये. और 1,58,200 रूपये. पर रेजिस्टेंस है। MCX पर चांदी को 2,38,800 रूपये. और 2,32,000 रूपये. पर सपोर्ट है, और रेजिस्टेंस 2,49,100 रूपये. और 2,55,000 रूपये. पर है।

खून में नशे की गोलियां घोलकर इंजेक्शन ले रहे युवा, अब तक 35 से अधिक की मौत

सिरसा। हरियाणा में नशा अब सिर्फ आदत नहीं बल्कि ऐसा जख्म बन चुका है जिसे सिस्टम की लापरवाही और समाज की चुप्पी सींच रही है। हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि युवा नशे के लिए इंसानियत की आखिरी हदें भी पार कर रहे हैं।

पहले अपनी नसों से खून निकालते हैं। उसमें गुलाबी गोलियां घोलते हैं और फिर उसी जहर को वापस शरीर में घोल लेते हैं। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं बल्कि गांव-गांव में फैली वह सच्चाई है जिसे देखकर रूह कांप जाए। सिरसा जिले के रानियां हलके के तकरीबन छह हजार आबादी वाले गांव ओटू में जब अमर उजाला की टीम पहुंची तो ग्रामीणों ने जो दास्तान सुनाई उसने गांवों में गुपचुप तरीके से पहुंचते नशे, मौत से खेल रहे युवाओं, लाचारी में फंसे उनके बुजुर्ग मां-बाप, पत्नी व बच्चों और आंखें मूंदकर बैठे जिम्मेदारों की हकीकत सामने ला दी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28624** दिनांक **16.02.2026**
वार्ड का नाम- **67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **67** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR567D00397** जो की निगम अभिलेख श्री **KOUSHILIYA BAI** पिता / पति श्री/श्रीमती **DEV LAL MAHAR** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **RUPA NISHAD** पिता /पति श्री/श्रीमती **LACHHURAM NISHAD** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALBA-BIKRINAMA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28628** दिनांक **16.02.2026**
वार्ड का नाम- **68 - डां. खूबचंद बघेल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **68** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR567I00090** जो की निगम अभिलेख श्री **KHEDURAM DEWANGAN** पिता / पति श्री/ श्रीमती **PARASRAM** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR, DILIP KUMAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **KHEDU RAM DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **OTHERS** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28484** दिनांक **11.02.2026**
वार्ड का नाम- **40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **40** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR569B00006** जो की निगम अभिलेख श्री **SATYA DHORE** पिता / पति श्री/ श्रीमती **YUVRAJ DHORE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **DARIYAV SINGH SINGAR** पिता /पति श्री/श्रीमती **LT. FUL SINGH SINGAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28647** दिनांक **16.02.2026**
वार्ड का नाम- **44 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **44** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR739C00188** जो की निगम अभिलेख श्री **SHRIKANT VERMA** पिता / पति श्री/ श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **श्रेयांश वर्मा** पिता /पति श्री/श्रीमती **स्व. श्रीकांत वर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28629** दिनांक **16.02.2026**
वार्ड का नाम- **67 - भक्तमाता कर्मा वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **67** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR567D00527** जो की निगम अभिलेख श्री **SHANTHA GHABANE** पिता / पति श्री/ श्रीमती **RAVI GABHANE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **NAND KUMAR NAYAK** पिता /पति श्री/श्रीमती **CHAMARU NAYAK** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **MALBA-BIKRINAMA**/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. **28646** दिनांक **16.02.2026**
वार्ड का नाम- **44 - स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **44** स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR739E00057** जो की निगम अभिलेख श्री **MUKESH SAHU** पिता / पति श्री/ श्रीमती **LATE. PHOOL CHAND SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **विजय कुम्बलकर , अशोक कुम्बलकर** पिता /पति श्री/श्रीमती **हरिचंद कुम्बलकर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी । जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

" सूचना जारी करे "
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

// कार्यालय नगर पंचायत साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) //
Email Id - cmo_saja@yahoo.co.in

क्रमांक/2016/लो.नि./ न.पं./निवि.आ.सू./2025-26 साजा, दिनांक 13.02.2026

ऑनलाईन प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु ऑन लाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई - प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा सूचना
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

एन.आई.टी.क्र./ सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	योजना मद	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
185539	**वार्ड क्र. 12 में ओव्हर हैड टैंक निर्माण कार्य**	**15वें वित्त आयोग**	**40.371**	**06.03.2026**

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल (https://eproc.cgstate.gov.in) वेब साईट से डाउनलोड कर एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जल ही जीवन हैं जल है तो कल है। समस्त करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत साजा

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
2nd & 3rd floor, Sanchar Vikash Bhawan (BSNL Building), Near Head Post Office, Residency Road, Jabalpur-482001, MP

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

RC/5/2020 12-01-2026

CENTRAL BANK OF INDIA
VERSUS
M/S RATHOR ENTERPRISES

To
1. **(CD1) M/S. RATHOR ENTERPRISES**, Jawahar Market, Power House, Bhilai, Durg (C.G.)
2. **(CD2) JITENDRA KUMAR PANDEY**, Q.No. 100, Street No. 7, Sector-2, Bhilai, Durg (C.G.)-490003
3. **(CD3) C.S. RATHOR S/O N.K. RATHOR**, Q.No. 10A, Street-10, Sector-6, Bhilai, Durg (C.G.)-490003

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **06/01/2020** in **OA/852/2018** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 1707393.00 (Rupees Seventeen Lakhs Seven Thousands Three Hundred Ninety Three Only)** along with pendentelite and future interest @ **12.00%** Simple Interest Yearly w.e.f. **09/05/2018** till realization and costs of **Rs 20000 (Rupees Twenty Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **02/03/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

Specification of Property:
Freehold land bearing Khasra No.-**87** (Part) old, New Khasra No.- **87/10**, area **1500 sq.ft.**, P.H.No. **12** (as valuation P.H.No.-16), situated at Village- Khedamara, Tehsil & District-Durg (C.G.); belonging to **Shri C.S. Rathore S/o. Shri N.K. Rathore**.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **12/01/2026**.

Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल रायपुर (छत्तीसगढ़)
ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना

दिनांक 13.02.2026

निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा **"डी" श्रेणी एवं अधिक श्रेणी** के ठेकेदारों हेतु **द्वितीय निविदा** आमंत्रित की जाती है। निविदा **डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.02.2026** तक है।

एन.आई.टी क्र./ निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
NIT NO. 75 Tender No. 185492	**Boring Work for PWD Bridge Sub Division Gariyaband under PWD Bridge Division Raipur for Budget Year 25-26**	**रू. 15.46 लाख**

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। (राशि रू. 100.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पर निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र एवं न्यूनतम राशि रू. 10.00 के नान ज्यूडिशियल स्टाम पर एनेक्जर-3 का शपथ पत्र, बिड केपेसीटी उपलब्धत्ता बाबत् जानकारी एवं अन्य जानकारी एनआईटी के 2.10 में संलग्न संशोधित प्रपत्रानुसार प्रस्तुत करें।)

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेग, एवं निविदाकारो द्वारा प्रेषित मूल अभिलेख का लिफाफा में निविदाकारो का मोबाईल नंबर एवं ई-मेल आई.डी. का उल्लेख अनिवार्य रुप से करें।

Credible Chhattisgarh

अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, सेतु मंडल,
रायपुर (छ.ग.)

जी-252606695/3 **आपकी थी चाह, हमने बनाई राह**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ0ग0)
-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.- बी-121/2025-26
ग्राम - तौलीडीह प.ह.नं.- 03
जारी दिनांक- 09/02/2026
पेशी दिनांक- 18/02/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक हरेलिया बाई पति/पिता महेत्तर जाति केंवट निवासी तौलीडीह तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अपने दादा दशाराम का मृत्यु दिनांक - 18.06.2005 को ग्राम तौलीडीह में होने के कारण उनके जन्म पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अन्तर्गत 13 (3) की धारा 1 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी भी इच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित मे ठोस दस्तावेज के साथ दावा/आपत्ति नियत दिनांक- 18/02/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार/स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक- 09/02/2026 को न्यायालय मे पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ0ग0)
-: ईश्तहार :-

रा.प्र.क्र.- बी-121/2025-26
ग्राम - तौलीडीह प.ह.नं.- 03
जारी दिनांक- 09/02/2026
पेशी दिनांक- 18/02/2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक बुधराम पति/पिता आशाराम जाति केंवट निवासी तौलीडीह तहसील सरसींवा जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ0ग0) के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि अपने पिता, आशाराम का मृत्यु दिनांक - 20/07/2010 को ग्राम तौलीडीह में होने के कारण उनके जन्म पंजीयन किये जाने हेतु आवेदन पत्र जन्म और मृत्यु रजिस्ट्री अधिनियम अन्तर्गत 13 (3) की धारा 1 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध मे जिस किसी भी इच्छुक व्यक्ति या कोई संस्था को दावा/आपत्ति करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से लिखित मे ठोस दस्तावेज के साथ दावा/आपत्ति नियत दिनांक- 18/02/2026 को प्रातः 11.00 बजे इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई प्रकार की विचार/स्वीकार नही किया जावेगा।

आज दिनांक- 09/02/2026 को न्यायालय मे पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी सरसींवा**

Office of the Chief Engineer
Public Health Engineering Department
Raipur Zone Raipur
Notice for Expression of Interest

क्र.	जेम पोर्टल में ऑनलाईन बिड क्रमांक/दिनांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रूपये में)
1	2	3	4
1	GEM/2026/B/7241136	Expression of Interest (EOI) for Selection of Chartered Accountant Firms For Statutory Audit under Jal Jeevan Mission (JJM) Chhattisgarh state.	36,81,600.00

Important Events and Time Schedule - Bid Start Date **14.02.2026,** Pre Bid meeting date- **20.02.2026,** Bid Due Date- **02.03.2026,** PHY Doc. Submission last Date - **02.03.2026,**

नोट - उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://gem.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 14.02.2026 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ)
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ0ग0)

जी- 252606725/2

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल
, प्रक्षेत्र-2, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत धनसुली रायपुर, स्थित भवन **क्रमांक एल.आई.जी.-99 डॉ. अमित कुमार शर्मा पिता श्री रामकुमार शर्मा** के नाम से स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 30.12.2009 को लीजडीड पंजीकृत कर, पूर्ण मूल्य जमा कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 9883 दिसम्बर 2010 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया। वर्तमान में आबंटी **डॉ. अमित कुमार शर्मा** पिता श्री रामकुमार शर्मा निवासी 102, हनुमान मंदिर के पास खरोरा, रायपुर (छ.ग.) **के द्वारा उक्त भवन को श्री प्रदीप कुमार सिंह पिता श्री शिवराज सिंह निवासी म.क्र. 223 ग्राम हटवा, पोस्ट-प्रसावर अमिलिया साथी, मध्यप्रदेश** को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र 2, रायपुर

कार्यालय कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ0ग0)
(आदिवासी विकास शाखा)
Phone No. 07856-252441, Fax No. 07856-252441, Email: actd.dantewada@nic.in

क्रमांक/3213/आ.वि./निर्माण/डी.एम.एफ./2025-26 **दन्तेवाड़ा, दिनांक 12/02/2026,**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना
(ई-निविदा सूचना)

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से निम्नलिखित कार्यो के लिए कार्यालय कलेक्टर, (सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास शाखा) जिला दंतेवाड़ा के कार्यालय में नीचे दर्शाए गए : "B"- श्रेणी एवं इससे ऊपर श्रेणी के ठेकेदारों से प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसूची जो 01.01.2015/ ग्रामीण यांत्रिकी सेवाएं, द्वारा जारी 01.01.2021 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित एस.ओ.आर. पद्धति के तहत ई-टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है -

1. ई-निविदा प्रारंभ तिथि - **16.02.2026 /11.00 बजे से**
2. ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि/समय - **03.03.2026 / सायं 5.30 बजे तक**
3. निविदा प्रपत्र की चालान एवं अमानत राशि (एफ.डी.आर.) स्पीड पोस्ट द्वारा प्रस्तुत करनें हेतु अंतिम तिथि/समय - **09.03.2026 / सायं 5.30 बजे तक**
4. निविदा खोलनें की तिथि/समय - **11.03.2026 /11.00 बजे से**

स. क्र.	ऑनलाईन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम / स्थान का नाम	निविदा की राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में)	अमानत राशि (रूपये में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित)
1	185516	100 सीटर बालक आश्रम मदाड़ी का भवन निर्माण कार्य	212.00	3000/-	1,06,000/-	18 माह
2	185517	100 सीटर कन्या आश्रम बारसूर का भवन निर्माण कार्य	212.00	3000/-	1,06,000/-	18 माह
3	185518	100 सीटर बालक आश्रम दुधीरास का भवन निर्माण कार्य	212.24	3000/-	1,06,200/-	18 माह

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेन्ट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर में देखे जा सकते है।

जी- 252606719/8

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास, दंतेवाड़ा

5वीं-8वीं में कोई छात्र फेल नहीं होगा, पूरक परीक्षा का मिलेगा अवसर, विद्यार्थियों का मानसिक दबाव होगा कम

मुख्य परीक्षा में असफल रहने पर भी अगली कक्षा में प्रवेश, स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया स्पष्टीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरकारी, अनुदान प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में आयोजित होने वाली 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षाओं को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि चालू शैक्षणिक सत्र में किसी भी विद्यार्थी को अनुत्तीर्ण घोषित नहीं किया जाएगा। मुख्य परीक्षा में अपेक्षित अंक प्राप्त न करने वाले विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा का अवसर दिया जाएगा और यदि वे उसमें भी सफल नहीं होते हैं, तब भी उन्हें अगली कक्षा में प्रवेश प्रदान किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति का आकलन करना है, न कि उन्हें असफल घोषित करना। यह व्यवस्था विद्यार्थियों पर अनावश्यक मानसिक दबाव कम करने तथा सीखने की प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लागू की गई है।

आरटीई के बाद बदली व्यवस्था

आरटीई लागू होने के बाद कक्षा 1 से 8 तक पारंपरिक परीक्षा प्रणाली पर रोक थी। हालांकि विभिन्न राज्यों से सीखने के स्तर में गिरावट की रिपोर्ट सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने प्रावधानों में शिथिलता दी। इसके बाद राज्यों को 5वीं और 8वीं की परीक्षाएं आयोजित करने की अनुमति मिली। छत्तीसगढ़ सरकार ने इसी क्रम में पिछले वर्ष से केंद्रीकृत परीक्षा प्रणाली दोबारा शुरू की है।

मार्च से शुरू होंगी परीक्षाएं

जारी समय-सारणी के अनुसार 5वीं की परीक्षा 16 मार्च से तथा 8वीं की परीक्षा 17 मार्च से प्रारंभ होगी। इन परीक्षाओं में सरकारी एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की भागीदारी अनिवार्य की गई है।

निजी विद्यालयों की अनिवार्य भागीदारी

पिछले वर्ष परीक्षा कार्यक्रम और अधिसूचना में विलंब के कारण कई निजी विद्यालय न्यायालय पहुंचे थे। उस समय अदालत ने परीक्षा में शामिल होने का निर्णय विद्यालयों के विवेक पर छोड़ दिया था, जिससे सीमित संख्या में निजी स्कूलों के विद्यार्थी ही परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। इस वर्ष विभाग ने स्पष्ट निर्देश जारी कर सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की अनिवार्य भागीदारी सुनिश्चित की है।

मानदेय व शुल्क निर्धारण

परीक्षा संचालन एवं मूल्यांकन कार्य के लिए बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर मानदेय निर्धारित किया गया है

- 5वीं परीक्षा शुल्क: 55 रुपए प्रति छात्र
- 8वीं परीक्षा शुल्क: 60 रुपए प्रति छात्र (जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा)
- 5वीं उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन: 2 रुपए प्रति कॉपी
- 8वीं उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन: 3 रुपए प्रति कॉपी
- मुख्य मूल्यांकनकर्ता: 100 रुपए प्रतिदिन
- केन्द्राध्यक्ष: 150 रुपए प्रतिदिन

उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा के निर्देश

दिशा-निर्देशों के अनुसार मूल्यांकन पूर्ण होने के बाद उत्तरपुस्तिकाओं को सीलबंद पैकेट में विकासखंड स्तर पर तीन माह तक सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा। इसकी जिम्मेदारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपी गई है। मूल्यांकन केंद्र संकुल विद्यालयों में स्थापित किए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

कॉल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

कोरबा/नवप्रदेश। इंदिरा स्टेडियम आदर्श नगर में कॉल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ महालक्ष्मी बालको एवं यूसीए कोरबा के मध्य हुए मैच के द्वारा हुआ जिले की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट प्रतियोगिताओं में से एक में आज प्रथम मैच के दौरान अतिथि के रूप में अमरजीत सिंह, अजय प्रसाद, देव साहू, सुरेंद्र शर्मा, जीत सिंह, घनश्याम यादव, ज्ञानेंद्र मिश्रा, अमित सिंह, संजय पांडे, रंजन आर्य, अभिषेक आनंद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर टॉस कराया गया। इसमें बालकों की टीम विजेता रही इस प्रतियोगिता में कुल जिले की 14 टीम में भाग ले रही है। विजेता टीम को 41 हजार रुपए नगद एव ट्रॉफी उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए नगद एव ट्रॉफी और सभी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को 21 फरवरी फाइनल में पुरस्कृत किया जाएगा।

गर्म राख में झुलसी महिला की मौत

रायगढ़/नवप्रदेश। गाय चराने गई महिला जिंदल के राखड़ यार्ड के गर्म राखड़ की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है महिला की गाय भागते हुए यार्ड की ओर चली गई। जिसे महिला भगाने के लिए जा रही थी। इसी दौरान महिला गर्म राख में समा गई। महिला गंभीर रूप से झुलस गई। ग्रामीणों को जानकारी मिली तो महिला को राखड़ से बाहर निकाला गया। उसके परिजनों ने उसे इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां महिला का उपचार चल रहा था। 14 फरवरी को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू किया है। जानकारी के अनुसार मृतिका झूलामति राठिया पति कन्हाईराम राठिया 60 ग्राम डोंगाढकेल थाना भूदेवपुर की रहने वाली थी। विगत 9 फरवरी को सुबह गाय चराने के लिए जिंदल खराब डंपिंग यार्ड की तरफगई थी। इस दौरान गाय रखड़ में चढ़ने लगी। जहां महिला गाय को उसे भगाने के लिए जब पहुंची तो गर्म राख में घुस गई। जिस पर कमर पेट सीन गंभीर रूप से झुलस गई। जिसे उपचार के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दौरान 14 फरवरी को उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है क्षेत्र में भारी मात्रा में राखड़ रखा गया है, जो पूरा पहाड़ की तरह हो गया है। यहां आसपास के गांव के लोग क्षेत्र में पहाड़ किनारे मवेशी चराने अक्सर जाते है। घटना के दिन भी ऐसा ही हुआ था। जहां गाय भागते हुए यार्ड की ओर पहुंची। जिसके पीछे महिला गई हुई थी। अचानक से गर्म राखख में समा गई और घायल हो गई। अब उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर घटना की जांच शुरू किया है।

गौ तस्करी करते तीन गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। मवेशी तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 24 मवेशियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पिकअप और बाइक जब्त किया गया है। दूसरे मामले में 14 मवेशियों को तस्करों से मुक्त कराया गया है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने बताया कि सीमावर्ती जिलों से होकर हो रही मवेशियों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार गश्त और नाकेबंदी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में 14 फरवरी की रात जोबी चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक बाइक से पायलटिंग करते हुए पिकअप में मवेशियों को भरकर तस्कर बुचड़खाना लेकर जा रहे हैं। इस पर चौकी प्रभारी एएसआई लक्ष्मी नारायण राठौर ने अटल चौक पर नाकेबंदी की। सक्ती की ओर से आ रही बिना नंबर की बाइक को रोककर बाइक सवार भूपेंद्र यादव से पूछताछ की गई। इसके बाद उसके ठीक पीछे आ रहे पिकअप को रोका गया। पिकअप को ड्राइवर पवन राम चला रहा था। उसके साथ परमेश्वर यादव था। पूछताछ में पता चला कि पिकअप में 10 मवेशियों को भरकर ओडिशा ले जाया जा रहा था। मवेशियों को मुक्त कराकर बाइक और पिकअप जब्त कर लिया गया। मामले में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6, 10, 11 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

रायपुर में 22 फरवरी का कार्यक्रम विवादों में, सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस

सनी लियोनी की नाइट डीजे पार्टी रद्द विरोध के बाद आयोजकों का फैसला

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 22 फरवरी को प्रस्तावित 'बिस्मिल की महफ़िल टेक्नो म्यूजिक पार्टी' विवादों में घिरने के बाद आयोजकों ने अभिनेत्री सनी लियोनी की उपस्थिति रद्द कर दी है। कार्यक्रम के टीजर में उनके शामिल होने की जानकारी सामने आने के बाद शहर में विरोध के स्वर तेज हो गए थे। बढ़ते दबाव को देखते हुए आयोजकों ने प्रमोशनल पोस्टर से उनकी तस्वीर भी हटा दी है।

कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सोशल मीडिया पर इसकी व्यापक चर्चा शुरू हो गई थी। जैसे ही सनी लियोनी के रायपुर आने की खबर वायरल हुई, कुछ संगठनों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। लगातार विरोध और चेतावनी के बाद आयोजकों ने स्पष्ट किया कि अब वह इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगी।

बजरंग दल का विरोध: सनी लियोनी के संभावित आगमन को लेकर बजरंग दल ने कड़ा एतराज जताया। संगठन के पदाधिकारियों ने इसे प्रदेश की संस्कृति के विरुद्ध बताते हुए कार्यक्रम रद्द करने की चेतावनी दी थी। जिला संयोजक रवि वाधवानी ने सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि ÷राम जी के ननिहाल छत्तीसगढ़ में किसी भी प्रकार की अश्लीलता स्वीकार नहीं की जाएगी।÷ उनका कहना था कि इस तरह के आयोजन सामाजिक मूल्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।

सोशल मीडिया पर बंटी राय

मामले को लेकर सोशल मीडिया पर लोग दो पक्षों में बंटे नजर आए। एक वर्ग इसे महज मनोरंजन कार्यक्रम मानते हुए विरोध को अनावश्यक बता रहा है, जबकि दूसरा वर्ग इसे सामाजिक मूल्यों के खिलाफकरार दे रहा है। विवाद बढ़ने के बीच आयोजकों ने अंततः सनी लियोनी की उपस्थिति रद्द करने का निर्णय सार्वजनिक कर दिया।

दूसरे पोस्टर से बढ़ा विवाद

विवाद उस समय और गहरा गया, जब कार्यक्रम से जुड़ा एक और पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इसमें लड़कियों के लिए फ्री एंट्री का उल्लेख था। इस पोस्टर को लेकर भी विरोध जताया गया और इसे फ्रसांस्कृतिक हमलाफ्र बताया गया। इसके बाद माहौल और अधिक गर्मा गया।

जिला प्रशासन की भूमिका पर नजर

हालांकि प्रशासन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन बढ़ते विवाद के मद्देनजर कार्यक्रम की अनुमति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पर नजरें टिकी हुई हैं। शहर में इस पूरे घटनाक्रम को लेकर चर्चा का दौर जारी है।

गेट परीक्षा में हाईटेक नकल का भंडाफोड़, छह आरोपी गिरफ्तार

मोबाइल व ब्लूटूथ इयरपीस के जरिए बाहर से मिल रहे थे जवाब, संगठित गिरोह की आशंका

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में आयोजित गेट परीक्षा के दौरान हाईटेक नकल का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें कुछ अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र के भीतर परीक्षा दे रहे थे, जबकि अन्य बाहर से इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से उत्तर उपलब्ध करा रहे थे। पुलिस के अनुसार परीक्षा केंद्र के आसपास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने के बाद निगरानी बढ़ाई गई। कार्रवाई के दौरान आरोपियों को रंगे हाथ पकड़ा गया। तलाशी में आठ मोबाइल फोन, चार ब्लूटूथ डिवाइस, तीन ब्लूटूथ इयरपीस सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। केंद्र के भीतर छिपाकर रखे गए उपकरण भी जब्त किए गए, जिन्हें कपड़ों और शरीर पर इस तरह फिट किया गया था कि सामान्य जांच में पकड़ में न आएं।

प्रश्न पढ़कर सुनाते, बाहर से मिलते थे जवाब: प्राथमिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि परीक्षा दे रहे अभ्यर्थी प्रश्नों को धीमी आवाज में पढ़कर सुनाते थे। बाहर मौजूद उनके साथी इंटरनेट व अन्य माध्यमों से उत्तर खोजकर ब्लूटूथ इयरपीस के जरिए वापस बताते थे। पुलिस का मानना है कि यह पूरी तरह सुनियोजित और तकनीक आधारित नकल का प्रयास था।

हरियाणा से जुड़े आरोपी: गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दर्शन सहवाग, सुमित सहवाग, लक्ष्मी नारायण उर्फ लकी, अमर, नरेंद्र कुमार और बंटी कुमार के रूप में हुई है। सभी आरोपी हरियाणा के निवासी बताए जा रहे हैं। जांच में संकेत मिले हैं कि यह संगठित गिरोह हो सकता है।

भाजपा के लिए राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम : पाण्डेय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा है कि भाजपा में नए पदाधिकारियों के निर्वाचन और नियुक्ति के बाद उन्हें पार्टी की कार्यशैली से अवगत कराना एक अनिवार्य प्रक्रिया है। पार्टी हर स्तर पर पदाधिकारियों को चुस्त-दुरुस्त और प्रशिक्षित करने के लिए निरंतर कार्यशालाएँ आयोजित करती है। इन प्रशिक्षणों का मुख्य उद्देश्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवाद के विचारों और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प को बूथ स्तर तक ले जाना है।

इन प्रशिक्षण कार्यशालाओं में कार्यकर्ताओं को बताया जाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक कैसे प्रभावी ढंग से पहुँचाया जाए? श्री पाण्डेय सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। भाजपा मुख्य प्रवक्ता श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा के लिए राजनीति केवल सत्ता का साधन नहीं, बल्कि विचारधारा के विस्तार और जनसेवा का माध्यम है। मिशन 2028 और चुनावी तैयारियों को लेकर श्री पाण्डेय ने कहा कि भाजपा एक जीवंत संगठन है। हमारे यहाँ एक चुनाव संपन्न होने के अगले ही दिन से आगामी चुनाव की तैयारी शुरू हो जाती है।

यह कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा केवल युद्ध काल में ही सक्रिय नहीं रहती, बल्कि हम शांति काल में भी युद्ध (संगठनात्मक समर) की पूरी तैयारी रखते हैं। बलरामपुर की घटना के परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार कर श्री पाण्डेय ने कहा कि सरकार और प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ इस मामले की जाँच कर रहे हैं।

एक महीने बाद युवती की होने वाली थी शादी, फंदे में मिली लाश

कोरबा/नवप्रदेश। एक 20 वर्षीय युवती की एक महीने बाद शहनाई बजने वाली थी लेकिन इस बीच न जाने ऐसा क्या हुआ कि युवती ने अपने घर के समीप स्थित परसा के पेड़ पर फांसी के फंदे में उसकी झूलते हुई लाश मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुलबुल निवासी देवनारायण मरावी की 20 वर्षीय पुत्री वेदमती मरावी कक्षा आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी और कुछ दिन पहले ही वेदमती की शादी पास के गांव में तय हुई थी और 8 मार्च को उसके घर में शहनाई बजने वाली थी। घर वाले उसकी शादी के तैयारी में जुट चुके थे जहां चारों तरफ खुशियां बिखर रही थी।

हाई कोर्ट ने मारपीट और लूट मामले में की एफआईआर रद्द, 5 युवाओं को राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक अहम फैसले में पुलिस थाना सिरगिट्टी में दर्ज मारपीट व लूट से जुड़ी एफआईआर को निरस्त कर दिया है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि आरोपों में प्रथम दृष्टया अपराध के आवश्यक तत्व नहीं बनते और कार्यवाही जारी रखना न्याय प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा एवं न्यायमूर्ति रविंद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने पारित किया।

क्या था मामला?: याचिकाकर्ता सुमन यादव, इंदु चंद्रा, नंद राठौर, मोहम्मद इस्लाम एवं राहुल जायसवाल के विरुद्ध 7 सितंबर 2024 को अपराध दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार 6 सितंबर की रात ग्रामीण बैंक, तिफरा के पास आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट कर सोने की चेन छीन ली। इसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धाराओं 115(2), 296, 3(5) और 304(1) के तहत अपराध

पंजीबद्ध किया गया।

याचिकाकर्ताओं ने दिए तर्क: याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि एफआईआर दर्ज करने में करीब 13 घंटे की देरी है, जो संदेह पैदा करती है। घटना के पहले याचिकाकर्ताओं द्वारा 112 नंबर पर सूचना दी गई थी और अभिव्यक्ति ऐप के माध्यम से भी शिकायत की गई थी। सीसीटीवी फुटेज भी उनके पक्ष में होने का दावा किया गया। याचिकाकर्ताओं ने इसे प्रतिशोध में दर्ज काउंटर ब्लास्ट एफआईआर बताया। वहीं, राज्य की ओर से कहा गया कि एफआईआर में संज्ञेय अपराध बनता है, जांच पूर्ण हो चुकी है और चालान पेश किया जा चुका है।

नाना के घर आया मासूम नहर में डूबने से मौत

कोरबा/नवप्रदेश। एक 9 साल का मासूम घूमने के लिए अपने नाना ने के घर आया हुआ था और अपने रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नहर में गया हुआ था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और नहर के तेज बहाव में बह गया। नहर बच्चे के लापता होते ही उसके परिजनों द्वारा उसकी खोज शुरू की गई लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस गोताखोरों के द्वारा लगातार उसकी खोजबीन की जा रही थी कि इस बीच शाम को उसका शव पड़ोसी जिले के नहर से बरामद कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार रगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कचोरा निवासी विष्णु कंवर का 8 वर्षीय पुत्र रोशन कुमार कंवर कुछ दिनों पूर्व अपने नाना नानी के घर उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तरदा आया हुआ था बताया जाता है कि रोशन कुमार रविवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने मामी व अन्य रिश्तेदारों के साथ नहाने के लिए नहर में गया हुआ था।

जागरुकता : वन विभाग और अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन द्वारा जैव विविधता संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा पर कार्यशाला

वनों के सूक्ष्म जीवों और वन संपदा को आग से बचाने का आह्वान

रायपुर/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र बीरगुड़ी के ग्राम गट्टासिल्ली कैंपस में वन विभाग एवं अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन द्वारा जैव विविधता संरक्षण एवं अग्नि सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभापति धमतरी से अजय, परिक्षेत्र अधिकारी सुरेन्द्र कुमा, ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली सरपंच तथा वन विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, वन प्रबंधन समिति के अध्यक्षगण, फायर वाचर व सुरक्षा श्रमिकों की उपस्थिति रही।

घने जंगलों में रहने वाले वनवासियों को जंगलों के जीवन, आंखों से नहीं दिखने वाले छोटे-छोटे जीवों को बचाने तथा उनकी रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। इस फाउंडेशन की संस्थापक अनुभा द्विवेदी ने इस अवसर पर विभिन्न तरीकों से ग्रामीणों को जोड़ा व बताया कि आसपास पाये जाने वाले पेड़ों की विभिन्न प्रजातियों से अच्छे-अच्छे उत्पादों का निर्माण कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए वन ग्रामों की महिलाओं को भी अब आगे आकर काम करने का समय आ गया है। उन्होंने बताया कि जैव विविधता एवं उसके महत्व, बीएमसी का सशक्तिकरण, ग्रामवसियों को विभिन्न प्रशिक्षण के लिए सतत जागरुकता विकसित करने के उद्देश्य से विशेष जन-जागरुकता अभियान संचालित किया गया है। छत्तीसगढ़ के इतिहास में गट्टासिल्ली का वनों को बचाने के लिए किए गए प्रयासों को वापस से पुनर्जीवित करने कहा।

प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने किया प्रेरित: अर्थ रिट्रीट फाउंडेशन के सह संस्थापक सिद्धार्थ द्विवेदी एवं संस्था के अन्य स्वयंसेवकों ने बताया कि संस्था किसी भी रूप से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करते हैं। छत्तीसगढ़ को प्लास्टिक फ्री बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने प्रेरणा देने के लिए स्टील की बोतल रखे छात्रा को इनाम देकर समान्नित किया। विषय विशेषज्ञ शेफाली यादव ने जैव विविधता की विस्तृत जानकारी दी। जंगल में सतर्कता बरतने तथा किसी भी वन्यजीव गतिविधि की तुरंत सूचना विभाग को देने की अपील की। ग्रामीणों ने पौधारोपण कर वन-संरक्षण का संकल्प लिया। परिक्षेत्र अधिकारी बीरगुड़ी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

वन एवं जैव विविधता पर चित्रकला स्पर्धा

शाला के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें वन एवं जैव विविधता पर विभिन्न चित्रकलाएं प्रस्तुत कर कक्षा छठवीं की छात्रा कु. सोनाली को प्रथम पुरस्कार दिया गया। इन नवाचारों के चलते ग्रामीणों की सहभागिता उल्लेखनीय रही एवं उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com